द्विभाषी राष्ट्रसेवक

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal

❖ वर्ष : 73 ❖ अंक : 02 ❖ मई, 2023

महादेवी वर्मा

(26 मार्च, 1907 – 11 सितंबर, 1987)

मैं नीर भरी दुख की बदली!

मैं नीर भरी दुख की बदली!
स्पंदन में चिर निस्पंद बसा,
क्रंदन में आहत विश्व हँसा,
नयनों में दीपक से जलते,
पलकों में निर्झरिणी मचली!

मेरा पग-पग संगीत भरा,
श्वासों में स्वप्न पराग झरा,
नभ के नव रंग बुनते दुकूल,
छाया में मलय बयार पली!

मैं क्षितिज भृकुटि पर घिर धूमिल,
चिंता का भार बनी अविरल,
रज-कण पर जल-कण हो बरसी,
नव जीवन अंकुर बन निकली!

पथ को न मलिन करता आना,
पद चिह्न न दे जाता जाना,
सुधि मेरे आगम की जग में,
सुख की सिहरन बन अंत खिली!

विस्तृत नभ का कोई कोना,
मेरा न कभी अपना होना,
परिचय इतना इतिहास यही
उमड़ी कल थी मिट आज चली!

'सांध्यगीत' से

RNI NO. ASSBIL/2009/31008 ISSN : 2321-4945

एक हृदय हो भारत जननी

द्विभाषी राष्ट्रसेवक

(भाषा, साहित्य, समाज, कला व संस्कृति विषयक शोध-पत्रिका)

UGC CARE Listed Journal

वर्ष : 73 अंक : 02 मई, 2023

परामर्श मंडल

श्री भारतभूषण महंत
कार्याध्यक्ष, असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति
गुवाहाटी (असम)

प्रो. आर.एस. सर्राजु
सम कुलपति, हैदराबाद विश्वविद्यालय
तेलंगाना-500046

प्रो. प्रदीप के शर्मा
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
सिक्किम केंद्रीय विश्वविद्यालय
काजी रोड, गंगटोक, सिक्किम - 737101

डॉ. दीपक प्रकाश त्यागी
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय
गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)

डॉ. दिलीप कुमार मेधि
प्रोफेसर, हिंदी विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

डॉ. अमूल्य चंद्र बर्मन
पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग
कॉटन विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

डॉ. अच्युत शर्मा
पूर्व अध्यक्ष, हिंदी विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी (असम)

प्रधान संपादक

डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया
मंत्री, असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

संपादक

प्रो. मोहन
हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय
दिल्ली-1

कार्यकारी संपादक

रामनाथ प्रसाद
प्रभारी साहित्य सचिव
असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी

DWIBHASHI RASTRASEWAK : A Bilingual (Hindi & Assamese) Monthly Research Journal, Focused on Language, Literature Society, Art and Culture, Partially funded by Central Hindi Directorate, Govt. of India and Published by Asom Rastrabhasha Prachar Samiti, Rupnagar, Guwahati-781032.

प्रकाशक :

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

गुवाहाटी-32

संपादकीय कार्यालय :

प्रधान संपादक, द्विभाषी राष्ट्रसेवक

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति

सेवा मंदिर पथ, रूपनगर, गुवाहाटी-32

फोन : 9101541395, 9101541380

ई-मेल : rastrasewak51@gmail.com

सहयोग राशि : ₹100/- (प्रति अंक)

शब्द संयोजन : रतिकांत कलिता

आवरण पृष्ठ : इंटरनेट से साभार

असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की ओर से मंत्री डॉ. क्षीरदा कुमार शइकीया द्वारा सराइघाट फोटो टाइप्स प्रा.लि., इंडस्टियल इस्टेट, गुवाहाटी-781021 में मुद्रित, प्रकाशित एवं प्रसारित।

सर्वाधिकार : **असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, गुवाहाटी-32**

'द्विभाषी राष्ट्रसेवक' में प्रकाशित रचनाओं के विचारों से असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्रकाशित सामग्री के उपयोग हेतु प्रकाशक की अनुमति आवश्यक है। सभी कानूनी विवादों का निपटारा गुवाहाटी न्यायालय के अधीनस्थ होगा।

विषय सूची

क्रम	विषय	लेखक	पृष्ठ

हिंदी विभाग

	संपादकीय		4
1.	हिंदी पत्रकारिता में राष्ट्रीयता की अवधारणा	✍ सुधांशु बाजपेयी	5
2.	सूफी संत साहित्य का उद्भव और विकास	✍ डॉ. सुरेश मुंढे	10
3.	कवि बेचैन कण्डियाल कृत कविता संग्रह 'राग जिंदगी का' में वर्णित सामाजिक यथार्थ	✍ डॉ. विश्वजीत कुमार मिश्र	14
4.	असमिया लोकगीतों में रामकथा का वर्णन	✍ डॉ. अर्चना हजारिका	18
5.	शोध : अर्थ, परिधि एवं प्रकार	✍ डॉ. जाकिर हुसैन	24
6.	नारी प्रेरणास्रोत : तुलसीदास खंडकाव्य	✍ तैयबुन नेशा	30
7.	मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यास 'चाक' में नारी मनोविज्ञान की अभिव्यक्ति	✍ खुराइजम बेबीरोशिनी	35
8.	कार्बी लोकसाहित्य में प्रकृति	✍ नफीसा अहमद	40
9.	हिंदी आलोचना में अभिव्यक्त दलित समाज का प्रतिबिंब	✍ अजीत कुमार	48
10.	आदिवासी साहित्यकार पीटर पॉल एक्का के कथा-साहित्य में अभिव्यक्त आदिवासी जीवन-संघर्ष	✍ पूजा पॉल	52

অসমীয়া বিভাগ

11.	মামণি ৰয়ছম গোস্বামীৰ আত্মকথা 'আধালেখা দস্তাবেজ'ৰ ভাষিক বিচাৰ	✍ বনশ্রী নাথ/ ড° উপেন ৰাভা হাকাচাম	57
12.	বৈদ্যুতিন মাধ্যমত অসমীয়া ভাষা ঃ এক ভাষাতাত্ত্বিক বিশ্লেষণ	✍ ফেঞ্চী চুতীয়া/ ড° স্বপ্নালী দাস	71
13.	লঘুত্রয়ীত প্রকৃতি ঃ এক অধ্যয়ন	✍ অৰুণ শর্মা	75
14.	কাঞ্চন বৰুৱাৰ উর্মিলাৰ চকুলো উপন্যাসৰ কলা-কৌশল ঃ এটি বিশ্লেষণাত্মক অধ্যয়ন	✍ অজিৎ কলিতা/ ড° কল্পনা শর্মা কলিতা	82
15.	ভাষিক আৰু সামাজিক-সাংস্কৃতিক প্রেক্ষাপটত মিচিং ভাষীৰ অসমীয়া ভাষা প্রয়োগত সৃষ্ট প্রতিবন্ধকতা	✍ ইন্দেশ্বৰ পেগু/ ড° ভাস্কৰজ্যোতি শর্মা	89
16.	মাজুলী সংস্কৃতিত থলুৱা লোকসকলৰ বাবে বাণিজ্যিক সম্ভাৱনা ঃ নমুনা ভিত্তিক এক চমু অধ্যয়ন	✍ সবিতা ভাগৱতী/ মাম্পি দাস	97
17.	গণিত শিকন-শিক্ষণৰ প্রতি নিম্ন-প্রাথমিক বিদ্যালয়ৰ শিক্ষকৰ মনোভাৱৰ ওপৰত এক অধ্যয়ন	✍ মুকেশ শর্মা/ ড° প্রণৱ শইকীয়া	102

संपादकीय

हमारी भाषा सशक्त और व्यापक हो

मानव को अपने मनोभावों को व्यक्त करने के लिए जिस सहज, सरल माध्यम की आवश्यकता होती है, उसे भाषा की संज्ञा प्रदान की जाती है। प्रत्येक व्यक्ति अपने भावों को व्यक्त करने हेतु किसी न किसी भाषा का सहारा लेता है। भाषा के न रहने पर न तो किसी सामाजिक परिवेश की कल्पना की जा सकती है और न सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास की। साहित्य, विज्ञान, कला, दर्शन आदि सभी का मूलभूत आधार भाषा ही है।

आज की तेज रफ्तार पकड़ती दुनिया में आधुनिक संचार माध्यमों के द्वारा संसार के भिन्न-भिन्न भू-भागों में रह रहे व्यक्तियों के मध्य की दूरियाँ दिन-प्रतिदिन घटती जा रही हैं। परस्पर संवादों में वैविध्यपूर्ण प्रयोग, बहुलता की आवृत्तियां बढ़ी हैं। प्राय: कंप्यूटर चैपिंग अथवा मोबाइल पर एसएमएस करते समय प्रयोक्ता संकेताक्षरों के प्रयोग में सजग नहीं रहते हैं। शैक्षिक कार्यों में भी विद्यार्थियों के मध्य ऐसे मनमाने प्रयोगों का प्रचलन बढ़ा है। ऐसे उच्छृंखल प्रयोगों से भाषा के मानक रूप को ठेस पहुंचती है। इस प्रवृत्ति से हमें बचना होगा। इस समस्या से हिंदी ही नहीं, संसार की अनेक भाषाएं जूझ रही हैं। अनेक देशों की सरकारों ने इस समस्या से निपटने के प्रयास प्रारंभ कर दिए हैं। हमें भी हमारी राष्ट्रभाषा, राजभाषा, मातृभाषा हिंदी के मानक स्वरूप पर ध्यान देना चाहिए और उसके सुधार के प्रयास करने चाहिए।

आज मीडिया, मोबाइल, टी.वी. जिस प्रकार भाषा का स्वरूप बिगाड़ रहे हैं, यह एक विचारणीय समस्या है, जिस पर गंभीरता से विचार करना जरूरी है। कुछ लोगों का कहना है कि हिंदी का मानक रूप बहुत क्लिष्ट है, यह विचार पूर्णत: निरर्थक है, क्योंकि हिंदी भाषा को कठिन महसूस करने की समस्या मनोवैज्ञानिक एवं भावनात्मक अधिक, वास्तविक कम है। हिंदी ध्वन्यात्मक भाषा है। हिंदी की वर्णमाला स्वर, व्यंजन तथा बारहखड़ी को याद करने के बाद हिंदी के कठिन से कठिन शब्द को भी आसानी से लिखा-पढ़ा जा सकता है। हिंदी में हम जैसा बोलते हैं, वैसा ही लिखते हैं।

हिंदी का आधुनिक स्वरूप भी, जिसे उसका मानकरूप कहा जाता है, लगभग एक हजार वर्षों की प्रक्रिया का परिणाम है। डॉ. विश्वनाथ प्रसाद का कहना है - 'विकास के साथ-साथ भाषा में व्यापकता एवं एकरूपता बनी रहती है।'

मानक हिंदी को सर्वमान्य रूप से शिक्षित, शिष्ट-समुदाय द्वारा प्रयोग में लाया जाता है। यही साहित्य, शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान, कला और संस्कृति की विभिन्न विधाओं में अभिव्यक्ति, आदान-प्रदान तथा संप्रेषण का माध्यम है। इसी के उत्थान और प्रचार-प्रसार के लिए असम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति सुदूर पूर्वोत्तर में दशकों से समर्पित है। हमारी भाषा सशक्त और व्यापक हो - इसी भावना के साथ यह अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है। आशा है, यह अंक भी सुधी पाठकों को पसंद आएगा। ❑

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

हिंदी पत्रकारिता में राष्ट्रीयता की अवधारणा

सुधांशु बाजपेयी

शोध छात्र, हिंदी विभाग
दिल्ली विश्वविद्यालय
पता : 538क/1030, त्रिवेनी नगर-2
सीतापुर रोड, लखनऊ-226020
मो. 9795227433
ई-मेल : sudhanshu.sud9@gmail.com

यद्यपि 'राष्ट्र' शब्द और विशेष भूभाग के रूप में भारतीय राष्ट्र का संदर्भ अति पुरातन वैदिक काल तक जाता है, परंतु हमारे संविधान में वर्णित राष्ट्र और राष्ट्रीयता की आधुनिक जड़ें भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में निहित हैं। हमारी राष्ट्रीयता बिल्कुल वैसी भी नहीं है जैसी यूरोप में है, क्योंकि यूरोपीय राष्ट्रीयता राजशाही/सामंतशाही के विरोध तक ही सीमित थी, परंतु भारतीय राष्ट्रीयता का मुख्य स्वर उपनिवेशवाद विरोधी है, जिसमें सामंतशाही का नकार करते हुए स्वतंत्र धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक राष्ट्र की अभिलाषा है। यह अवधारणा भी सतत विकसित हो रही होती है। 1857 तक राष्ट्र के केंद्र में दिल्ली सल्तनत के बादशाह बहादुर शाह जफर हैं, हम अपना राष्ट्र उसी रूप में बचा लेना चाहते हैं। लेकिन 1857 के बाद हम अंग्रेजों के दिखावे के ही सही समान कानूनों और विकासात्मक कार्यों से तो प्रभावित हैं, लेकिन दूसरों द्वारा शासित-दमित होने का दंश भी है, इसलिए यह दौर राजभक्ति बनाम राष्ट्रभक्ति के अंतर्द्वंद्व का है।

1905 के बंगभंग के खिलाफ स्वदेशी आंदोलन से 'स्वराज्य' के रूप में राष्ट्रीयता मुखर हो चुकी होती है और 1929 के लाहौर अधिवेशन में स्वराज मतलब पूर्ण स्वाधीनता से कम कुछ भी नहीं, राष्ट्रीयता का अभीष्ट स्पष्ट हो जाता है। 1942-46 तक हम इस अभीष्ट के लिए गांधी के आह्वान 'करो या मरो' के साथ सब कुछ झोंक देते हैं। राष्ट्रीयता का लक्ष्य स्पष्ट और भावना उद्दाम होती है। ब्रिटिश साम्राज्य समझ चुका होता है कि अब भारत को और पराधीन बनाए रखना संभव नहीं। 1946 में कैबिनेट मिशन के साथ अंतरिम सरकार और 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्र भारत की सरकार के रूप में राष्ट्रीयता का लक्ष्य साकार होता है तो राष्ट्रीय आंदोलन के साथ विकसित होती राष्ट्रीयता की अवधारणा की अभिव्यक्ति 26 जनवरी, 1950 को संविधान के रूप में होती है।

भारत में हिंदी पत्रकारिता और राष्ट्रीयता का अन्योन्याश्रित संबंध रहा है। राष्ट्रीय भावनाओं के चलते ही तमाम पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन हुआ और इन्हीं पत्र-पत्रिकाओं ने राष्ट्रीयता को जन-जन तक प्रवाहमान करने का कार्य

भी किया। पत्र-पत्रिकाएँ केवल समाचार और सूचना का माध्यम भर न थे, बल्कि वह राष्ट्रीयता और जनजागरण के संवाहक थे। पत्रकारिता, अपने देश-राष्ट्र को मुक्त-समृद्ध बनाने का मिशन थी, जिसके लिए हमारे क्रांतिकारी पूर्वज सब कुछ न्येछावर करते रहे, ब्रिटिश साम्राज्य के तमाम दमन-उत्पीड़न के बावजूद नए-नए रूपों में पत्रकारिता अहर्निश जारी रही।

भारत में पत्रकारिता के विकास के साथ ही राष्ट्रीयता की अवधारणा का भी विकास हो रहा था, जैसे-जैसे मुद्रण पद्धति आधुनिक हो रही थी, शिक्षा का विकास हो रहा था, राष्ट्रीय आंदोलन आगे बढ़ रहा था, वैसे-वैसे राष्ट्रीयता की हमारी समझ और अवधारणा भी और आधुनिक, सुस्पष्ट और विकसित हो रही थी।

हिंदी पत्रकारिता का उद्भव (1826-1867) :

देश की जिन परिस्थितियों के बीच हिंदी पत्रकारिता का निर्माण हुआ, उन पर विचार करते हुए के.एस. सेल्वेंकर कहते हैं, 'भारत पहले भी पराजित हुआ था, किंतु उन विजेताओं से जो इसी भूमि में आकर बसे और अपने को यहाँ के जीवन का अंग बना लिया (इंग्लैंड के नार्मन्स या चीन की मंचू जाति की तरह) जिससे भारत कभी भी अपनी स्वतंत्रता से वंचित नहीं हुआ, कभी गुलाम नहीं बना। मतलब यह कि वह कभी भी ऐसी राजनीतिक-आर्थिक व्यवस्था का दास नहीं बना, जिसका केंद्र कहीं अन्यत्र हो।' [1]

चूँकि अंग्रेजों के मन में भारतीय भूमि और भारतीयता के प्रति किसी प्रकार की आत्मीयता न थी, इसलिए उन्होंने पूरी निर्ममता से भारतीय भूमि-संसाधनों को लूटा। [2]

हिंदी का प्रथम पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' :

नवंबर, 1931 से पहले यह आम धारणा थी कि हिंदी प्रदेश वाराणसी से निकलने वाला राजा शिवप्रसाद सिंह का पत्र 'बनारस अखबार' (1845 ई.) ही हिंदी का प्रथम पत्र है। लेकिन 1931 में बंगला के प्राचीन पत्रों के अन्वेषी और उद्धारक ब्रजेन्द्रनाथ उपाध्याय जी ने 'विशाल भारत' में 'हिंदी समाचार पत्रों की आरंभिक कथा' लिखकर 'उदन्त मार्तण्ड' को प्रथम समाचारपत्र के रूप में प्रतिस्थापित किया।

साप्ताहिक 'उदन्त मार्तण्ड' की स्थापना 30 मई, 1826 में श्री युगल किशोर शुक्ल जी ने कलकत्ता में की थी, परंतु ग्राहकों की कमी तथा अन्य संकटों के चलते यह अल्प समय में ही 1827 ई. में बंद भी हो गया। इसी पत्र की याद में 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है।

बर्तानिया सरकार की अनुदारता तथा अत्याचार से भारतीय पीड़ित थे। ऐसे समय में राजा राममोहन रॉय ने देश में सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक सुधार आंदोलन के लिए स्वतंत्र पत्रों की आवश्यकता महसूस की। 10 मई, 1829 को कलकत्ता से चार भाषाओं अंग्रेजी, बंगला, फारसी और हिंदी में यह बंगदूत का प्रकाशन किया।

हिंदी का प्रथम दैनिक समाचार सुधावर्षण :

देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम से तीन वर्ष पहले 8 जून, 1854 ई. में कलकत्ता से ही श्यामसुंदर सेन ने पहले दैनिक 'समाचार सुधावर्षण' की नींव रखी। यद्यपि यह हिंदी-बांग्ला दोनों में प्रकाशित होता। इसके आरंभ के दो पृष्ठ हिंदी में बाकी बांग्ला में निकलते थे। यह अखबार रविवार छोड़कर पूरा सप्ताह निकलता। इसकी विषय-वस्तु समृद्ध तथा भाषा अपेक्षाकृत परिमार्जित थी। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में दिल्ली के अंतिम मुगल बादशाह ने जब 25 मई, 1857 को एक फरमान निकाला तो समाचार सुधावर्षण में उस फरमान को ज्यों का त्यों छाप दिया गया-

''खुदा ने जितनी बरकतें इंसान को अता की हैं, उसमें सबसे कीमती बरकत आजादी है। क्या वह जालिम फिरंगी जिसने धोखा देकर यह बरकत छीन ली है, हमेशा के लिए हमें उससे महरूम रखेगा? नहीं, कभी नहीं, फिरंगियों ने इतने जुल्म किये हैं कि उनके गुनाहों का प्याला लबरेज हो चुका है। अब खुदा ने हिंदुओं-मुसलमानों के दिलों में इन्हें मुल्क से बाहर निकालने की ख्वाहिश पैदा कर दी है, जल्द ही अंग्रेजों को इतनी कामिल शिकस्त मिलेगी कि हमारे इस मुल्क हिन्दोस्तान में उनका जरा भी नामोनिशान नहीं रह जायेगा।'' [3]

1857 के स्वतंत्रता संग्राम में जब भी पत्रों की भूमिका की बात की जाएगी 'समाचार सुधापर्षण' का उल्लेख अनिवर्चनीय हो जाता है। 26 मई, 1857 को उन्होनें लिखा- ऐसा आभास मिलता है कि ब्रिटिश साम्राज्य का अब अंत आ गया। विद्रोही सेना के युद्ध में दम आ रहा है और अनेक क्षेत्रों की जनता सेना में मिल रही है। [4]

श्याम सुंदरसेन दैनंदिन विद्रोही सेना और भारतीय राजाओं की प्रगति, विद्रोह और सफलताओं की खबरें लिखते, जिससे डर कर लार्ड कैनिंग ने जून, 1857 में 'प्रेस एक्ट' पारित कर लेखन मुद्रण की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाना प्रारंभ कर दिया। इस कानून के पहले मुजरिम श्यामसुंदर सेन जी ही बने। वह शिक्षा से वकील भी थे, इसलिए अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों का प्रतिवाद स्वयं न्यायालय में करने का निर्णय लिया। उन्होंने तर्क दिया कि देश के शासक के फरमान को प्रकाशित करना राजद्रोह नहीं। उस समय तक भारत का वैधानिक शासन मुगल बादशाह के ही अधीन आता था, ईस्ट इंडिया कंपनी बादशाह के नाम पर ही राजस्व वसूली करती थी। विवश होकर अंग्रेजों को समाचार सुधावर्षण से मुकदमा वापस लेना पड़ा। लेकिन इसके बावजूद बाबू श्याम सुंदर सेन लगातार राष्ट्रीय चेतना को प्रकाशित करते रहे। 1868 तक के इसके प्रमाण मिलते हैं।

हिंदी पत्रकारिता : द्वितीय उत्थान (1857-1900)

''प्रथम स्वतंत्रता संग्राम (1857) की असफलता के कारण हमारा जातीय उत्साह कुछ समय के लिए ठंडा पड़ गया और हम एक विशेष प्रकार के अवसाद और उदासी से दब गए थे।'' [5] इस दौर में स्वामी रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, स्वामी दयानंद की धार्मिक-आध्यात्मिक नवजागरण ने देश की चेतना को संभाला एवं नई दिशा दी। राजा राम मोहन रॉय, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, ऐनी बेसेंट, देवेन्द्र नाथ टैगोर आदि के धार्मिक-सामाजिक सुधार आंदोलनों ने देश की चेतना को समृद्ध किया। भावी क्रांतिकारी आंदोलन और राष्ट्रीय कांग्रेस का बीजवपन भी इसी काल में हुआ। इसी दौर में हिंदी, राष्ट्रीयता और भाषा का केंद्र ग्रहण कर रही थी। हिंदी साहित्य का यह भारतेंदु युग था, जो दरबारी संस्कृति और रीतिकालीन साहित्य के प्रति विद्रोह प्रकट कर रहा था।

भारतेंदु युग की पत्रकारिता अर्थात हिंदी के दूसरे दौर की पत्रकारिता की विवेचना करते हुए डॉ. रामविलास शर्मा लिखते हैं- ''पत्र साहित्य की परंपरा न होते हुए भी उसने थोड़े ही वर्षों में जो उन्नति की, उसका एकमात्र कारण लेखकों की धुन थी। परिस्थितियाँ कठोर (वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट) थीं, परंतु उन्होंने अपने आपको दृढ़तर सिद्ध किया। यदि उस युग के साहित्यकारों ने यह लगन और फक्कड़पन न प्रकट किया होता तो निश्चय ही वह परिस्थितियों के नीचे कुचल दिये गये होते।'' [6]

इस युग का नेतृत्व भारतेंदु हरिश्चंद्र के हाथों में था। वे स्वदेशी के आग्रही और प्रचारक थे। ''यह युग हिंदी गद्य निर्माण का युग माना जाता है। हिंदी की अनेक महत्वपूर्ण पत्रिकाओं का प्रकाशन इसी युग में हुआ।'' [7] 'कविवचन सुधा' (1867), हरिश्चन्द्र मैगनीज (1874), 'बालाबोधिनी' (1883) और 1895 में नागरी प्रचारिणी पत्रिका के प्रकाशन ने भावी पथ प्रशस्त किया। हिंदी भाषा और साहित्य को एक आकार दिया। लेकिन कलकत्ता से निकलने वाले तीन प्रमुख पत्र- भारत मित्र (1878), सारसुधानिधि (1879) और

उचितवक्ता (1880) हिंदी के इस समय के सबसे ज्यादा राजनीतिक तेजस्विता के पत्र थे। यह समय हिंदी साहित्य, पत्रकारिता और राष्ट्रीय आंदोलन में राजभक्ति बनाम राष्ट्रभक्ति के अंतर्द्वंद्व का समय था। भारतेंदु जी ने कहा है- स्वत्व निज भारत गहै-यह स्वत्व ही उस समय की राष्ट्रीयता की अभिव्यक्ति है।

20वीं सदी की हिंदी पत्रकारिता : तृतीय उत्थान : द्विवेदी युग/तिलक युग (1900-1918)

बीसवीं शताब्दी के शुरुआती वर्ष लॉर्ड कर्जन के कुकृत्यों से भरे हुए रहे।''कलकत्ता कॉपोरेशन के अधिकारों में कभी सरकारी कटौती, विश्वविद्यालयों को सरकारी निमंत्रण में लेना, जिससे शिक्षा महँगी हो गई, भारतीयों के चरित्र को असत्यमय बताना, बारह सुधारों का बजट, तिब्बत आक्रमण और अंत में बंग विच्छेद सब लॉर्ड कर्जन के ऐसे कार्य थे, जिससे राजभक्त भारत की कमर टूट गई और सारे देश में एक नई स्पिरिट पैदा हो गई।''[8] बंगभंग ने पूरे देश में गहरा आक्रोश व्याप्त कर दिया। क्रांतिकारी और कांग्रेस-दोनों ही इस आंदोलन के फलस्वरूप पूरे देश में फैल गए।

इस दौर की हिंदी पत्रकारिता राजभक्ति से पूरी तरह विरत हो गई। हिंदी साहित्य का यह द्विवेदी युग था, जो अपनी साहित्य आदर्शवादिता के लिए विख्यात है। इसका नेतृत्व स्वयं आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी कर रहे थे। 'सरस्वती (1903)' के माध्यम से उन्होंने राजनीतिक और साहित्यिक दोनों रूप में नई चेतना का सूत्रपात किया। उन्होंने ही हिंदी भाषा को परिमार्जित और परिष्कृत कर 'मानक रूप' दिया। बाबू बालमुकुन्द गुप्त के संपादन में 1899 से 'भारतमित्र' अपनी राजनीतिक चेतना को आगे बढ़ाते हुए एक नवीन भूमिका में आया। 1903 में 'भारतमित्र' में गुप्त जी द्वारा छद्म नाम से लिखे गए 'शिवशंभू के चिट्ठों' ने तहलका मचा दिया। बंगभंग के खिलाफ भी 'बंगविच्छेद' शीर्षक से 1905 में गुप्त जी ने आक्रोश व्यक्त किया।

इस दौर के अन्य प्रमुख पत्रों में पं. कालीप्रसन्न संपादित 'हितवार्ता'(1903), पं. गोविन्दनारायण मिश्र द्वारा संपादित 'सारस्वत सर्वस्व'(1903) तथा शिवचंद्र भरतीया जी द्वारा संपादित - वैश्योपकारक (1904) प्रमुख हैं। इन सभी पत्रों में भी राष्ट्रीय चेतना और जातीय स्वर प्रमुखता से मुखर हुए।

राजनीतिक रूप से इस दौर के सबसे प्रखर व्यक्तित्व लोकमान्य तिलक जी थे, जिन्होंने अपने पत्रों द्वारा पूर्ण स्वराज्य की कामना को वैचारिक आधार दिया। उनके महान उद्घोष 'स्वराज्य हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है' ने पूरे देश में 'पूर्ण स्वराज्य' की माँग को व्यापक बना दिया।

'बंग-भंग' के खिलाफ चले आंदोलन ने कांग्रेस के अंदर नए 'गरम दल' को जन्म दिया, जिसके नेता लाल-बाल-पाल की त्रिमूर्ति के रूप मे प्रसिद्ध हुए। अर्थात लोकमान्य तिलक के साथ ही विपिनचंद्र पाल और लाला लाजपतराय का नाम पूरे देश में क्रांतिकारी पंक्ति में गिना जाने लगा।

तिलक जी एक तेजस्वी पत्रकार थे, जिन्होंने 'मराठा' और 'केसरी' नामक दो पत्रों का संपादन किया। मराठा अंग्रेजी में प्रकाशित होता था तो केसरी मराठी में, लेकिन इन दोनों पत्रों ने सभी भाषा की पत्रकारिता को प्रभावित किया। 'केसरी' के लेख देशी भाषाओं के अनेक पत्रों में अनूदित कर प्रकाशित किए जाते। हिंदी भाषा में तो नागपुर से 'हिन्दी केसरी' नाम का हिंदी साप्ताहिक पत्र ही निकलने लगा, जिसका संपादन लब्ध प्रतिष्ठित लेखक माधवराव सप्रे जी कर रहे थे, जिसे पूरे हिंदी प्रदेश में बड़ी उत्सुकता से पढ़ा जाता। उस पत्र ने विशेषत: उत्तर भारत के नवयुवक मंडल में ओजस्विनी देशभक्ति को जाग्रत करने का अद्भुत कार्य किया।

हिंदी पत्रकारिता : चतुर्थ उत्थान : गांधी युग (1918-48)

गांधी जी अपने युग के ऐसे नेता थे, जिनका देश की समग्र चेतना पर प्रभाव था। तिलक ने सबसे पहले स्वराज्य को जन्म सिद्ध अधिकार घोषित किया, लेकिन ग्रामों के रहने वाले किसानों और मजदूरों तक यह आवाज नहीं पहुँची थी। यह महत कार्य गांधी युग में

संपन्न हुआ, जो 1919 में 'असहयोग आंदोलन' के रूप में प्रस्फुटित हुआ। 1920 से 1930 तक का समय पुराने संस्कारों के प्रति विद्रोह और नवीन संस्कारों के बीजारोपण का समय है।[9]

गांधी जी स्वयं पत्रकार थे और पत्रकारिता को वह वैचारिक क्रांति का सशक्त माध्यम मानते थे। उनके हाथ में अपने पत्र थे, साथ ही उन भाषाओं में अनेक पत्र प्रकाशित हो रहे थे, जिन पर गांधी विचार का असर था। राजनीति के साथ ही शिक्षा और साहित्य पर भी उनका गहरा प्रभाव पड़ा।

हिंदी का छायावाद युग, गांधी युग की साहित्यिक उपलब्धि है। छायावाद द्विवेदीकालीन राष्ट्रीयतावाद के साथ ही मानव ऐक्य की भावना पर भी विशेष बल देता है। प्रसाद, पंत, निराला, महादेवी की चतुष्टयी ने हिंदी को सर्वथा नया स्वर दिया। छायावादी-स्वच्छंतावादी कवि के अलावा भी इस युग के कुछ ऐसे विश्रुत साहित्यकार हुए, जो गांधी जी के सत्याग्रह आंदोलन के सक्रिय कार्यकर्ता थे और उन्होंने गांधी जी के आचार पक्ष से काफी प्रभाव ग्रहण किया। माखनलाल चतुर्वेदी, मैथिलीशरण गुप्त और सियारामशरण गुप्त ऐसे ही कवि थे तो कथा लेखकों में प्रेमचंद और जैनेंद्र पर गांधी दर्शन का प्रभाव स्पष्ट है।

स्मरणीय है कि 1920 में कलकत्ता में कांग्रेस अधिवेशन हिंदी पत्रकारिता के उन्नयन की दृष्टि से महत्वपूर्ण था। इसी अधिवेशन से हिंदी की चर्चा राष्ट्रभाषा के रूप में होने लगी। राजनीतिक पत्रकारिता में भी यहीं से एक नया युग प्रारंभ होता है।[10] गांधी युग की हिंदी पत्रकारिता की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इस युग में साहित्यिक पत्रकारिता, राजनीतिक पत्रकारिता से पृथक हुई।

मतवाला, सुधा, चाँद, हंस, विशाल भारत इस समय के प्रमुख साहित्यिक पत्र हैं तो इण्डियन ओपिनियन, हरिजन, नवजीवन (संपादक-महात्मा गांधी), प्रताप (1913, गणेशशंकर विद्यार्थी) अभ्युदय (1907, मालवीय जी), आज-1920 शिवप्रसाद गुप्त/पराड़कर, आदि प्रमुख राजनीतिक पत्र थे।

गांधी युग की पत्रकारिता में संपूर्ण स्वाधीनता और स्वराज का स्वर ही मुख्य था। इस दौर में एक आधुनिक स्वतंत्र राष्ट्र की परिकल्पना की अवधारणा ही राष्ट्रीयता की अवधारणा थी, जो 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता प्राप्ति के साथ साकार होती है। ❑

संदर्भ ग्रंथ :

1. जवाहर लाल नेहरू - 'द डिस्कवरी ऑफ इण्डिया' पृष्ठ 73
2. भारतीय पत्रकारिता : नींव के पत्थर-डॉ. मंगला अनुजा,म.प्र. हिंदी ग्रंथ अकादमी संस्करण-1996, पृष्ठ 24
3. 1857 नवजागरण और भारतीय भाषाएँ, हिंदी संस्थान, पृ. 228
4. भारतीय पत्रकारिता- नींव के पत्थर, डॉ. मंगला अनुजा, पृ 72
5.. जवाहर लाल नेहरू : हिन्दुस्तान की कहानी, पृ. 441
6. डॉ. रामविलास शर्मा : भारतेन्दु युग पृ. 3
7. हिंदी पत्रकारिता का इतिहास : डॉ. रामरतन भटनाकर पृ. 33-34
8. डॉ. पट्टाभि सीतारमैया : कांग्रेस का इतिहास, पहला खंड, पृ. 64
9. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी : हिंदी साहित्य की भूमिका, पृ.148
10. हिंदी पत्रकारिता का इतिहास : डॉ. रामरतन भटनाकर पृ. 357

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

सूफी संत साहित्य का उद्‌भव और विकास

डॉ. सुरेश मुंढे

सहयोगी प्राध्यापक, हिंदी विभाग
श्री संत सावता माली ग्रामीण
महाविद्यालय, फुलंब्री,
जिला - औरंगाबाद (महाराष्ट्र)
मो. 9422974444
ईमेल : sumundhe929@gmail.com

भूमिका :

'सूफी' शब्द की व्युत्पत्ति के संबंध में निर्णय करते समय सभी विद्वानों में गहरा मतभेद है। विद्वानों का एक वर्ग ऐसा है, जो कि 'सूफी' की उत्पत्ति के शाब्दिक अर्थ पर जोर देता है। वहीं पर दूसरे समूह ने 'सूफी' शब्द को किसी-न-किसी प्रसंग से जोड़कर अर्थ समझाने की चेष्टा की है।

विद्वानों का एक वर्ग इसे 'सफा' अर्थात पवित्रता से बना हुआ मानता है। उनका मानना है कि सूफी वह होता है, जिसका हृदय सांसारिक वासनाओं से पवित्र है, जो अपने मन-वाणी एवं कर्म से पवित्र है। वहीं कुछ अन्य विद्वानों का मानना है 'सफा' शब्द यहाँ निष्कपट भाव के लिए व्यवहृत हुआ है। इसलिए सूफी ऐसे व्यक्ति को कहना चाहिए, जो कि न केवल परमात्मा के प्रति निश्छल भाव रखता है वरन् सारे प्राणियों के साथ भी शुद्ध बर्ताव करता है, अपितु जिसके लिए परमात्मा स्वयं भी स्नेह प्रदर्शित करता है। वहीं दूसरे समूह का विचार है कि 'सूफी' शब्द 'सफ' अर्थात पंक्ति से बना है। इनका मानना है कि कयामत के दिन कुछ लोग सदाचारपूर्ण व्यवहार तथा जीवन पर्यंत प्रभु स्मरण के कारण औरों से अलग एक पंक्ति में खड़े किए जाएँगे, वास्तव में वे ही लोग सूफी हैं।

विद्वानों के तीसरे वर्ग का मानना है कि 'सूफी' शब्द की निर्मिति 'सुफ्फा' से हुई है। मुहम्मद साहब द्वारा निर्मित मदीना की मस्जिद के सामने एक चबूतरा था, जिसे 'सुफ्फा' कहते थे एवं इस पर आकर बैठने वाले और साथ ही पवित्रतापूर्वक जीवनयापन करने वाले एवं परमात्मा की इबादत में तल्लीन रहने वाले मुहम्मद के समसामयिक व्यक्तियों को 'अल-अल-सुफ्फाह' कहा जाता था। इसी सुफ्फा शब्द से सूफी शब्द बना है। ''गिया मुल लुगात में 'सुफाह' शब्द से 'सूफी' शब्द का बनना माना गया है। कहा जाता है कि जाहिलिया काल में अरबों की एक ऐसी जाति थी, जिसकी सांसारिक व्यापारों से अलग होकर मक्का के देवालय की सेवा में नियुक्त हो गई। कुछ विद्वानों ने ग्रीक शब्द 'सोफिस्ता' से 'सूफी' और 'थियोसोफिया' शब्द से 'तसव्वुफ' की व्युत्पत्ति के प्रयास किए हैं। 'सोफिया' शब्द का अर्थ है- ज्ञान। सूफी साधकों के लिए अनुभव द्वारा प्राप्त किया गया ज्ञान ही

महत्वपूर्ण होता है। लेकिन आज अधिकांश विद्वानों का मानना है कि 'सूफ' अर्थात ऊन से ही 'सूफी' शब्द की व्युत्पत्ति हुई है। ऊनी वस्त्रों को पहनने का प्रचलन ईसाई संतों के यहाँ भी था। ''बपतिस्मा देने वाला जान या युहन्ना भी सूफधारी था। आचार्य परशुराम चतुर्वेदी का मानना है कि 'पहले-पहल यह शब्द केवल उन्हीं व्यक्तियों के लिए प्रयोग में आता था, जो अपने पहनावे के लिए मोटे ऊनी वस्त्रों का व्यवहार किया करते थे। वे लोग ऐश्वर्य या भोग-विलास से सदा दूर रहा करते थे और अत्यंत सीधा-साधा जीवन व्यतीत करते हुए केवल आध्यात्मिक साधनाओं में लगे रहते थे।'' भाषाशास्त्रियों ने भी 'सूफ' शब्द से ही 'सूफी' शब्द की व्युत्पत्ति को मान्यता दी है। उनका मानना है कि अगर सूफी शब्द 'सफा' से बनता तो इसका व्याकरणिक रूप 'सफवी' होता; यदि यह 'सुफ्फा' से बनता तो इसका रूप 'सुफ्फी' रहा होता अगर 'सफ' से बनता तो 'सफी' होता।

इसी कारण इन भाषाशास्त्रियों का मानना है कि भाषा की दृष्टि से 'सूफी' शब्द के मूल में सूफ का होना ही व्याकरण सम्मत है। इसी कारण वे तीनों मतों को अस्वीकारते हैं। पर अब 'सूफी' शब्द का प्रयोग मुस्लिम संत या फकीर के लिए ही नियत-सा समझा जाता है।

भारत में सूफी मत का प्रभाव :

भारत में सूफी मत के प्रवेश की कोई निश्चित तिथि नहीं है, लेकिन फिर भी इसमें कोई संदेह नहीं कि मुस्लिम आक्रमणों के तुरंत बाद से ही सूफी-साधकों का यहाँ आना-जाना प्रारंभ हो गया। भारत और अरब के संबंध बहुत प्राचीन हैं। इस्लाम के उदय से भी पहले दोनों देशों में व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध थे। लेकिन ऐसा माना जाता है कि ''प्रथम मालाबार में मुसलमान तीर्थयात्रियों का एक दल आया, जो सीलोन में आदम के पाद चिह्न का दर्शन करने जा रहा था। इस दल का नेता शेख शरफ बिन मलिक था, जो करगंनोर (मालाबार) के राजा को धर्मोपदेश द्वारा मुसलमान बनाने में सफल हुआ। लोगों का विश्वास है कि यह घटना हजरत मुहम्मद के जीवनकाल की है और बहुतों का ख्याल है कि ईसा की नवीं शताब्दी की यह बात है।''

भारत में इस्लाम का प्रवेश 711 ई. में हो चुका था। बसरा के गर्वनर हज्जाज बिन यूसुफ के आदेश से अरबी जनरल इमामुद्दीन मुहम्मद बिन कासिम ने सिंध पर अपनी फौजों के साथ आक्रमण कर मुल्तान के प्रदेश को जीत लिया। दक्षिण भारत में अरब व्यापारियों का आना-जाना बहुत पहले से था। इस्लाम की सैनिक विजयों के साथ में ही उसका प्रचार-प्रसार भी बढ़ा और ''पहले पहल आने वाले धर्म प्रचारकों में शेख इस्माइल का नाम आता है। वह सन 1005 में लाहौर में आया।'' इन धर्म प्रचारकों के साथ ही सूफी साधक भी भारत आए और धर्म प्रचार में अपना हाथ बँटाने लगे, क्योंकि ''अगर केवल बल-प्रयोग और सैनिक विजयों के द्वारा ही अगर इस्लाम का प्रचार होना संभव होता तो प्राय: संपूर्ण भारतवर्ष इस्लाम धर्म को कबूल कर लिया होता।'' लेकिन ''सूफीमत का निरंतर रूप से प्रचार 12वीं शताब्दी के प्रथम चरण में प्रसिद्ध सूफी अल हुज्विरी के आगमन से हुआ। इनकी मृत्यु लाहौर में लगभग संवत 1928 में हुई।''

अल हुज्विरी जुनैद के सिद्धांतों को मानने वाले थे। इन्होंने अविवाहित जीवन व्यतीत किया और लगभग 60 वर्षों तक धर्म-प्रचार में लगे रहे। इनकी रचना 'कुश्फुल महजूब' को प्रमाणित सूफी गंन्थ माना जाता है।

हिंदी के प्रमुख सूफी कवि :

सूफी संतों ने सामाजिक समन्वय, इस्लाम के प्रचार-प्रसार आदि के क्षेत्र में ही महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाई, अपितु साहित्य के संवर्द्धन में भी उनकी एक परोक्ष अथवा प्रत्यक्ष भूमिका रही है। शोध का मूल विषय हिंदी के सूफी संत कवियों की व्याख्याओं से संबद्ध है। अतएव इन महत्वपूर्ण कवि सूफी संतों के विषय में संक्षिप्त ज्ञान रखना भी प्रासंगिक होगा। इस श्रेणी के प्रमुख सूफी संत कवि हैं- मुल्ला दाऊद, कुतुबन, मंझन, मलिक मुहम्मद जायसी, उस्मान, शेख नबी, कासिम शाह, नूर मुहम्मद, आदि।

मुल्ला दाऊद :

प्रेमाश्रयी शाखा के सूफी कवि मुल्ला दाऊद का मध्ययुगीन हिंदी साहित्य के कवियों में महत्वपूर्ण स्थान

है। सल्तनत काल में हिंदी को राज्याश्रय प्राप्त नहीं था। फिर भी जिस तन्मयता से हिंदी साहित्य में मुल्ला दाऊद ने अपनी रुचि दिखलाई, वह सराहनीय है। फिरोज तुगलक की धार्मिक कट्टरता ने हिंदू और मुसलमानों में विभेद की वह रेखा खींच दी थी, जिसके कारण दोनों धर्मों के अनुयायी एक-दूसरे को घृणा की दृष्टि से देखने लगे थे। ऐसे समय में मुल्ला दाऊद प्रेम की पवित्र भावना को लेकर हिंदी साहित्य के माध्यम से समन्वयवाद क्षेत्र में अवतरित हुए। मुल्ला दाऊद रायबरेली के अंतर्गत डलमऊ बस्ती के रहने वाले थे।

डलमऊ के संबंध में अवध गजेटियर में लिखा है- फिरोजशाह तुगलक ने यहाँ मुस्लिम धर्म और विद्या के अध्ययन के लिए एक विद्यालय की स्थापना की थी। इसकी उपयोगिता इस बात से प्रकट है कि डलमऊ के मुल्ला दाऊद नामक कवि ने सन 719 हिजरी (1255 ई.) में भाषा में चन्दायन नामक ग्रंथ का संपादन किया। इस वर्णन से इतनी सूचना मिलती है कि डलमऊ के मुल्ला दाऊद ने चन्दायनी गाथा के आधार पर ग्रंथ संपादित किया था।

कुतुबन :

प्रेमाश्रयी शाखा के कवियों में कुतुबन का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। ये चिश्ती वंश के शेख बुरहान के शिष्य थे और जौनपुर के शासक हुसैन शाह के आश्रित थे। परंपरागत शैली का अनुसरण करते हुए कवि ने भी समसामयिक हुसैन शाह का वर्णन किया है। साहित्य में वर्णित यह हुसैन शाह कौन है; यह ऐतिहासिक विवाद है। रामचंद्र शुक्ल ने जायसी ग्रंथावली में कुछ और तथा हिंदी साहित्य के इतिहास पुस्तक में कुछ और, अर्थात दो तरह की बातें लिखी हैं। जायसी ग्रंथावली में शुक्ल जी ने लिखा है कि पूरब में बंगाल के शासक हुसैनशाह शर्की के अनुरोध पर जिसने सत्यपीर की कथा चलाई थी, कुतुबन मियाँ एक ऐसी कहानी लेकर जनता के समक्ष आए, जिसके द्वारा उन्होंने मुसलमान होते हुए भी अपने मनुष्य होने का परिचय दिया।

मंझन :

मंझन का पूरा नाम क्या था इस विषय में मतभेद है। सत्यजीवन वर्मा का कहना है कि मधुमालती में मंझन का नाम दो स्थानों पर आया है, जिनमें एक स्थान पर मलिक के नाम से प्रयुक्त है। वास्तव में मधुमालती में 'मंझन' नाम कम-से-कम पाँच स्थानों पर आया है, किंतु कहीं भी उसके साथ मलिक जुड़ा हुआ नहीं मिलता। ऐसा प्रतीत होता है कि सत्यजीवन वर्मा के पढ़ने में कोई त्रुटि हुई होगी। मंझन एक मुसलमान सूफी कवि थे।

प्रेम के माध्यम से मंझन ने भारतीय समाज में समाप्त हो रहे इंसानियत को जगाने का प्रयास किया है। ईश्वरीय प्रेम की अनुभूति तभी हो सकती है, जब मनुष्य को आपसी प्रेम का रहस्य समझ में आ जाए।

मलिक मुहम्मद जायसी :

निर्गुण धारा के प्रेमाश्रयी शाखा के प्रतिनिधि कवि मलिक मुहम्मद जायसी को सूफी कवियों में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त है। इनके जन्म के विषय में भी मतभेद है। अपने जन्म के विषय में 'जायसी' ने लिखा है-

''मा अवतार मौर नव सदी।

तीसर बरस ऊपर कवि वदी।''

रामचंद्र शुक्ल का कहना है कि यदि 'नवसदी' ही पाठ माने तो जन्म काल 900 हिजरी (1492 ई.) के लगभग ठहरता है। दूसरी पंक्ति का अर्थ यही निकलेगा कि जन्म से तीस वर्ष पीछे जायसी अच्छी कविता करने लगे। जयदेव तथा सैयद कत्वे मुस्तफा भी जायसी का जन्म काल 900 हिजरी मानने के पक्ष में हैं। किंतु रामपूजन तिवारी का कहना है कि जायसी का जन्म 870 हिजरी (1464 ई.) माना जा सकता है। जायसी के जीवन की अन्य घटनाओं से इसकी संगति बैठ जाती।

जायसी का जन्म जायस में हुआ था। पं. सूर्यकांत शास्त्री ने भी लिखा है कि इनका जन्म जायस शहर के कंचना मुहल्ला में हुआ था। जायस का पूर्व नाम उद्यान था, जहाँ पर थोड़े दिनों के लिए जायसी पाहुन के रूप में आए थे- बाद में वैरागी हो गए। कुछ विद्वानों का मत है कि जायसी गाजीपुर में पैदा हुए थे और मानिकपुर (प्रतापगढ़) में अपने ननिहाल में आकर कुछ दिनों तक रह गए थे।

विभिन्न विद्वानों और शोधों के आधार पर यह

निष्कर्ष निकाला गया कि जायसी ने लगभग 24 खंड काव्यों की रचना की है, जिसमें पद्मावत, अखरावट, आखिरी कलाम, चित्ररेखा, मसला आदि प्रमुख हैं। इन पुस्तकों के माध्यम से जायसी ने ईश्वर की प्राप्ति का मार्ग प्रेम बतलाया है। जायसी ने शुद्ध प्रेम का मार्ग दिखाकर यह प्रमाणित करने की कोशिश की है कि हिंदू हो या मुसलमान; प्रेम के द्वारा सभी ईश्वर को प्राप्त कर सकते हैं।

उस्मान :

कवि उस्मान गाजीपुर नगर के निवासी थे। गाजीपुर का वर्णन करते समय उन्होंने वहाँ की भौगोलिक स्थिति तथा वहाँ की सुख-शांति का वर्णन किया है। उस्मान निजामुद्दीन चिश्ती की शिष्य परंपरा में हाजी बाबा के शिष्य थे। उस्मान अत्यंत विनीत स्वभाव और गुणी परिवार के सदस्य थे। उन्होंने चित्रावली को प्रेम की अभिव्यक्ति का एक मात्र साधन बनाया है। गुण तत्व तो उनका ईश्वर की खोज से संबंधित है। चित्रावली के माध्यम से यह कहलवाना कि ''सरोवर के अन्दर मैं छिप जाती हूँ और कोई मुझे खोज ले'' निश्वित रूप से उस ब्रह्म की तलाश की ओर कवि ने इशारा किया है, जिसके पीछे सारा संसार अंधी दौड़ लगाता है। लेकिन ब्रह्म पास में रहते हुए मिल नहीं पाता। उस्मान प्रेम की प्रतिष्ठा इसी में समझते हैं कि प्रेमी को प्रेमिका की खोज में सारा जीवन अर्पण कर देना चाहिए। तभी प्रेमिका की प्राप्ति संभव है। ऊपरी दिखावे और ढोंग से प्रेमिका (ईश्वरी) को प्राप्त करना अत्यंत मुश्किल है। इस प्रकार उस्मान भी सूफी मत की प्रेमाश्रयी शाखा के एक महत्वपूर्ण संत थे।

शेख नबी :

सम्राट जहाँगीर के शासन काल के समय शेख नबी का स्थिति काल ज्ञात होता है। ये जौनपुर जिले में दोसपुर के पास मऊ नामक स्थान के रहने वाले थे। इन्होंने 'ज्ञानदीप' नामक आख्यान काव्य लिखा है, जिसमें राजा ज्ञानदीप और रानी देवजानी की कथा है। कवि परमात्मा के स्मरण को अपना सबसे बड़ा गुण मानता है, शेष तो वह स्वयं के अंदर अवगुण ही बताता है। कवि परमात्मा के निर्गुण स्वरूप का ध्यान करता है। वह अपने आपको परमात्मा के सम्मुख समर्पित कर देता है। कवि ने प्रेम का आविर्भाव साक्षात दर्शन से कराया है। प्रेमोदय पहले नायिका के हृदय में होता है। प्रेम विरह आदि को कवि ने संयोजित किया है। ईश्वर के प्रति समर्पित होकर कवि ने साधक को साधना में लीन होने की बात स्पष्ट की है। ग्रंथ का रचनाकाल सन 1619 निश्चित होता है। इस प्रकार से हिंदी के सूफी संत कवियों का अपना एक पृथक इतिहास है और हिंदी साहित्य तथा सूफी धर्म के प्रति उनके अनुराग एवं अवदान को भुलाया नहीं जा सकता है। प्राय: इन सभी सूफी संतों का प्रधान लक्ष्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना ही रहा है। ❑

संदर्भ ग्रंथ :

1. सूफीमत साधना और साहित्य, रामपूजन तिवारी, पृ. 142
2. सूफीमत साधना और साहित्य, रामपूजन तिवारी, पृ. 408
3. सूफीमत साधना और साहित्य, रामपूजन तिवारी, पृ. 418
4. सूफी काव्य-संग्रह, आचार्य परशुराम चतुर्वेदी, पृ. 37
5. सूफी काव्य-संग्रह, आचार्य परशुराम चतुर्वेदी, पृ. 38
6. सूफीमत साधना और साहित्य, रामपूजन तिवारी, पृ. 443
7. सूफीमत साधना और साहित्य, रामपूजन तिवारी, पृ. 437
8. सूफीमत और हिन्दी सूफी काव्य, डॉ. नरेश, पृ. 34
9. रामचन्द्र शुक्ल : हिन्दी साहित्य का इतिहास, पृ. 66
10. डॉ. परमेश्वरी लाल गुप्त : कुतुबन कृत मृगावती, कड़वक-9, पृ. 117
11. शिवगोपाल मिश्र (संपा.), मंझनकृत मधुमालती (भूमिका), पृ.9
12. शिव गोपाल मिश्र, मधुमालती (भूमिका से उद्धृत), पृ. 13
13. रामपूजन तिवारी, जायसी (दिल्ली, 1973), पृ. 12

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

कवि बेचैन कण्डियाल कृत कविता संग्रह 'राग जिंदगी का' में वर्णित सामाजिक यथार्थ

डॉ. विश्वजीत कुमार मिश्र

सहायक प्राध्यापक , हिंदी विभाग
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
अरुणाचल प्रदेश
रोनो हिल्स, दैमुख-791112
मो. 9863027568
ई-मेल : nehu00vishwajit@gmail.com

साहित्य वह माध्यम है, जिसको आधार बनाकर साहित्यकार समाज को वर्णित करता है। इसी प्रकार कवि बेचैन कण्डियाल भी अपनी कृतियों में सामाजिक जीवन को तथा समाज से जुड़े विविध विषयों को यथार्थ रूप से चित्रित करते हैं। उन्होंने अपनी कविताओं की तरह गजलों में भी सामाजिक जीवन के यथार्थ का उल्लेख सहजता से किया है। 'राग जिंदगी का' उनकी एक सफल कृति है। सामाजिक यथार्थ की प्रस्तुति की वजह से यह कृति और भी अधिक महत्वपूर्ण बन गई है। जीवन के यथार्थ का चित्रण करने के साथ-साथ कण्डियाल जी धार्मिक आडंबर आदि को भी अपनी गजलों में दर्शाते हैं, जिसे आधुनिक समाज तथा यथार्थ से जोड़कर भी देखा जा सकता है। कवि लिखता है-

ओ बाहर के ढोंगियो
तुम दीये जलाओ लाखों
अंदर से दिल तुम्हारा हरदम रहता है काला। [1]

गजलों की इन पंक्तियों को जहाँ एक ओर धार्मिक पाखंड तथा आडंबरों से जोड़कर देखा जा सकता है, तो वहीं दूसरी ओर आज के समय के, राजनीतिज्ञ और समाज के शासक वर्ग से भी जोड़ा जा सकता है। कवि कण्डियाल जी कहते हैं कि हे पाखंडियो, तुम ईश्वर की जितना भी आराधना करो, दीपक जलाओ, तुम ईश्वर को प्राप्त नहीं कर सकते। क्योंकि तुम्हारे मन में ईश्वर के प्रति सच्ची आस्था तथा श्रद्धा नहीं है। तुम्हारे मन में ईश्वर के प्रति भक्ति-भाव का अभाव है। अगर इन्हीं पंक्तियों को आज के समय से जोड़ कर देखें तो इनमें छली-दम्भियों की सच्ची तस्वीर को उभारा गया है। वे बाहर से लोगों को जितने भी वादे करें, वचन दें, फिर भी वे उन वादों को कभी पूरा नहीं करेंगे। क्योंकि उनके मन में जनता के प्रति

उत्तरदायित्व के बोध का अभाव है। वे केवल अपने स्वार्थ के बारे में ही सोचते रहते हैं। उन्हें जनता तथा लोगों से कोई लगाव नहीं रहता। वे बाहर से जितने अच्छे लगे, परंतु मन से सदा स्वार्थी ही रहते हैं।

इसी प्रकार कवि कण्डियाल ने बदलते समय तथा परिस्थिति के साथ लोगों के बदलते रिश्तों को भी परिभाषित किया है। अच्छे समय में हर कोई मित्र बन जाता है, परंतु सच्चे मित्रों की पहचान बुरे वक्त में ही होती है, क्योंकि बदलते स्थिति के साथ ही लोग आपसे दूरी भी बना लेते हैं। जब तक लोगों को आपसे फायदा मिलता रहता है, वे आपसे अच्छे संबंध बनाए रखते हैं। किंतु ज्यों ही आपकी स्थिति बिगड़ने लगती है, त्यों ही लोग आपसे दूर चले जाते हैं। कवि कण्डियाल जी लिखते हैं कि जब उनके जीवन की स्थिति में परिवर्तन आया तो उनके सभी मित्रों ने उनसे किनारा कर लिया है। उनके सभी मित्र दुश्मन बन गए। जो कभी अच्छे समय में जिगर के पास थे, वे आज सभी उनसे दूर हो गए हैं–

जो कभी थे दिल-जिगर के पास वो
आज दिखते हैं सभी उस किनारे। [2]

कण्डियाल जी की गजलों में वर्तमान समय के लोगों के जीवन में बढ़ रहे अकेलापन, हताशा, निराशा का वर्णन हुआ है। आज लोगों का मन बेचैन है। उन्हें कुछ न होने पर भी अकेलापन, सूनापन घर कर गया है। लोगों के मन तनाव से बेचैन है, फिर भी उन्हें खामोशी ही अच्छी लगती है। उनके जीवन में हर रोज यह अकेलापन बढ़ ही रहा है। सभी अपने आप में ही सिमट गए हैं। किसी के पास भी दूसरों के लिए समय नहीं है। उनके पास समय है, तो केवल अपने अकेलापन, तनाव तथा उदासी के लिए। व्यक्तियों में मौजूद ऐसी स्थिति को कण्डियाल जी कुछ इस प्रकार शब्दबद्ध करते हैं –

अच्छी लगती हैं खामोशियाँ
दिन-दिन बढ़ती बेचैनियाँ। [3]

ठीक इसी प्रकार अपने ही एक अन्य गजल में वे लिखते हैं कि आज लोग अपने आप में सिमटते चले जा रहे हैं। परिणामस्वरूप उन्हें अपने आसपास ऐसा कोई व्यक्ति नहीं नजर आता, जिससे अपने दुखों को साझा किया जा सके। व्यक्तियों में सहृदयता का होना मुश्किल दिखता है तथा लोगों के पास अपना कहने के लिए भी कोई नहीं है। वे केवल अपने जीवन को लेकर ही व्यस्त हैं। आज लोग अपने आपमें इस हद तक व्यस्त हो गए हैं कि उनलोगों के पास अपना कहकर अपने जीवन के दुख सुनाने के लिए भी कोई नहीं है। कवि लिखते हैं –

दर्द दिल का हम भला किससे कहें
कौन अपना है भला जिससे कहें। [4]

अक्सर लोग गजलों का सीधा संबंध प्रेम से जोड़ते हैं। कण्डियाल जी भी अपनी गजलों में 'प्रेम संबंधों' का वर्णन करते हैं। वे आज के समय के प्रेम संबंधों का चित्रण करते हुए लिखते हैं कि अब उनके जीवन में कोई भी खुशी नहीं रही है, क्योंकि उनके अपने आज उनसे दूर है। आज उनके हमदम के उनसे दूर चले जाने के कारण उनका जीवन दुख तथा उदासी से भर गया है। वे कहते हैं कि आज वह अपने प्रिय के लिए उस तरह तड़प रहे हैं, जिस तरह चाँद के लिए चकोरी तड़पती है। वह कहते हैं कि आज किसी के भी पास ऐसा कोई मरहम नहीं है, जो कवि के टूटे हुए दिल को जोड़ सके। आज इस संसार में ऐसा कोई नहीं है, जो थोड़े समय के लिए ही सही खुशी दे सके –

अब तो अपनी कोई खुशी कोई गम नहीं है
जब अपना कोई भी यहाँ हमदम नहीं है।

हमारे टूटे हुये दिल को जो कुछ देर जोड़ दे
ऐसा किसी के पास भी यहाँ मरहम नहीं है। [5]

कवि को अपने प्रिय से हर रोज अनेक जख्म तोहफे की तरह मिला। परंतु कवि ने उन सभी जख्मों को अपने दिल में सजा कर रखा है। उन्होंने हर जख्मों एवं यादों को अपने पास सँजोये रखा है, जिसकी अभिव्यक्ति कण्डियाल जी निम्न गजलों के माध्यम से करते हैं –

इस तरह से हमने हौसला बनाये रखा
तेरी यादों को जिगर में बसाये रखा।
बहुत जख्म दिए हैं तुमने तोहफों की तरह
हर जख्म गुलशन की तरह सजाये रखा। [6]

कवि की गजलों में प्रेम की पराकाष्ठा का चित्रण दिखाई देता है। कवि अपने प्रिय को अपनी प्रेरणा बनने के लिए कहता है ताकि वह अपने जीवन में कुछ कर सके। यह कवि के प्रेम की पराकाष्ठा ही है कि अपने प्रिय की प्रेरणा से ही वह जीवन में कुछ करने में सक्षम हैं।

कवि कण्डियाल जी ने तत्कालीन समाज के यथार्थ को गजलों के माध्यम से पाठकों तक पहुँचाया है। उनके गजलों में तत्कालीन समाज में व्याप्त गरीबी, महँगाई का भी चित्रण हुआ है। कवि कहता है कि आज वक्त ने लोगों के जीवन में इस तरह परिवर्तन ला दिया है कि किसी के जीवन में हर रोज दिवाली है तो किसी का गरीबी तथा महँगाई के कारण दिवाला निकल गया है। जो गरीब है गरीबी की चक्की में पिस रहा है, बाहर निकलने के लिए उनके पास कोई भी मार्ग उपलब्ध नहीं है। समाज में व्याप्त महँगाई किसी के दिल में चुभ रही है तो किसी के जीवन में यही महँगाई दिवाली में जलाए जाने वाली फुलझड़ी बन गई। किसी का जीवन खुशी से व्यतीत हो रहा है तो अधिकतर लोग गरीबी से परेशान होकर महँगाई की चक्की में पिसते जा रहे हैं। कवि कहता है कि कहीं पर इस गरीबी के कारण देवी लक्ष्मी फूल-दीप के लिए भी तरस रही हैं तो कहीं पैसों की माला से लक्ष्मी का स्वागत किया जा रहा है –

मत पूछो यारों वक्त ने, ये कैसा कमाल कर डाला
किसी की मन रही दिवाली, किसी का निकला दिवाला
किसी के दिल में झड़ रही हैं, फुलझड़ियाँ खुशी की
किसी के दिल पर चुभ रहा है, महंगाई का पैना भाला
कहीं लक्ष्मी तरस रही है, पूजा के चन्द फूलों को
कहीं सुशोभित उसको करती, नोटों की भारी माला।[7]

कवि कण्डियाल ने अपने गजलों में स्वाधीनता के पश्चात लोगों के मन के स्वप्नभंग का भी वर्णन किया है। कवि कहते हैं कि देश के आजादी के बाद हमने जो भी स्वप्न देखे थे, उनमें से अधिकांश ही झूठे साबित हुए हैं। जहाँ आजादी से पहले अंग्रेज हमारा शोषण करते थे, वहीं अब अपने ही हमारा शोषण करने में लगे हुए हैं, जिन्हें हम अपना समझकर उम्मीद बनाकर रखे थे। उन्होंने हमारे स्वप्नों तथा आशाओं को रौंदकर कुचला है। अर्थात कवि कहते हैं कि हमारे स्वप्नों को अपने देश के लोगों ने ही कुचला है। लोगों ने स्वाधीनता से पूर्व जो भी स्वप्न देखा था, कोई भी पूरा नहीं हुआ है। लोग आजादी के बाद खुशहाली के जो स्वप्न देखे थे, वे अधूरे ही रह गए।

रोज जुड़े में शौक से टाँकते थे जिसको।
हाथों से मसलकर गुलाब मुरझाया है उसने।[8]

कवि कण्डियाल जी अपनी गजलों में नेताओं द्वारा लोगों से किए गए झूठे वादों का भी उल्लेख करते हैं। वे कहते हैं कि अब हमें आपलोगों के स्वप्न तथा वादों से डर लगने लगा है। कवि आगे कहते हैं कि किसी के द्वारा किए गए सुख-सुविधाओं के वादों से अब लोगों का मन भरने लगा है। इसलिए अब हमें कोई भी आशा मत दिखाओ, जो बाद में तुम लोग पूरा करना भूल जाते हो। नेता वोट प्राप्ति हेतु लोगों को अनेक आशा दिलाते हुए स्वप्न दिखाते हैं। विभिन्न वादे भी करते हैं, परंतु वोट प्राप्ति के बाद वे उन वादों को बाद में भूल जाते हैं। साथ ही लोगों के विकास के नाम पर अपना विकास करते चले जाते हैं। सामाजिक यथार्थ को गजलकार ने कुछ यूँ बयाँ किया है –

उजालों से अब मन भरने लगा है।
दिये मत जलाओ दिल डरने लगा है।[9]

कवि कण्डियाल ने अपनी गजलों में आज के समाज का सटीक चित्रण किया है। वह आज के आधुनिक समाज का चित्रण करते हुए कहते हैं कि आज समाज में चारों ओर केवल आदमी ही आदमी हैं। परंतु कहीं पर कोई मनुष्य नहीं है, जिसमें मानवता जीवित हो। आज लोगों में रिश्तों का कोई महत्व नहीं है। वे केवल पैसों के पीछे ही भागने में व्यस्त हैं।

हर व्यक्ति अपने स्वार्थ के आगे अपनी मानवीयता का न्योछावर कर चुका है। आज समाज में व्यक्ति के लिए रिश्तों का कोई महत्व नहीं है। अपने ही पराये हो गए हैं। लोगों को केवल अपने जीवन से ही प्रेम है। हर तरफ लोग गरीबी से बेहाल हैं। परंतु लोगों को केवल अपने स्वार्थ से मतलब है। दूसरे व्यक्तियों के लिए

उनलोगों के पास भी समय नहीं है। यहाँ तक कि प्रेम से बुलाने के लिए भी लोग अपना स्वार्थ ही देखते हैं। जहाँ स्वार्थ नहीं, वहाँ आदमी जाता नहीं। व्यक्ति केवल अपने स्वार्थ के पीछे पड़ा हुआ है, जिसकी पुष्टि गजलकार की गजल से होती है–

स्वार्थ निष्ठा इस कदर बढ़ती गई
पराया होने लगा है आदमी। [10]

इस प्रकार कहा जा सकता है कि कवि बेचैन कण्डियाल ने अपनी कृति 'राग जिंदगी' में 21वीं सदी के समाज का वर्णन किया है, जहाँ लोगों में स्वार्थ और लालच की भावना मुख्य रूप से भरी हुई है। ऐसे बहुत ही कम लोग होंगे, जो समाज और संसार के अन्य जीवों के दुखों से अपना जुड़ाव महसूस करते होंगे। अपने अलावा मनुष्य में अन्य व्यक्तियों के प्रति प्रेम एवं बंधुत्व की भावना के विपरीत इर्ष्या की भावना अधिक देखने को मिल रही है। समाज में स्वार्थसिद्धि, निराशापन, अकेलापन जैसी स्थितियों ने आसानी से घर कर लिया है। अत: कवि ने अपनी गजलों के माध्यम से समाज की वास्तविकता को पाठकों के समक्ष सहजता से प्रस्तुत किया है। ❑

संदर्भ सूची :

1. राग जिंदगी का, बेचैन कण्डियाल, अनंग प्रकाशन, दिल्ली, पृष्ठ-08
2. वही, पृ.- 78, राग जिंदगी का, बेचैन कण्डियाल, अनंग प्रकाशन, दिल्ली
3. वही, पृ.- 72, राग जिंदगी का, बेचैन कण्डियाल, अनंग प्रकाशन, दिल्ली
4. वही, पृ.- 57, राग जिंदगी का, बेचैन कण्डियाल, अनंग प्रकाशन, दिल्ली
5. वही, पृ.- 22, राग जिंदगी का, बेचैन कण्डियाल, अनंग प्रकाशन, दिल्ली
6. वही, पृ.- 42, राग जिंदगी का, बेचैन कण्डियाल, अनंग प्रकाशन, दिल्ली
7. वही, पृ.- 26, राग जिंदगी का, बेचैन कण्डियाल, अनंग प्रकाशन, दिल्ली
8. वही, पृ.- 15, राग जिंदगी का, बेचैन कण्डियाल, अनंग प्रकाशन, दिल्ली
9. वही, पृ.- 49, राग जिंदगी का, बेचैन कण्डियाल, अनंग प्रकाशन, दिल्ली
10. वही, पृ.- 50 राग जिंदगी का, बेचैन कण्डियाल, अनंग प्रकाशन, दिल्ली

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

असमिया लोकगीतों में रामकथा का वर्णन

डॉ. अर्चना हजारिका

सहायक प्राध्यापिका, हिंदी विभाग
नॉर्थ लखीमपुर कॉलेज, असम
मो. 8638558401
ई-मेल : archana.h.ghy@gmail.com

शोध-सार :

लोक साहित्य मूलत: लोक द्वारा निर्मित, लोक से संबंधित तथा लोक में ही प्रचलित गीत है। 'असमिया लोक गीत' असमिया लोक साहित्य का एक महत्वपूर्ण अंग है। ये गीत असमिया समाज जीवन का दर्पण है, असमिया समाज और संस्कृति की पहचान है। असमिया लोक गीतों में रामकथा का वर्णन एक पुरानी परंपरा है। इन गीतों में राम के आदर्श एवं मर्यादा पुरुषोत्तम रूप की सहज अभिव्यक्ति की गई है।

बीज शब्द : लोक साहित्य , लोक गीत, राम कथा।

प्रस्तावना :

लोक गीत मूलत: साधारण जन की मौखिक काव्य सृष्टि है। समाज के साधारण जन ही समाज के हित के लिए इन गीतों की रचना करते हैं। इसलिए इन गीतों में व्यक्ति चेतना की बजाय सामाजिक चेतना का प्रभाव परिलक्षित होता है। असमिया लोक गीतों का निर्माण भी असमिया समाज जीवन के हित के लिए ही किया गया है। इन लोक गीतों में असमिया समाज जीवन की परंपरा, संस्कृति का परिचय प्राप्त होता है। अगर असमिया समाज जीवन के प्राचीन परंपरागत रीति -रिवाज, संस्कृति आदि को जानना है तो असमिया लोक गीतों का अध्ययन करना आवश्यक है।

अध्ययन का उद्देश्य : प्रत्येक कार्य के पीछे कोई-न-कोई उद्देश्य अवश्य होता है। प्रस्तुत शोधालेख का भी कुछ उद्देश्य है, जो इस प्रकार है -

(क) असमिया लोक गीतों का अध्ययन करना।

(ख) असमिया लोक गीतों में राम कथा वर्णन पर प्रकाश डालना।

अध्ययन की सीमा : प्रस्तुत शोधालेख की सीमा असमिया लोक गीत और इन लोक गीतों में राम कथा का वर्णन तक ही सीमित है।

अध्ययन की पद्धति : प्रस्तुत शोधालेख पूर्ण रूप से तथ्यात्मक है। इस शोध कार्य को संपूर्ण करने हेतु विश्लेषणात्मक तथा आलोचनात्मक पद्धतियों का सहारा लिया गया है।

मूल विषय : पूर्वोत्तर भारत के आठ राज्यों में सैकड़ों जनजातियाँ रहती

हैं। सबकी भाषा-संस्कृति अलग -अलग है। पूर्वोत्तर भारत लोक-साहित्य का भंडार है। आज भी जिन जनजातियों की अपनी लिपि नहीं है अथवा लिखित साहित्य नहीं है, वे लोक साहित्य में बहुत समृद्ध हैं। किसी भी समुदाय की संस्कृति को जानने-समझने का सबसे बेहतर माध्यम उनका लोक साहित्य है।

असमिया लोक साहित्य : असम भारत के उत्तर - पूर्व का एक राज्य है। जहाँ तक असमिया समाज की बात है, यहाँ विभिन्न समय में आईं विभिन्न जनगोष्ठियों का प्रभाव देखा जाता है। यह प्रभाव भाषा, पोशाक, रीति -रिवाज, उत्सव आदि सभी में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। अत: कहा जा सकता है कि द्रविड़, मंगोल आदि के साथ-साथ सभी जनजातीय संस्कृति के मेल से ही वृहद् असमिया जाति का निर्माण हुआ है। असम में लिखित साहित्य के साथ-साथ लोक साहित्य की भी कोई कमी नहीं है। सामान्य रूप से असमिया लोकसाहित्य को छह भागों में विभाजित किया गया है-

(1) लोक गीत, (2) कहानी, (3) मुहावरा, (4) लोकोक्ति, (5)दृष्टांत, (6)मंत्र।

इन छह भागों को भी कई उपभागों में विभाजित किया गया है। हमारे आलोचना का विषय है 'लोकगीत', अत: यहाँ पर सिर्फ लोक गीत पर ही चर्चा की जाएगी।

असमिया लोक गीत का संक्षिप्त परिचय : लोक जीवन का सहज और यथार्थ चित्रण लोक गीतों में प्राप्त होता है। लोक गीत एक ऐसा दर्पण है, जिसमें व्यक्ति, समाज और यहाँ तक कि संपूर्ण राष्ट्र अपना यथार्थ प्रतिबिंब देख सकता है। अत: लोक गीतों का मानव जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी का कथन है -**''भारतीय हृदय का सामान्य स्वरूप पहचानने के लिए पुराने प्रचलित ग्राम गीतों की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है, केवल पंडितों द्वारा प्रवर्तित काव्य परंपरा का अनुशीलन ही आलम नहीं है।''**[1]

असमिया लोक गीत असमिया जन जीवन, असमिया लोक-मन की आशा-आकांक्षाओं का सजीव चित्रण है। इन गीतों में जिस प्रकार सामान्य जनमानस के भावावेग, अनुभूति, सुख-दुख के क्षण, परंपरा, विश्वास आदि संस्कृति के विविध पक्ष मुखर हो उठे हैं, उसी प्रकार इन गीतों से सामाजिक और नैतिक सीख भी प्राप्त होती है।

असमिया समाज में प्रचलित लोक गीत विभिन्न उत्सव, पर्व, त्योहारों आदि पर गाए जाते हैं। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं-विवाह गीत, बिहू गीत, श्रम गीत, आई नाम (शीतला माता पूजन के गीत), निचुकनि गीत (लोरी), देव-देवी पूजन के गीत, बारह महीनों के गीत आदि। इन गीतों का उद्देश्य मन बहलाने व मनोरंजन के अतिरिक्त श्रम परिहार, मनोवेगों की शांति, दुखों का निवारण, शिक्षा तथा उपदेश, बच्चों को सुलाना, खिलाना मन बहलाना आदि है।

असमिया लोक गीत में रामकथा का वर्णन : असमिया लोक साहित्य में विशेष रूप से मुहावरे, लोकोक्ति, लोकगीत, लोक कहानियों आदि में रामायण कथा का प्रभाव परिलक्षित होता है। असमिया लोक गीतों के अंतर्गत अनेक ऐसे गीत हैं, जहाँ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से राम कथा का वर्णन किया गया है।

1. विवाह गीत : असमिया समाज में विवाह संस्कार सबसे प्रसिद्ध और प्रधान है। विवाह संस्कार से संबंधित अनेक लोक गीत असमिया समाज में प्रचलित हैं। इन गीतों में वर खोजने से लेकर बारात की विदाई तक का वर्णन मिलता है। दुख तथा करुणा के साथ-साथ हास्य-व्यंग्य इन गीतों की मूल विषय-वस्तु है। यद्यपि ये गीत स्वत:स्फूर्त हैं, फिर भी इन गीतों के माध्यम से नारी मन की अनुभूति, दूल्हा -दुल्हन के रूप-सौंदर्य, वैवाहिक जीवन में एक नारी का कर्तव्य तथा दायित्व आदि विषयों का वर्णन किया गया है। असमिया 'ब्याह- गीतों' या 'बियानामों' में लौकिक कथाओं के साथ-साथ राम-सीता, शिव-पार्वती, रुक्मिणी-कृष्ण आदि की कथा का वर्णन प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सर्वत्र विद्यमान है। ये गीत सिर्फ महिलाएँ गाती हैं। असमिया विवाह संस्कार में जोरोण(चढ़ावा), पानी तोला, नोवनी (स्नान), दूल्हे का स्वागत, अग्नि कुंड, पंडाल सजावट, बेटी विदाई आदि अनेक परंपरागत रस्म, रीति-रिवाज हैं, जहाँ राम-सीता की कथाओं का वर्णन है। राम-सीता को इन गीतों में आदर्श नारी-पुरुष माना गया है।

(क) पानी तोला गीत : असमिया समाज में विवाह संस्कार में एक महत्वपूर्ण रस्म है 'पानी तोला'। इसमें गाँव की महिलाएँ पास की नदी या तालाब से कलश में पानी लाती हैं और बाद में उसी पानी से दूल्हा - दुल्हन को नहाया जाता है। पानी लाने जाते समय सभी महिलाएँ हर्षोल्लास के साथ-साथ नृत्य-गीत भी करती हैं। इस अवसर पर जो गीत गाए जाते हैं, उसे ब्याह-गीत कहा जाता है। एक उदाहरण इस प्रकार है -

''जोन बेलि छकुरि गोपीनी
जोन बेलि जोने चिकेमिकाय
तरा ऐ मइ बोलो किबा फूल फुले।
जोन बेलि रामचंद्रर पदुलित
जोन बेलि छकुरि गोपीनी
तरा ऐ पारे बुले येन बुले।।'' [2]

(बार माहर तेर गीत, पृ.21)

अर्थात चाँद सूरज जैसी सुंदर गोपियाँ एक साथ पानी लेकर आ रही हैं। दूर से उन्हें देखकर ऐसा लग रहा है मानो वे कोई फूल हों। आज रामचंद्र जैसे सुंदर वर के आँगन में ढेर सारे फूल खिल रहे हैं। इस गीत में वर की रामचंद्र के साथ तुलना की गई है।

(ख) नोवनी गीत (स्नान गीत) : असमिया समाज में शादी से पहले दूल्हा और दुल्हन को नहाने का रस्म है। इस रस्म में दूल्हा-दुल्हन को हल्दी लगाकर केले के पेड़ के नीचे स्नान कराया जाता है और इस अवसर पर गाँव की महिलाएँ गीत गाती हैं, जिसे नोवनी गीत कहा जाता है। दूल्हे को स्नान करने के लिए बुलाती हुई महिलाएँ इस प्रकार गाती हैं -

''नोवनी घरलै नाहे रामचंद्र ऐ राम
सीता क'ला बुलि शुनि हे।।
सुवर्णर शज्याते आइदेउ शुइ आछे
इकथा मनतो नाइ।।'' [3]

(बार माहर तेर गीत, पृ. 22)

यहाँ दूल्हे की रामचंद्र के साथ तुलना की गई है। गाँव की महिलाएँ दूल्हे को चिढ़ाती हुई कहती हैं कि हमारे रामचंद्र स्नान घर में नहीं आना चाहते, क्योंकि उन्होंने कहीं से सुन लिया है कि उनकी होने वाली पत्नी सीता काली है। हे राम सोने के पलंग पर बैठकर वे तुम्हारी प्रतीक्षा कर रही है क्या तुम इस बात को भूल गए हो? इस गीत में दूल्हा-दुल्हन को राम-सीता के साथ तुलना किया गया है।

(ग) जोरोन गीत (चढ़ावा गीत) : इन गीतों को न्योता गीत या चढ़ावा गीत कहा जा सकता है। असमिया विवाह संस्कार में एक रस्म है, जहाँ दूल्हे के घर से दुल्हन के लिए शादी का जोड़ा, गहने आदि भेजा जाता है, जिसे पहनकर दुल्हन विदा होती है। इस रस्म को 'तेल दिया' रस्म भी कहा जाता है। इस अवसर पर जो गीत गाए जाते हैं, उन गीतों को जोरोन गीत कहा जाता है। एक उदाहरण इस प्रकार है -

''मारार अलंकार थोवा काति करि
ऐ राम देउतारार अलंकार थोवा है।
रामे दि पठाइछे विचित्र अलंकार
ऐ राम हाते योरे करि लोवा है।
कैकयी आहिछे सुमित्रा आहिछे
आहिछे रामरे माउ।
जनकर जियरी जानकी सुंदरी
जोरोन पिन्धाये आजि चाउ।।'' [4]

(कामरूपी लोकगीत, पृ.87)

अर्थात यहाँ दुल्हन को कहा गया है कि अब तुम अपनी माँ तथा पिताजी का दिया हुआ अलंकार खोल दो। रामचंद्र जैसे तुम्हारे स्वामी ने विचित्र अलंकार भेजा है। दोनों हाथ जोड़ कर उसे ग्रहण करो। कैकेयी, सुमित्रा और राम की माता भी आई हैं। राजा जनक की बेटी जानकी सुंदरी को आज अलंकार पहनाकर देखते हैं।

(घ) जोरा नाम : दूल्हा-दुल्हन जब अग्नि कुंड के पास एक साथ बैठते हैं, तभी गाँव की महिलाएँ दोनों को चिढ़ाती गीत गाती हैं। इन गीतों को जोरा नाम कहा जाता है। इन गीतों के मूल रस हास्य-व्यंग्य है। जैसे -

मारार घरते आछिला आइदेउ
ऐ राम खाइ पिठा गुरिर लाडू।
आमार रामचंद्रत परिला आइदेउ

ऐ राम पिन्धाब सुणरे खारु।।'' [5]

(बार माहर तेर गीत, पृ. 31)

अर्थात अब तक तुम अपने माँ के घर में चावल के लड्डू खा रही थी। हमारे रामचंद्र से तुम्हारा विवाह हुआ है। अब वह तुम्हें सोने के कंगन पहनाएगा।

(ङ) विदाई गीत : असमिया समाज में बेटी विदाई के समय भी गीत गाए जाते हैं। इन गीतों में भी राम - सीता का वर्णन परिलक्षित होता है। जैसे -

''दीघलकै उरणि नलबा आइदेउ
आगर आशै पोवा दरा।।
उठा जे उठा राम नुठा जे एरि याम
गाभरुर रखीया हबा।
अय अलंकारे सीता ह'ल तोमारे
उठा राम घरलै ब'ला।।'' [6]

(बार माहर तेर गीत, पृ.30)

अर्थात इतना लंबा पल्लू मत लो, क्योंकि दूल्हे को तुम पहले से ही जानती हो। हे राम उठो, अगर नहीं उठे तो तुम्हें यही छोड़ के जाएँगे। तुम इन लड़कियों की रखवाली करना। सभी अलंकारों के साथ सीता तुम्हारी हुई। अर्थात तुम्हारी शादी संपन्न हुई। अब घर चलो।

2. तुलसी गीत : असमिया समाज में आश्विन महीने के अंतिम दिन में काति बिहू मनाया जाता है। उस दिन तुलसी के पौधे और खेत में मिट्टी का दीया लगाने की परंपरा है। लोगों का विश्वास है कि इससे उनके जीवन में सुख -शांति आती है तथा खेती अच्छी होती है। इससे उन्हें अन्न की कमी नहीं होगी। इस अवसर पर छोटे-छोटे लड़के तुलसी के पौधे के चारों तरफ घूम-घूम कर जो गीत गाते हैं उसे तुलसी गीत कहा जाता है। इन गीतों में राम कथा का वर्णन बड़े ही सुंदर ढंग से किया गया है। ये गीत मूलत: भक्तिमूलक हैं। एक उदाहरण -

''तुलसीर तले तले मृग पहु चरे
ताके मारिबक लागि रामे यतन करे।।
राम गैला मृग मारिब लक्ष्मण गैला लरि।
लंकार रावण पाइ सीताक नीला हरि।।
मरि गेल तुलसी खरि गेल पात।
गुर्खा गरखीया चलि नाम धरे उठे जात जात।
रामे रुवे तुलसी लक्ष्मण ढाले पानी।।'' [7]

(असमिया लोकगीत संचयन, पृ. 98)

अर्थात तुलसी के पौधे के नीचे मृग घूम रहा है। राम उसे मारने की कोशिश करते हैं। जब राम मृग को मारने के लिए जाते हैं, तब लक्ष्मण भी उनके पीछे-पीछे भागते हैं। उसी समय लंका नरेश रावण आकर सीता का हरण करता है। तुलसी का पौधा मुरझा जाता है और उसके पत्ते गिरने लगते हैं। चरवाहे के बच्चे भक्ति गीत गा रहे हैं। राम पवित्र तुलसी का पौधा लगा रहे हैं और लक्ष्मण उसमे पानी देते हैं।

3. नावरीया गीत : नावरीया गीत मूलत: मल्लाह गीत है। यह आनंद का गीत है और ये समूह में गाए जाते हैं। इन गीतों के द्वारा लोगों के मन में उत्साह तथा आनंद उत्पन्न होता है। मल्लाह अपने श्रम को आनंददायक बनाने के लिए इस प्रकार के गीत गाते हैं। असम के बरपेटा जिले के नाव खेल उत्सव में भी इस प्रकार के गीत गाने की परंपरा है। नावरीया गीत में राम कथा का वर्णन इस प्रकार किया गया है -

''राम आहिलारे माया मृग मारि।
माया करि मारीच मायार चुड़ामणि।।
माया मृग धरि खेदे रामर बिधिनि।
आतर करिला राम लक्ष्मण दुइ भाई।
हरिला रावण सीता शून्य घरे पाय।।'' [8]

(असमिया लोकसाहित्यर रूपरेखा, पृ.115)

अर्थात राम मायावी मृग का शिकार करने जाते हैं। वह मायावी मृग और कोई नहीं मारीच था। उस मायावी मृग ने छल से राम और लक्ष्मण को सीता से दूर किया। तब कुटिया में सीता को अकेली पाकर रावण ने उसका हरण किया।

''कि चाइ आछिला भाया कि ए हे
रावणे हरि निला सीताक कि ए हे
अ' राम अ' हरि।
सीता हरिल रे, अ' पंचवटी बने

पुष्पक रथत तुलि निये मायावी रावणे।
आकाशर उपरे तुलि मारिल उरावे।।'' [9]

(कामरूपी लोकगीत, पृ.96)

अर्थात हे भाई लक्ष्मण तुम क्या देख रहे थे। रावण सीता को हरण कर ले गया। हे राम, हे हरि। मायावी रावण ने पंचवटी बन में सीता का हरण कर उसे पुष्पक रथ में में ले गया है।

4. हुँसरी गीत : ये गीत असमिया बोहाग बिहू के समय गाए जाते हैं। सभी लड़के और बुजुर्ग व्यक्ति दल बनाकर गाँव के प्रत्येक घरों में जाकर हुँसरी गीत गाते हैं। सभी घर वाले इस हुँसरी दल से आशीर्वाद माँगते हैं। असमिया समाज के लोगों का मानना है कि इन हुँसरी दल के आशीर्वाद से उनके जीवन में खुशियाँ और धन-धान की कोई कमी नहीं होती। ये हुँसरी गीत मूलत: भक्तिमूलक होता है। इन गीतों में भी राम कथा का सुंदर वर्णन परिलक्षित होता है। जैसे -

''राम कांदे लक्ष्मण कांदे कांदे दुइ भाई।
हनुमंतइ गछर डालत सीतार गुणे गाइ।।
हनुमंतइ बोले प्रभु नकरिबा चिंता।
सागरते सेतु बाँधी आनी दिम सीता।।'' [10]

(असमिया रामायणी साहित्य, पृ.712)

अर्थात राम और लक्ष्मण दोनों भाई मिलकर रो रहे हैं। हनुमान पेड़ की डाली में बैठ कर माता सीता का गुण गान कर रहे हैं। हनुमान कहते हैं प्रभु चिंता मत कीजिए। सागर में सेतु बनाकर हम माता सीता को वापस लेकर आएँगे।

5. होली गीत : होली फाल्गुन महीने में मनाया जाता है। यह रंगों का त्योहार है। राम कथा से संबंधित होली गीत इस त्योहार का मूल अंग है। जैसे -

आजि आमि होली खेलिम दिने राति
चैते फागुन मास
राम गेल बनबास
महिरावणे हरि निला पाताले।।'' [11]

(असमिया लोकसाहित्यर रहघरा, पृ.146)

अर्थात आज हम रात-दिन होली खेलेंगे, फाल्गुन महीने से चैत्र महिने तक। राम वनवास चले गए और महिरावण उनका अपहरण कर पाताल लोक ले गया।

बच्चों के होली गीत -

''कानने कानने
लंकार रावणे
अ' सीता जानकीक हरिले
दहमुरीया रावणे।'' [12]

(असमिया लोकसाहित्यर रहघरा, पृ.146)

6.गोपिनी सवाहर गीत : गोपिनी सवाह गीत असमिया परंपरागत प्रार्थना गीत है, जिसे महिलाएँ एक साथ मिलकर गाती हैं। यह मूलत: भक्तिमूलक गीत है और ये असमिया समाज तथा संस्कृति के महत्वपूर्ण अंग 'नामघर' में गाए जाते हैं। इस गीत को गाने वाली महिलाओं को 'गोपिनी' कहा जाता है। इन गीतों का मूल विषय ज्यादातर राम - सीता और राधा - कृष्ण ही हैं। जैसे -

''जानकी गोसानी ऐ
अ' आइ तोके नोबोलो भाल
तोक नालागे सोणर पालेंग
तोक लागे मृगर चाल।'' [13]

(असमिया लोकसाहित्यर रहघरा, पृ. 144)

अर्थात हे जानकी देवी! हम तुम्हें आदर्श नारी नहीं कहेंगे। तुम्हें सोने का पलंग नहीं चाहिए। तुम्हें तो हिरण की त्वचा चाहिए।

7. दुर्गा पूजा के गीत : दुर्गा पूजा में शास्त्रीय रीति - रिवाजों के साथ-साथ असमिया महिलाओं द्वारा गाए जाने वाले लोक गीतों का विशेष महत्व है। इन गीतों के माध्यम से लोक मन में निहित विश्वास तथा देवी दुर्गा के प्रति गंभीर श्रद्धा का परिचय मिलता है। दुर्गा पूजा के गीतों में देवी दुर्गा के साथ-साथ राम कथा का भी वर्णन किया गया है। एक उदाहरण इस प्रकार है -

''अ'रावण बधिते योवा अखुर बधिते योवा
हाते धनुरबान धरि।
अयोध्यार राम लक्ष्मण सेते
जानकी माहेश्वरी

दहिछे लंका पुरी।'' [14]

(असमिया लोकसाहित्यर रहघरा, पृ.142)

अर्थात हे राम! आप असुर रावण का वध करने जाओ। जानकी माहेश्वरी अयोध्या के राम-लक्ष्मण के साथ हैं। संपूर्ण लंका नगरी को जला डालो।

8. बारह माही गीत : इन गीतों को बारह मासा गीत कहा जाता है। पूरे भारतवर्ष के साहित्य में ऋतु अथवा बारह महीनों के प्राकृतिक सौंदर्य से संबंधित गीत उपलब्ध हैं। इस तरह के गीत मूलत: विरह के गीत हैं। बारहमासा गीतों की परंपरा बहुत प्राचीन है। असमिया बारहमासा का प्रारंभ साधारणत : अगहन महीने से होता है और हिंदी भाषा में आश्विन महीने से माना जाता है। असमिया समाज में सीता को लेकर अनेक बारहमासा गीत रचे गए हैं। एक उदाहरण इस प्रकार है -

सीता बारमाही

''दिहा -कांदे मोर जानकी सीता।
पद : वैहागर माहते बापु अशोकर तले।
मइ नारी निद्रा गेलो उरतर शिताने।।
जेठरे माहते बापु रावणे नेइ हरिया।
इन्द्रे दिला मुक्तार माला ब्रह्माक लागिया।।
आहारर माहते बापु पकि परे आम।
सितो बेला थाको मइ ऋषिर आश्रम।।'' [15]

(बार माहर तेर गीत, पृ.72)

अर्थात वैशाख महीने में अशोक के पेड़ के नीचे मैं नारी चिंता में सो जाती हूँ। ज्येष्ठ महीने में रावण मेरा हरण करता है। इंद्रदेव ब्रह्मा को मोतियों की माला उपहार देते हैं। आषाढ़ महीने में आम पक कर गिरते और उस समय में ऋषि के आश्रम में थी।

निष्कर्ष : असमिया साहित्य में राम कथा वर्णन की परंपरा बहुत प्राचीन है। असमिया लोक गीत असमिया समाज जीवन, संस्कृति का दर्पण है। ये गीत असमिया ग्रामीण लोगों के सुख-दुख आदि अनुभूतियों की स्वाभाविक अभिव्यक्ति हैं। उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट होता है असमिया समाज रामायण कथा से काफी प्रभावित था तथा राम के आदर्शों को अपने व्यक्तिगत जीवन में प्रयोग करता था, जिसका उदाहरण लोक गीतों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। अत: कहा जा सकता है कि प्राचीन काल से ही असमिया समाज जीवन, साहित्य, संस्कृति तथा दर्शन रामायण कथा से प्रभावित है। ❑

संदर्भ ग्रंथ :

1. शुल्क, रामचंद्र, हिन्दी साहित्य का इतिहास, प्रकरण -3 (काव्य खंड), पृष्ठ 326
2. गोस्वामी, प्रफुल्ल दत्त, बार माहर तेर गीत, कलकत्ता, 2012, पृष्ठ 21
3. वही, पृष्ठ 22
4. दास, बाबुल, कामरूपी लोकगीत (संकलन /संपादना), स्टूडेंट्स स्टोर्स, गुवाहाटी, 2011, पृष्ठ 87
5. गोस्वामी, प्रफुल्ल दत्त, बार माहर तेर गीत, कलकत्ता, 2012, पृष्ठ 31
6. वही, पृष्ठ 30
7. शर्मा, हेमंत कुमार, असमिया लोकगीत संचयन,गुवाहाटी, बिना लाइब्रेरी, 2006, पृष्ठ 98
8. गोगोई, लीला, असमिया लोक साहित्यर रूपरेखा, डिब्रूगढ़, बनलता प्रकाशन, 2017, पृष्ठ 115
9. दास, बाबुल, कामरूपी लोकगीत (संकलन/संपादना), स्टूडेंट्स स्टोर्स, गुवाहाटी, 2011, पृष्ठ 96
10. महंत, केशदा, असमिया रामायणी साहित्य : कथावस्तुर आतिगुरि, जोरहाट, 2011, पृष्ठ 712
11. चहरिया, कनक चंद्र, असमिया लोकसाहित्यर रहघरा, गुवाहाटी, चंद्र प्रकाश, 2013, पृष्ठ 146
12. वही, पृष्ठ 146
13. वही, पृष्ठ144
14. वही, पृष्ठ.142
15. गोस्वामी, प्रफुल्ल दत्त, बार माहर तेर गीत, कलकत्ता, 2012, पृष्ठ 721

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

शोध : अर्थ, परिधि एवं प्रकार

डॉ. जाकिर हुसैन

प्राध्यापक, हिंदी विभाग
कन्या महाविद्यालय
गीतानगर, गुवाहाटी- 781021
मो. +91-91018-57651
ई-मेल : drjkrhssn77@gmail.com

शोध का अर्थ :

'शोध' एक अनंतकालीन अध्ययन प्रक्रिया है। हमारे दैनंदिन जीवन में शोध कार्य जाने-अनजाने बच्चा से लेकर बूढ़े व्यक्ति तक होते रहते हैं। इस दृष्टि से सूक्ष्म रूप में शोध को दो प्रकार से विभाजित कर सकते हैं। एक औपचारिक और दूसरा अनौपचारिक। जो शोध कार्य स्कूल, कॉलेजों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में होते रहते हैं उसे औपचारिक शोध कहते हैं। इस प्रकार के शोध को स्वीकृति मिलती है। दूसरे प्रकार के शोध का कोई दलील या स्वीकृति नहीं होती है। पारिवारिक जीवन में लोग जो कुछ सोचते रहते हैं तथा कुछ-न-कुछ नए उद्भावन करते रहते हैं।

'शोध' अंग्रेजी शब्द 'रिसर्च' का पर्याय है, जिसका अर्थ 'खोज' है। यहाँ खोज का अर्थ पुन: 'खोज' नहीं, अपितु 'गहन खोज' है। अर्थात किसी एक निर्दिष्ट विषय में गंभीरतापूर्वक खोज करना है। यह 'रिसर्च' मूल रूप से लैटिन भाषा का शब्द है। जिसमें 'रि' अर्थात 'बार-बार' 'सर्च' अर्थात 'खोजना' से बना है। इसके अनुसार अब रिसर्च शब्द का अर्थ हुआ 'बार-बार खोजना'। अर्थात वैज्ञानिक पद्धति द्वारा ज्ञान प्राप्त करने का निरंतर प्रयास ही शोध है। दूसरी ओर, हिंदी में 'शोध' शब्द 'रिसर्च' शब्द के अनुवाद के रूप में प्रयोग किया जाता है। सबसे ज्यादा लोग या तो शोध कहते हैं या रिसर्च कहते हैं। लेकिन इसके समानांतर हिंदी में और भी शब्द प्रचलित हैं, जैसे खोज, अनुसंधान, अन्वेषण, गवेषणा आदि।

व्यापक अर्थ में शोध या अनुसंधान किसी भी क्षेत्र में 'ज्ञान की खोज करना' या 'विधिवत गवेषणा' करना होता है। वैज्ञानिक अनुसंधान में वैज्ञानिक विधि का अनुपालन करते हुए जिज्ञासा का समाधान करने की कोशिश की जाती है। नवीन वस्तुओं की खोज और पुरानी वस्तुओं एवं सिद्धांतों का पुन: परीक्षण करना, जिससे कि नए तथ्य प्राप्त हो सकें, उसे शोध कहते हैं।

शोध के अंतर्गत बोधपूर्वक प्रयत्न से तथ्यों का संकलन कर

सूक्ष्मग्राही एवं विवेचक बुद्धि से उसका अवलोकन-विश्लेषण करके नए तथ्यों या सिद्धांतों का उद्घाटन किया जाता है। शोध का परिचय देते हुए डॉ. नगेंद्र लिखते हैं कि- ''अनुसंधान का अर्थ है परिपृच्छा, परीक्षण, समीक्षण आदि। संधान का अर्थ है दिशा विशेष में प्रवृत्त करना या होना और अनु का अर्थ है पीछे, इस प्रकार अनुसंधान का अर्थ हुआ- किसी लक्ष्य को सामने रखकर दिशा विशेष में बढ़ना- पश्चाद्गमन अर्थात किसी तथ्य की प्राप्ति के लिए परिपृच्छा, परीक्षण आदि करना।''[1]

शिक्षा के क्षेत्र में दीक्षित होकर शोधार्थी अपने शैक्षिक विषय में कुछ जोड़ने की कार्य करते हैं। यह क्रिया अनुसंधान कहलाती है। पीएच.डी./डी.फिल या डी.लिट/डी.एस.-सी जैसी शोध उपाधियाँ इसी उपलब्धि के लिए दी जाती हैं। इनमें अध्येता से अपने शोध से ज्ञान के कुछ नए तथ्य या आयाम उद्घाटित करने की अपेक्षा की जाती है।

दिन-पर-दिन शोध का महत्व बढ़ता जा रहा है। इसका प्रमुख कारण शोध के प्रति शोधार्थियों की बढ़ती रुचि तथा आजकल किसी भी चयन परीक्षा में शोध विषयक पाठ्यक्रम शामिल किया जाना भी है। इसके अतिरिक्त एम.फिल/पीएचडी की डिग्री हेतु अध्ययनरत विद्यार्थियों को इसे अनिवार्य रूप में पढ़ना होता है। शोध को जाने बिना गवेषणा करना असंभव है।

शोध की परिधि :

मनुष्य एक जिज्ञासु प्राणी है। वह प्राचीन काल से ही नए-नए खोजों के लिए अध्ययन करता आ रहा है। प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक मनुष्य ने अपने विवेक के आधार पर विभिन्न वैज्ञानिक खोज किए हैं। अनुसंधान ही एक ऐसा विषय है, जिसके माध्यम से हम अपना चिंतन शक्ति, तर्क शक्ति, विवेक को बढ़ा सकते हैं। समय के अनुसार भी अनुसंधान में परिवर्तन होता रहता है। प्राचीन काल में जो अनुसंधान होता था और जो वर्तमान में अनुसंधान होता है-दोनों का स्वरूप बदल चुका है। आज के व्यक्ति की सोच और प्राचीन काल की व्यक्ति की सोच में जमीन आसमान का फर्क है। और समय के अनुसार होना भी चाहिए क्योंकि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। समय के अनुसार सब चीजों में परिवर्तन होता रहता है। इसलिए अनुसंधान में भी समय के अनुसार परिवर्तन होता गया। ये क्यों हुआ, क्योंकि प्राचीन काल यानी आदिमानव काल का मनुष्य था। वह पथरी युग में था यानी पत्थर के युग में प्रवेश किया उसने। धीरे-धीरे उसके ज्ञान का संचार होना शुरू हुआ और फिर धीरे-धीरे उसने अनुसंधान करना शुरू किया। इसी प्रकार अनुसंधान कार्य का परिसर बढ़ता चला गया।

हम किसी भी चीज को बार-बार खोजते रहते हैं। जैसे किसी भी एक टॉपिक पर खोज हो चुकी है तो ऐसा नहीं है कि उसके बाद उस टॉपिक पर खोज होनी बंद हो जाए। नई-नई टेक्नोलॉजी विकसित हो गई है। जैसे-जैसे समय में परिवर्तन हो गया है तो उस क्षेत्र में नई-नई टेक्नोलॉजी विकसित होती जा रही है, जिसके माध्यम से हम बार-बार रिसर्च करते आ रहे हैं।

अनुसंधान कार्य में प्रयोग किए जाने वाले शब्द और उसके मायने-

पहला- समंको (Data) : शोध कार्य सबसे पहला काम है डेटा (तथ्य) संग्रह करना। डेटा (तथ्य) संग्रह किए बिना शोध कार्य संपूर्ण नहीं माना जाएगा। संगृहीत तथ्यों को दो भागों में विभाजित किया जाता है-

एक- प्राथमिक तथ्य : यह उन सभी मौलिक सूचनाओं एवं आँकड़ों से है, जिन्हें अनुसंधानकर्ता प्राथमिक स्रोतों द्वारा प्राप्त करता है।

दो- द्वितीयक तथ्य : ये वे तथ्य हैं, जिन्हें अनुसंधानकर्ता ने स्वयं प्रथम बार संकलित नहीं किया है, बल्कि किसी अन्य के द्वारा पूर्व में एकत्रित किए गए हैं, जिनका उयोग अनुसंधानकर्ता अपने शोधकार्य में करता है।

दूसरा- विश्लेषण (Analysis): यानी समंक या डेटा को विश्लेषण करना। किसी विधान या व्यवस्थाक्रम की सूक्ष्मता से परीक्षण करने की तथा उसके मूल तत्वों को खोजने की क्रिया ही विश्लेषण है।

तीसरा- वैज्ञानिक अन्वेषण (Scientific Research) : इस विधि द्वारा छात्रों में वैज्ञानिक

दृष्टिकोण उत्पन्न किया जा सकता है। उनमें वैज्ञानिक अभिरुचि तथा निरीक्षण का विकास होता है।

चौथा- पृच्छा (Enquiry) : शोध में पृच्छा करनी पड़ती है। भले ही टॉपिक कोई भी हो, परंतु हमें अनुसंधान के अंतर्गत पृच्छा करनी होती है। निर्धारित टॉपिक पर जितना कार्य हुआ है, उस पर ज्यादा-ज्यादा डेटा मिल जाए। अर्थात ज्ञान इकट्ठा करना होता है।

पाँचवाँ- क्रमबद्ध (Systematic) : शोध कार्य क्रमबद्ध तरीके से करना पड़ता है। अव्यवस्थित तरीके से किया गया शोध कार्य का परिणाम गलत निकल सकता है।

ऊपर उल्लिखित चर्चे में शोध का अर्थ, स्वरूप तथा अनुसंधान में प्रयोग किए जाने वाले कुछ विशेष शब्दों के बारे में जान लिया गया है। अब निम्नलिखित रूप में शोध के प्रकारों पर विशद रूप में चर्चा प्रस्तुत है।

शोध के प्रकार :

वर्तमान समय में शोध के विभिन्न प्रकार परिलक्षित हो रहे हैं, जो निम्न हैं-

1. साहित्यिक शोध : साहित्य विषयक शोध या अनुसंधान ही साहित्यिक शोध है। अपनी प्रकृति और विविध स्वरूप के कारण साहित्यिक शोध मौखिक, लिखित और प्रकाशित रूप में उपलब्ध होता है। डॉ. तिलक सिंह ने साहित्यिक शोध को चार वर्गों में विभाजित किया है-

पहला, जीवन वृत्तीय शोध- किसी साहित्यकार के संपूर्ण व्यक्तित्व एवं कृतित्व के बारे में प्रामाणिक जानकारी प्राप्त करना ही जीवन वृत्तीय शोध कहलाता है। साहित्यकार का जन्म, जन्म स्थान, जन्म तिथि, शिक्षा-दीक्षा, माता-पिता का परिचय आदि की खोज और इन सब का साहित्यकार के व्यक्तित्व पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी हासिल करना ही शोधार्थी का लक्ष्य होता है। साथ ही साथ साहित्यकार की तत्कालीन परिस्थितियों, उसकी रचना का कारण, उसके कृतित्व आदि की जानकारी जीवन वृत्तीय शोध के अंतर्गत परिगणित होता है। शोधार्थी साहित्यकार के जीवन वृत्त के अध्ययन के लिए दो प्रकार की सामग्री से सहायता लेता है। पहले, वह जिसमें रचनाकार अपनी रचनाओं में स्वयं के जीवन के बारे में कहता है अर्थात अत:साक्ष्य। दूसरी उन तथ्यों की पुष्टि के लिए संग्रहीत किए गए बाह्य तथ्य या बाह्य साक्ष्य। इसके लिए शोधार्थी रचनाकार पर लिखी गई कृतियों, ऐतिहासिक प्रमाणों, शिलालेखों, जनश्रुतियों आदि का उपयोग करता है। जीवन वृत्तीय शोध के लिए शोधार्थी को तथ्य के सार्थक विश्लेषण की आवश्यकता होती है। कई बार रचनाकार के कृतियों के संदर्भ तो मिल जाते हैं, परंतु कृतियाँ उपलब्ध नहीं होतीं। और कई बार एक ही रचना की एक से अधिक प्रतियों में पाठ भेद के कारण रचनाकार के जीवन वृत्त की प्रामाणिकता सिद्ध नहीं हो पाती है। रचना और इतिहास के प्रामाणिक तथ्यों में मेल नहीं खाने पर रचनाकार का जीवन अप्रामाणिक ठहरता है। भक्ति काल के कवि कबीर, सूर, तुलसी आदि कवियों के जन्म एवं मृत्यु तिथियों का विषय आज भी विवादास्पद है। अत: ऐसी स्थिति में शोधार्थी को इतिहास सम्मत प्रामाणिक तथ्यों के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुँचना चाहिए।

दूसरा, प्रवृत्तिगत शोध- हिंदी साहित्य के इतिहास के चार कालखंडों में प्रत्येक कालखंड अपनी प्रवृत्तियों के कारण दूसरे कालखंड से अलग दृष्टिगोचर होता है। विशेष प्रवृत्ति के आधार पर कालखंड का नामकरण होता है। विदित है किसी कालखंड में विशेष प्रवृत्ति के अलावा अन्य प्रवृत्तियाँ भी साहित्य को प्रभावित करती हैं। शोधार्थी एक या एक से अधिक प्रवृत्तियों को आधार बनाकर शोध विषय चुन सकता है।

तीसरा, प्रभावगत शोध- वर्तमान सदैव इतिहास से प्रभावित होता है। इसी प्रकार एक काल का साहित्य अपने पूर्ववर्ती काल से प्रभावित रहता है। संस्कृत साहित्य समय परिवर्तन के बावजूद गतिशील बना रहा। इसी कारण हिंदी साहित्य पर संस्कृत साहित्य का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है। उदाहरण के लिए हम सूरदास की रचनाओं को ले सकते हैं, जिनपर श्रीमद्भागवत, पुराण का प्रभाव पड़ा है। उसी प्रकार तुलसी दास रचित रामचरितमानस पर वाल्मीकि रामायण का रीतिकालीन कवियों की रचनाओं पर संस्कृत के रीति ग्रंथों का

प्रभाव दिखाई पड़ता है। संस्कृत के अतिरिक्त प्राकृत, अपभ्रंश या किसी अन्य भारतीय भाषा या विदेशी भाषा का प्रभाव भी उक्त शोध के अंतर्गत आएगा। भाषा के साथ-साथ भाव, विचार, दर्शन आदि कई प्रकार से एक काल के साहित्य का प्रभाव दूसरे काल के साहित्य पर पड़ता है। दूसरे काल पर पड़ने वाले इसी प्रभाव का अध्ययन प्रभावगत शोध के अंतर्गत आता हैं।

चौथा, आलोचनात्मक शोध- साहित्यिक शोध के अंतर्गत आलोचनात्मक शोध आधुनिक युग की देन है। अन्य शोध प्रकारों की तुलना में वर्तमान में आलोचनात्मक शोध अधिक हो रहे हैं। आलोचनात्मक शोध व्याख्यात्मक और सैद्धांतिक दो रूपों में विभक्त हैं। व्याख्यात्मक आलोचना को पुन: दो वर्गों में विभाजित किया गया है। पहला, प्रभाववादी आलोचना तथा दूसरा, वस्तुवादी आलोचना। प्रभाववादी आलोचना की अपेक्षा वस्तुवादी आलोचना शोध का विशिष्ट क्षेत्र है, जिसमें वस्तुनिष्ठ तथ्यों की प्रधानता होती है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने हिंदी साहित्य में इस आलोचना पद्धति को प्रश्रय दिया। सैंद्धातिक आलोचना के भी तीन वर्ग हैं। पहला, प्रगतिवादी आलोचना, दूसरा, रसवादी आलोचना तथा तीसरा सांस्कृतिक आलोचना। जहाँ प्रगतिवादी आलोचना मार्क्सवादी चिंतन को स्पष्ट करती है, वहीं रसवादी आलोचना रस सिद्धांत को। सांस्कृतिक आलोचना संस्कृति की पारंपरिक और प्रवाहमान चेतना की परिचायक है।



2. ऐतिहासिक शोध : बुद्धि संपन्न होने के कारण मनुष्य आरंभ से ही जिज्ञासु प्रवृत्ति का रहा है। मनुष्य की इसी जिज्ञासा ने ऐतिहासिक शोध की सृष्टि की। प्रत्येक काव्यरूप, प्रवृत्ति, भावधारा, दर्शन, काव्य सिद्धांत, शैली आदि का एक इतिहास होता है। भाषा सदा से पूर्व पर संबंधों पर आधारित रही है। अत: उसके परिवर्तन एवं विकास के कारणों का पता ऐतिहासिक शोध से चलता है। ऐतिहासिक शोध एक श्रमसाध्य शोध का रूप है। इतिहास के तथ्यों को जानने और परखने का कार्य, तथ्य सामग्री को इकट्ठा करने का कार्य अत्यंत ही परिश्रम से भरा हुआ है। इसके लिए सामान्यत: विषय के अनुसार ही शोध सामग्री एकत्रित की जाती है। लोक-साहित्य के अध्ययन से भी हमें किसी काल के परिवेश का पता चल सकता है। ऐतिहासिक शोधार्थी शिलालेखों से भी मदद ले सकता है। ऐतिहासिक शोध के अंतर्गत इतिहास का पुन:लेखन, उद्भव और विकास, परंपरा, पृष्ठभूमि, साहित्यधारा, विधा, प्रभाव आदि अनेक रूपों में शोध कार्य हो सकता हैं।

3. तुलनात्मक शोध : शोध का उद्देश्य होता है सत्य की खोज। शोधार्थी सत्य की प्रामाणिकता के लिए रचना या युग विशेष के साथ-साथ साहित्यकारों का भी अध्ययन करता है। सामान्य अध्ययन में रचना एवं रचनाकारों की भूमिका शोधार्थी के लिए अपने तथ्यों को पुष्ट करने में सहायक मात्र होती है। लेकिन जब यही अध्ययन दो रचनाओं, दो रचनाकारों, दो कालों, दो भाषाओं, दो प्रवृत्तियों या दो विधाओं पर समानांतर किया जाता है, तब यह तुलनात्मक अध्ययन और विश्लेषण तुलनात्मक शोध कहलाता है। शोधार्थी दो रूपों में तुलनात्मक शोध कर सकता है। पहला है, एक भाषा के अंतर्गत तुलनात्मक शोध, दूसरा है- दो भाषाओं के अंतर्गत तुलनात्मक शोध। पहले रूप में शोधार्थी एक भाषा के अंतर्गत दो विधाओं, दो प्रवृत्तियों की, दो कालों की, दो रचनाओं एवं रचनाकारों आदि की तुलना कर सकता है। उदाहरण के लिए दो रचनाओं की तुलना में रामचरितमानस और रामायण का तुलनात्मक अध्ययन। दो रचनाकारों की तुलना में देव और बिहारी का तुलनात्मक अनुशीलन आदि विषय को लिया जा सकता है। दूसरे रूप में दो भाषाओं के साहित्य पर किया जाने वाला तुलनात्मक शोध कठिन माना जाता है। हिंदी भाषी

शोधार्थी किसी दूसरी भाषा के साहित्य के साथ तुलनात्मक शोध तभी कर सकता है, जब उसे दूसरी भाषा पर पूर्ण अधिकार हो, उसकी पूरी जानकारी हो। दो भाषाओं के तुलनात्मक शोध के अंतर्गत दो लेखकों की तुलना, एक साहित्यिक प्रवृत्ति की तुलना, एक काल विशेष की तुलना, एक विधा की तुलना आदि विषय आ सकते हैं। उदाहरण के लिए एक साहित्यिक प्रवृत्ति की तुलना में हिंदी तथा तमिल का शैव भक्त साहित्य, एक विधा के अंतर्गत हिंदी और पंजाबी उपन्यासों में विभाजन की त्रासदी आदि विषय लिए जा सकते हैं। सामान्य शोध कार्य की तुलना में तुलनात्मक शोध कठिन होता है, क्योंकि एक ही दिशा क्षेत्र में शोधार्थी का ध्यान एक जगह केंद्रित होता है। वहीं तुलनात्मक शोध में शोधार्थी को दो दिशाओं में ध्यान लगाना होता है। शोधार्थी को भाषा विषयक कठिनाई पहले होती है। दोनों भाषाओं के साहित्य के प्रति शोधार्थी की समान रुचि और समग्र ज्ञान ही उसके शोध को सफल बनाता है। दूसरी समस्या निर्देशन की भी होती है। निर्देशक को दोनों भाषोओं का ज्ञान शोधार्थी से अधिक होना चाहिए। कई बार एक भाषा के ज्ञान के अभाव में एक निर्देशक की जगह दो निर्देशक की जरूरत होता है। कई कठिनाइयों के बावजूद हमारे देश की विभिन्न भाषाओं, साहित्य और संस्कृति का पता चलता है, जो हमारे ज्ञान में अभिवृद्धि करता है। देखा जाए तो एक तरह से तुलनात्मक शोध राष्ट्र की एकता को प्रतिपादित करता है, क्योंकि उक्त शोध में विविध साहित्य और संस्कृति का समन्वय होता है।

4. मनोवैज्ञानिक शोध : मनोविज्ञान शब्द अंग्रेजी भाषा की psychology शब्द का हिंदी रूपांतर है। मन का नियम या मन का सैद्धांतिक रूप मनोविज्ञान है। साहित्य मानव मन की अभिव्यक्ति है और उस अभिव्यक्ति का मन के स्तर पर किया गया विश्लेषण मनोवैज्ञानिक शोध कहलाता है। मनोविज्ञान रचनाकार के मन तथा उसके क्रिया-व्यापारों का अध्ययन करता है। मनुष्य किसी विचार की ओर उन्मुख क्यों हुआ यह सामान्य व्यक्ति के लिए एक सामान्य प्रश्न है। किंतु मनोवैज्ञानिक के लिए यह उस मनुष्य के मन की ग्रंथियों को समझने का आधार है। रचनाकार अपनी रचना में दो रूपों में उपस्थित होता है। एक में वह स्वयं अपनी निजी भावों को अभिव्यक्त करता है तथा दूसरे में वह समष्टि के माध्यम से वह व्यष्टि की बात करता है। अर्थात अपने मन के भावों की अभिव्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से करता है। उक्त दोनों प्रकार की कृतियों में रचनाकार के भावों की अभिव्यक्ति का शोधपरक अध्ययन मनोवैज्ञानिक शोध के द्वारा संभव है। हिंदी साहित्य के आदिकाल में ही वीर काव्यों की रचना ने शौर्य भाव की मनोवृत्ति को आधार दिया। आगे चलकर भक्तिकाल में भक्ति, रीति काल में श्रृंगार तथा आधुनिक काल में नैतिकता, अहं, कुंठा, घृणा आदि मनोवृत्तियों का रूप धारण किया। मन की इन्हीं वृत्तियों का जानकार मनोवैज्ञानिक आधार पर शोध कार्य कर सकता है। उदाहरण के लिए राम की शक्ति पूजा का मनोवैज्ञानिक अध्ययन तथा तुलसी के काव्य का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण जैसे विषय को लिया जा सकता हैं।

5. समाजशास्त्रीय शोध : साहित्य को समाज के दर्पण की संज्ञा दी गई है, क्योंकि समाज की समस्त परिस्थितियाँ साहित्य में ध्वनित होती हैं। साहित्य में विद्यमान इसी ध्वनि अर्थात सामाजिक तत्वों का वैज्ञानिक अनुशीलन ही समाजशास्त्रीय शोध है। साहित्य के किसी कालखंड, कवि या रचना का समाजपरक अध्ययन ही उक्त शोध का कार्य है। इस प्रकार के शोध में सामाजिक समस्याओं, रीति-रिवाजों, परंपराओं आदि का विश्लेषण किया जाता है। उदाहरण के लिए आधुनिक हिंदी कविता में समाज या प्रेमचंद की रचनाओं में समाज और संस्कृति का चित्रण आदि विषयों को लिया जा सकता है।

6. सांस्कृतिक शोध : संस्कृति शब्द का व्युत्पत्तिपरक अर्थ है सम्यक क्रिया अर्थात वह क्रिया जिससे किसी क्षेत्र में रहनेवाले लोगों की जीवन-पद्धति, विचारों और क्रिया-व्यपारों का पता चले। इन्हीं विचारों एवं पद्धतियों का अध्ययन एवं विश्लेषण सांस्कृतिक शोध कहलाता है। कहा जाता है कि भारतीय संस्कृति गाँवों में बसती है। इसलिए उक्त शोध का अध्ययन करते समय लोक-साहित्य को विशुद्ध साहित्य से अधिक महत्व दिया

जाता है। लोक जीवन का परिष्कृत और परिमार्जित रूप ही संस्कृति है। संस्कृति के आंतरिक पक्ष में आध्यात्मिकता, मानवतावादी दृष्टिकोण, नैतिकता, सौंदर्यबोध आदि मुख्य तत्व हैं। वही बाह्य पक्ष में सामाजिक संबंध, व्यवहार, जीवन की मूलभूत आवश्यकताएँ आदि शामिल हैं। संस्कृति के क्षेत्र की व्यापकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वह क्षेत्रीय स्तर से लेकर वैश्विक स्तर तक विद्यमान हो सकती है। अहिंसा, धर्म, आध्यात्मिकता आदि गुण भारतीय सांस्कृतिक एकता के परिचायक हैं। सांस्कृतिक शोध के अंतर्गत शोधार्थी संस्कृति के विविध रूपों को अपने शोध का आधार बना सकता है। जैसे- सूरदास के काव्य में ब्रज संस्कृति या उत्तर प्रदेश के लोकगीत जैसे विषयों को शोध के लिए लिया जा सकता हैं।

7. भाषा वैज्ञानिक शोध : भाषा और साहित्य का संबंध अविच्छिन्न है। भाषा ही वह माध्यम है, जिससे साहित्य को अभिव्यक्ति मिलती है। भाषा का विशिष्ट ज्ञान भाषा विज्ञान कहलाता है। किसी भी भाषा में रचित साहित्य या किसी रचना के आधार पर भाषागत अध्ययन करते हुए सत्य की खोज ही भाषा वैज्ञानिक शोध कहलाता है। भाषा का मूलाधार शब्द है, जिसे भारतीय आचार्यों ने परम ब्रह्म कहा है। साथ ही भाषा के दो रूपों को स्वीकार किया गया है। वे हैं सामान्य भाषा और साहित्यिक भाषा। साहित्यिक भाषा की संरचना रचनाकार के मानसिक संरचना का परिचायक होती है। भाषा की संरचना और उसके व्यावहारिक रूप के शोध के लिए भाषा विज्ञान के प्रमुख आधार रूपों को स्वीकारा जा सकता है, जिनमें भाषा की संरचना में सहायक शाखाएँ- ध्वनि विज्ञान, शब्द विज्ञान, पद विज्ञान, वाक्य विज्ञान आदि तथा उसे व्यावहारिक रूप प्रदान करने वाली शाखाएँ अर्थ विज्ञान, शैली विज्ञान आदि हैं। इन शाखाओं को आधार बनाकर साहित्यिक रचनाओं की भाषा का चार भिन्न-भिन्न पद्धतियों द्वारा अध्ययन किया जा सकता है। पहली पद्धति है- वर्णात्मक, दूसरी ऐतिहासिक, तीसरी तुलनात्मक तथा चौथी प्रयोगात्मक।

उक्त पद्धतियों में भाषा की रचना प्रक्रिया, भाषा का विकास क्रम, एक भाषा का किसी अन्य भाषा का तुलनात्मक अध्ययन तथा शब्दकोशों व लिपि सुधार आदि को लिया जाता है। साथ ही साथ उक्त शोध में दूसरी भाषाओं से हिंदी भाषा में आए शब्दों के स्रोतों का अध्ययन भी आवश्यक होता है। उक्त शोध के अंतर्गत अवधि का विकास, परिनिष्ठित हिंदी का स्वरूप, आधुनिक हिंदी भाषा का विकास आदि विषय आ सकते हैं।

निष्कर्ष : उपर्युक्त शोध के विषयों एवं विविध प्रकारों की विवेचना से स्पष्ट है कि हिंदी साहित्य जगत में न तो क्षेत्र वैविद्धता की कमी है और न ही शोध हेतु विषयों का अभाव। नित नए लेखकों और उनकी रचनाओं और नए विमर्श आदि शोध के क्षेत्र को व्यापकता प्रदान कर रहे हैं। साथ ही इंटरनेट, कंप्यूटर जैसे माध्यमों ने शोध की सामग्री को शोधार्थी के और अधिक समीप ला दिया है। निश्चित रूप से आवश्यकता इस बात की है कि शोधार्थी नए-नए विषयों के साथ सतत प्रयास करते हुए शोध को अधिक से अधिक समृद्ध बनाएँ। जो शोध की समृद्धि के साथ-साथ उनके विचार चिंतन शक्ति को भी बढ़ावा देगा। ❑

सहायक ग्रंथ सूची :

1. शोध-प्रविधि : डॉ. विनय मोहन शर्मा, पेपरबैक प्रकाशन, 2018
2. शोध-प्रविधि : हरीश कुमार खत्री, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल, 2013
3. शोध-प्रविधि : डॉ. एन. के. शर्मा, 2009
4. अनुसंधानस्य प्रविधि : डॉ. नगेंद्र
5. शोध पद्धतियां एवं सांख्यिकीय तकनीक, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल
6. आस्था के चरण : डॉ. नगेंद्र, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली
7. www.Shodhsahitya.Com

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

नारी प्रेरणास्त्रोत : तुलसीदास खंडकाव्य

तैयबुन नेशा

शोधार्थी, हिंदी विभाग
गौहाटी विश्वविद्यालय
जालुकबाड़ी, गुवाहाटी (असम)-781014
मो. 6001237650
ई-मेल : taiboonnesha123@gmail.com

शोध-सार :

भारत में ही नहीं, समूचे विश्व में नारी की स्थिति पुरुष के साथ सहयोगी भाव की रही है। श्रद्धा-विश्वास की साक्षात प्रतिमूर्ति नारी जीवन के समतल में पीयूष स्त्रोत-सी प्रवाहमान होती हुई उसे सुंदर ढंग से जीने योग्य बना देती है। समाज निर्मात्री और गृह-साम्राज्ञी स्त्री मध्ययुगीन सामाजिक बुराइयों तथा धार्मिक आडंबरों के कारण समाज एवं परिवार में किंकरी, परिचारिका और दासी बनकर रह गई थी, जिसे तुलसीदास खंडकाव्य में निराला ने स्त्री-पुरुष की सक्रियता एवं विधायी शक्ति की प्रेरणास्त्रोत एवं सृष्टि के निर्माण में सर्वत्र पुरुष और प्रकृति की लीला सक्रिय रूप में चित्रित किया है। सदियों से चली आ रही नारी के प्रति धारणा इस काव्य कृति में अपनी एक अलग अस्मिता की अधिकारिणी है। यह कहने की आवश्यकता नहीं कि भारतीय नारी त्याग, तपस्या एवं बलिदान की प्रतिमूर्ति है। वह धरती की तरह सहनशील है, जिसके कारण अनेक दुखों एवं कष्टों को अपने अंदर समाहित करने से पीछे नहीं हटती, जिसकी झाँकी प्रस्तावित 'खंडकाव्य' में देखी जा सकती है कि किस प्रकार तुलसीदास की पत्नी रत्नावली केवल एक भारतीय नारी के रूप में सामने नहीं आई है, बल्कि स्वाभिमानी नारी की भाँति जनकल्याण के लिए समर्पित है।

बीज शब्द : नारी, प्रेरणास्त्रोत, तुलसीदास, लोक कामना।

प्रस्तावना :

''बाल झबरे, दृष्टि पैनी, फटी लुंगी...
किन्तु अंतर्दीप्त था आकाश सा उन्मुक्त मन।''

आलोच्य पंक्तियों के माध्यम से हिंदी साहित्य के जिस ओजस्वी एवं क्रांतिकारी कवि के आंतरिक एवं बाह्य व्यक्तित्व का शब्द चित्र अंकित किया गया है, वह है छायावाद का अभिमन्यु एवं माँ भारती का एकनिष्ट साधक सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'। एक ऐसे विशिष्ट व्यक्तित्व, जो साहित्य के क्षेत्र में अपने नाम के अनुरूप केवल निराले ही नहीं,

अपितु जीवन भर अपने काव्य सृजन को अर्थगांभीर्य, भव्यता, वेदना एवं अनुराग से भरते रहे। यह कहने की आवश्यकता नहीं कि निराला के काव्य में कबीर की निर्भीकता, सूफियों का सादापन, सूर-तुलसी की प्रतिभा और प्रसाद की सौंदर्य चेतना साकार हो उठी हैं। युग - परंपरा के प्रति प्रबल विद्रोह का भाव लेकर काव्य रचना करने वाले कवियों में सर्वाधिक अनोखे व्यक्तित्व की गरिमा से मंडित महाप्राण निराला हिंदी साहित्य के युग प्रतिनिधि कवि हैं। युगों से बहती हवा के रुख को मोड़ने वाले निराला के व्यक्तित्व की चर्चा के बिना हिंदी साहित्य प्रेमियों का सफर पूरा ही नहीं होता है।



बहुमुखी प्रतिभा के धनी सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' प्रारंभ से ही हिंदी, बंगला, अंग्रेजी एवं संस्कृत भाषाओं में निपुण थे। समकालीन कवियों से अलग पहचान बनाने वाले निराला अपनी रचनाओं में कल्पना से अधिक यथार्थ को प्रमुखता देते हुए हिंदी में मुक्तक छंद के प्रवर्तक के पद पर भी आसीन रहे। सन 1930 ई. में प्रकाशित परिमल की भूमिका में कविता की मुक्ति की बात की है, जिसमें वे स्वतंत्र रूप से गुहार लगाते हुए कहते हैं, 'मनुष्यों की मुक्ति की तरह कविता की भी मुक्ति होती है। मनुष्यों की मुक्ति कर्म के बंधन से छुटकारा पाना है और कविता की मुक्ति छंदों के शासन से अलग हो जाना है। जिस तरह मुक्त मनुष्य कभी किसी तरह दूसरों के प्रतिकूल आचरण नहीं करता, उसके तमाम कार्य औरों को प्रसन्न करने के लिए होते हैं फिर भी स्वतंत्र।' निराला के जीवन पर श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद तथा रवींद्रनाथ टैगोर आदि महान विभूतियों से प्रभावित होने के कारण उनके विचारों एवं कृतियों में इस प्रकार का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक था। स्वच्छंद प्रकृति की भाँति विद्यालय में पढ़ने से अधिक घूमने, खेलने, तैरने के अलावा कुश्ती लड़ने एवं संगीत जैसी विभिन्न कलाओं में उनकी रुचि बढ़ने लगी। इन तमाम कलाओं में विशेष रुचि होने के कारण अध्ययन की ओर उनका ध्यान कम होने लगा, जिसके कारण हृदय में पुत्र के प्रति अपार स्नेह होने के बावजूद नहीं चाहते हुए भी पिता को अपने पुत्र के प्रति कठोर व्यवहार करना पड़ा। इन सबके बीच 16-17 वर्ष की उम्र से ही उनके जीवन में विपत्तियों का आगमन रहा, परंतु प्रकृति और चेतना के बीच जाने कितने निष्फल प्रयोगों के उपरांत निराला जैसे व्यक्तित्व का निर्माण हुआ, जो अपने आप में स्रष्टाओं से श्रेष्ठ है। इन तमाम संघर्षों को झेलते हुए संपादन, स्वतंत्र लेखन एवं अनुवाद कार्य की ओर आकृष्ट हुए और साहित्य संबंधी विधाओं पर लेखनी चलाई है, किंतु उनकी लोकप्रियता का मूलाधार उनके काव्य ही हैं। अपने युग जीवन की गतिविधियों को आत्मसात करते हुए उन्होंने अनामिका, परिमल, गीतिका, सरोज स्मृति, अनामिका नवीन, कुकुरमुत्ता, अणिमा, बेला, नये पत्ते, आराधना, गीतकुंज आदि दर्जनों काव्यों की रचना की है। इन्हीं में से तुलसीदास भी एक है, जिसमें भारत का सांस्कृतिक सूर्य अस्त होने के पश्चात भारतीय जनमानस में उपजे हताशा, निराशा, अन्याय एवं उत्पीड़न से निजात पाने की भावना को वाणी प्रदान की गई है।

वस्तुत: किसी भी देश की पराधीनता सबसे पहले राष्ट्र के गौरव पर चोट करती है, लेकिन जब मुक्ति की आकांक्षा उत्पन्न होती है तो व्यक्ति को सबसे पहले अपने राष्ट्र के प्रति गौरव का भाव उत्पन्न करना होता है । अतीत भले ही गुलाम रहा हो, किंतु वर्तमान सदैव ऐसा ही नहीं रहेगा। यही पुनरुत्थान भारतीयों को मानवीय मूल्यों को पहचानने की नवीन दृष्टि प्रदान की तथा अतीत की घटनाओं के माध्यम से गुलामी की जंजीरों को काटने एवं स्वतंत्र राष्टख की कल्पना का आह्वान

'तुलसीदास खंडकाव्य' में अभिव्यक्त हुआ है। भारत के सांस्कृतिक सूर्य के अस्त होने पर देश में किस प्रकार अंधकार छाया हुआ है, इसका मार्मिक चित्र समाज के सामने लाने के लिए निराला ने तुलसीदास जैसी अमूल्य धरोहर को इस खंडकाव्य का मुख्य पात्र के रूप में चयन किया। संपूर्ण काव्य में निराला ने तुलसीदास को विभिन्न समस्याओं में उलझे हुए दिखाया है और उन तमाम समस्याओं में कवि की सारी हुँकार किस प्रकार झलकती है, इसका सजीव चित्र तुलसीदास शीर्षक चरित्र में देखा जा सकता है।

विश्लेषण :

मनुष्य का प्रकृति के साथ सर्वाधिक एवं सर्वप्राचीन संबंध रहा है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। सही मायने में कहा जाए तो प्रकृति मनुष्य के लिए गुरु की भूमिका के रूप में सामने आया है। आदिकाल से ही मनुष्य की सहचरी रही है। दरअसल, प्रकृति मानव को अनेक ज्ञान के प्रति आकर्षित करती है, जिसमें पतझड़ का मतलब पेड़ का अंत होना नहीं होता। प्रकृति के इस तथ्य को जिस व्यक्ति ने स्वीकार किया है, उसने अपने मार्ग से विचलित हुए बगैर नए सिरे से सफलता पाने की कोशिश की है, जिसमें उन्हें सफलता के साथ-साथ अनेक नए ज्ञान से रू-ब-रू होने का अवसर प्राप्त हुआ है। गौरतलब है कि प्रकृति की सतरंगी चूनर मानव मन को लुभाया है तो कभी विशाल पर्वतों एवं दुर्गम जंगलों ने मानव मन को विस्मित भी किया है। इसका उल्लेख भारतीय पुराणों में भी देखा जा सकता है। सृष्टिकर्ता ब्रह्मा प्रकृति के रहस्यमय पुष्प कमल से उत्पन्न हुए थे तथा भारतीय संस्कृति के रक्षक ऋषि-मुनियों ने भी वनों और पर्वतों में ही अपना जीवन बिताया। आधुनिक युग तक आते-आते प्रकृति ने अपने सौंदर्य, सुषमा तथा यौवन के साथ काव्य क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई । छायावाद की यही प्रेमवादी प्रकृति तुलसीदास की सूक्ष्म निरीक्षण शक्ति को कई रूपों में ईश्वरीय सत्ता की श्रृंगारिक आधारशिला स्थापित की है।

जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है कि प्रकृति ने हमेशा से ही मनुष्य की सहचरी की भूमिका निभाई है। दैनिक जीवन के लिए उपलब्ध तमाम संसाधनों को प्रकृति पूरा करती है। प्रकृति की इस मनोहर एवं मादक दशा ने मनुष्य को मुग्ध किया है तो कभी माँ एवं सहचरी की भाँति मार्गदर्शन भी कराया है। प्रकृति के पास कुछ ऐसी परिवर्तनशील शक्तियाँ संचित रहती हैं, जो मानव स्वभाव को उसके अनुसार बदलती हैं। मूलत: छायावादी कवियों की भाँति तुलसीदास भी प्रकृति के मनमोहक रूप को देखकर प्रकृति के सूक्ष्म सौंदर्य में ही अपनी पत्नी की सुंदरता को अनुभव कर मुग्ध हो गए थे। तुलसीदास को पत्नी प्रेम एवं मोह ने अपने माया रूपी जाल में इस प्रकार जकड़ा हुआ था कि उन्हें पत्नी मोह की कल्पना के आगे संसार के भयंकर संकट के प्रति ध्यान ही नहीं था। दरअसल, तुलसी के इस आत्मबोध के पीछे लोक की विपन्नता का प्रभाव था । समाज को इस पीड़ा से मुक्त करने के लिए तुलसी के अतिरिक्त कोई नहीं आत्मसात करा सकता। इनका संपूर्ण जीवन आदर्शवादी लोक जीवन के अनुकूल था । तुलसी की चिंता का मुख्य अंश लोक वेदना से ही परिचालित था।

एक तरफ तुलसी की माया रूपी वासना प्रकृति में अपने प्रतिबिंब का आभास कराती है तो दूसरी ओर देश निरंतर पराधीनता की ओर बढ़ रहा था। ऐसी स्थिति से उबरने के लिए निराला लोक में प्रचलित उस कथा को आधार बनाया, जिस माया रूपी वासना में लीन होकर तुलसीदास स्वयं को वैभव संपन्न अनुभव कर रहे थे। यहाँ इस कथ्य का उल्लेख करना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि जिस माया रूपी पत्नी ने उन्हें मन मुग्ध किया था, उसी मोह ने मानो स्वयं सरस्वती रूप में प्रकट होकर अतीत एवं वर्तमान की चुनौतियों से अवगत कराते हुए पत्नी मोह से मुक्त कर लोक कल्याण के प्रति प्रेरित किया, जिसमें समग्र भारत की सभ्यता को पुनर्जीवन देने की कामना है।

ऐसी स्थिति में तुलसीदास में पूर्ण रूप से लोक कल्याण की समस्त सेवा भावना जगाने वाली पत्नी रत्नावली ने आदर्श चरित्र राम के शील गुण कर्तव्यों के प्रति संकेत करते हुए तुलसीदास को भी जन कल्याण के

प्रति प्रेरित किया है–

हाड़ मांस की देह मम, तापर जितनी प्रीति,
तिसु आधी जो राम प्रति, अवसि मिटहिं भव

भीति (निराला : खंडकाव्य, भूमिका)

गौरतलब है कि सदियों से चली आ रही नारी के प्रति धारणा इस काव्य कृति में अपनी एक अलग अस्मिता की अधिकारिणी है। यह कहने की आवश्यकता नहीं कि भारतीय नारी त्याग, तपस्या एवं बलिदान की प्रतिमूर्ति है। वह धरती की तरह सहनशील है, जिसके कारण अनेक दुखों एवं कष्टों को अपने अंदर समाहित करने से पीछे नहीं हटती। इस काव्य में तुलसीदास की पत्नी रत्नावली केवल एक भारतीय नारी के रूप में सामने आती हुई दिखाई नहीं दी है, बल्कि स्वाभिमानी नारी की भाँति जनकल्याण के लिए समर्पित है। कवि ने आलोच्य काव्यकृति में तुलसीदास एवं पत्नी रत्नावली के दांपत्य जीवन की मधुर झाँकी के साथ-साथ तुलसी की बोध – प्राप्ति का हृदयस्पर्शी वर्णन किया है, जिसमें विवाहोपरांत तुलसी को अपनी पत्नी से बेहद प्रेम करते हुए दिखाया गया है। पत्नी मोह के कारण तुलसीदास रत्नावली को उसके मायके नहीं जाने देते, जिसके कारण तुलसीदास को बाजार जाने के पश्चात रत्नावली का भाई तुलसी की पत्नी को लेकर अपने घर लौट जाता है। तुलसी जब वापस आते हैं तो पत्नी को घर में नहीं पाने के कारण काफी निराशा होती है, फलस्वरूप पत्नी मोह तुलसी को पत्नी के पीछे जाने से नहीं रोक सका । तुलसी के इस फैसले से पत्नी रत्नावली के आत्मसम्मान को ठेस पहुँची । घर पहुँचने पर पत्नी रत्नावली उद्बोधनपूर्ण वाक्यों से तुलसी को भौतिक प्रपंच के संकीर्ण जाल से मुक्त कर देती है। पत्नी पति के मोह को अगर स्वीकार कर लेती तो तुलसी को अपने भटके हुए मार्ग का ज्ञान नहीं होता और ना ही इतने बड़े खंडकाव्य की नींव रखी जाती।

वस्तुत: जिस विलक्षण प्रतिष्ठा के लिए तुलसीदास ने लोक मंगलकारी सत्य धर्म की प्रतिष्ठा का आरंभ राम के चरित्र के माध्यम से किया था, उसकी दृष्टि अत्यंत व्यापक थी। उन्होंने केवल कठोर और कोमल हृदय पक्ष का ही समन्वय नहीं किया, बल्कि अपने समय में व्याप्त समाज की विभिन्न विषमताओं को दूर करते हुए समन्वय का अनूठा प्रयास किया था, ठीक उसी प्रकार निराला ने भी 'तुलसीदास खंडकाव्य' के माध्यम से प्रत्येक भारतवासी को हजारों सालों पुरानी भारतीय परंपरा में प्रचलित वेदों एवं दर्शनशास्त्रों की पवित्र भारतभूमि की गौरवमयी सभ्यता एवं सांस्कृतिक चेतना के प्रति ध्यान आकर्षित करते हुए वर्तमान की चुनौतियों से निजात पाने हेतु दृढ़ संकल्प लिया है।

प्राचीन काल से जिस ओजस्वी महाशक्ति ने अपने त्याग एवं बलिदान के द्वारा समाज और राष्ट्र को गौरवान्वित किया है, उसी महाशक्ति का एक अन्य रूप इस काव्य कृति में व्यक्त हुआ है । कहने की आवश्यकता नहीं कि यह पंक्तियाँ अपने आप में कितनी महत्वपूर्ण हैं। बस इतना ही कहा जा सकता है कि हजार चेहरों में एक आप ही अच्छे लगे, जिसकी कथा ने गुमनामी के रास्ते में फँसी असीम शक्ति का अनुभव कराते हुए संपूर्ण राष्ट्र के कल्याण हेतु प्रेरित किया। एक तरफ समाज कल्याण तो दूसरी ओर अंधकार पर विजय प्राप्त करने की एक अन्य बड़ी चुनौती तुलसी के सामने खड़ी हुई, जिसमें तुलसी को संपूर्ण जन मानस में करुणामयी आशा की पुकार सुनाई दे रही थी। भारतीय जीवन की प्राणहीन आभासित गति के पीछे तुलसीदास का मार्मिक प्रेम धुँधला पड़ता हुआ दिखा। तुलसीदास ने वैराग्य लिया, उनके पूर्व संस्कार जागृत हुए। तुलसीदास की आसक्ति राम के प्रति परिवर्तित हुई, जिसके परिणामस्वरूप सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने 'तुलसीदास खंडकाव्य' की संपूर्ण आधारशिला स्थापित कर समसामयिक परिस्थितियों को सिर्फ आलंकारिक रूप ही प्रदान नहीं किया, बल्कि स्वाधीनता की असीम ऊँचाईयों तक पहुँचाने वाली भावना को भी जागृत किया है, जिसका आधुनिक काल में ... विशेषत : वर्तमान समय में ये उक्तियाँ भारतीय युवा पीढ़ी की मानसिकता को उद्घाटित कर सभ्य एवं संस्कारित राष्ट्र के नवनिर्माण के लिए एक मिसाल बनकर सामने आएगी। वस्तुत: यह दृष्टांत उक्तियों ने स्वतंत्रता के प्रतीक के रूप में स्वयं महाकवि तुलसीदास को सत्य के मार्ग के प्रति किस प्रकार उद्वेलित किया, इसकी कल्पना

संपूर्ण जन मानस के लिए ज्योति पथ के रूप में मार्ग दर्शन करेगी, इसमें कोई संदेह नहीं।

निष्कर्ष :

आलोच्य काव्य कृति में कवि ने व्यक्तिगत सुख रूपी मोह माया से वंचित कर ज्ञान रूपी सत्य की खोज के प्रति ध्यान आकृष्ट करने का प्रयत्न किया है। समाज में व्याप्त संपूर्ण घटना चक्र को निराला तुलसी के नजरिये से दिखाने भारतीय युवा पीढ़ी के सामने लाए हैं। उनका यह प्रयास अज्ञान रूपी अंधकार को निर्मल कर व्यक्ति अंतर्मन की मनोवैज्ञानिक भूमि पर विश्लेषित कर इतिहास के परिपार्श्व में भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के अध्ययन को महत्वपूर्ण मानते हुए प्रकृति के सूक्ष्म सौंदर्य में आध्यात्मिक सत्ता की ओर भी संकेत किया है। वर्तमान को बदलने की प्रबल आकांक्षा ने तुलसीदास जैसे महान कवि के जीवन को कथा का आधार बनाया है तथा उन्हें विभिन्न क्रिया-कलापों एवं समस्याओं से घिरते हुए दिखाकर उस विकट परिस्थिति में रास्ता निकालने की ओर उन्मुक्त किया है। निराला की आत्मसंतुष्टि ने उन्हें प्रेरित कर जनकल्याण की ओर अग्रसर किया, जिसमें अपने समय के अज्ञान एवं अंधकार से समाज को मुक्त करने का जो प्रयास तुलसीदास ने किया, वही प्रयास निराला का भी रहा। उन्होंने अतीत, वर्तमान एवं भविष्य की मुक्ता को वाणी प्रदान करते हुए आम आदमी की चेतना को उद्दीप्त किया है। प्रस्तावित काव्यकृति में तुलसीदास का चित्रण श्रीराम भक्त के रूप में न करके युग-प्रतिनिधि के रूप में किया गया है। संपूर्ण काव्य में जीवन मूल्यों की अंतिम परीक्षा ली गई है, जिसमें एक ओर तुलसीदास संस्कृति के उद्धारक के रूप में सामने आते हैं तो दूसरी ओर सफल युग प्रतिनिधि के रूप में ।

सही मायने में देखा जाए तो तुलसीदास का गृहस्थ जीवन वैराग्य की परिणति नहीं है, अपितु संसार के उज्ज्वल भविष्य की कामना है, जिसमें सदियों से चली आ रही स्त्री के प्रति पुरुष की रूढ़िवादी मानसिकता को स्वतंत्र रूप प्रदान किया गया है। यही स्वतंत्रता नारी को अबला कहने की वजाय सबला, कामिनी से कामदाहिनी, एवं सीमित गृहिणी से नील वासना 'शारदा' का रूप प्रदान करती है। नारी की शक्ति को सिद्ध करते हुए तुलसीदास के सोए हुए संस्कार को जगाने वाली रत्नावली युग नारी के स्तर को और ऊँचा उठाने में विशेष महत्व रखती है। अत: नारी की शक्ति के साथ-साथ पुरुष की शक्ति एवं सीमा की भी बड़ी सहजता के साथ अभिव्यक्ति प्रदान की गई है, जो भारत की सबसे प्राचीन और सबसे समृद्ध संस्कृति की विरासत संजोए हैं। अत: कोई भी देश अपनी सांस्कृतिक धरोहर से ही महान बनता है। देश की सांस्कृतिक धरोहर को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। यही प्रयास 'तुलसीदास खंडकाव्य' में 'प्रेम सत्यम् शिवम् सुंदरम्' का रूप धारण कर भारतीय संस्कृति की अदमित शक्ति को सिद्ध करते हुए जीवन भर लोकहित की कामना से बहते रहने का दृढ़ संकल्प है। ❑

संदर्भ ग्रंथ :

1. निराला, तुलसीदास, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 2004
2. सिंह, नामवर, छायावाद, राजकमल प्रकाशन,19वाँ संस्करण, नई दिल्ली, 2015
3. वर्मा, धनंजय, निराला काव्य : पुनर्मूल्यांकन, विद्या प्रकाशन मंदिर, प्रथम संस्करण, दिल्ली, 1973
4. डॉ. सक्सेना, द्वारिका प्रसाद, हिंदी के आधुनिक प्रतिनिधि कवि, विनोद पुस्तक मंदिर, नवीन संस्करण, आगरा, 2002
5 . डॉ. नगेन्द्र, हिंदी साहित्य का इतिहास, प्रकाशन, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, प्रथम संस्करण, दरियागंज, 1973

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यास 'चाक' में नारी मनोविज्ञान की अभिव्यक्ति

खुराइजम बेबीरोशिनी

शोध छात्रा, हिंदी विभाग
मणिपुर विश्वविद्यालय, काँचीपुर
इंफाल, मणिपुर-795003
मो. 6909549667
ईमेल : khuraijambabyroshinid@gmail.com

मनोविज्ञान मन का विज्ञान है, जिसमें मानव व्यवहार तथा उसकी मानसिक प्रक्रियाओं का अध्ययन किया जाता है। शुरुआती दौर में मनोविज्ञान विषय को दर्शनशास्त्र का अंग माना जाता था, पर बाद में धीरे-धीरे दर्शनशास्त्र से हटाकर इसके अंतर्गत मानव मन का अध्ययन होने लगा। मानव मन के पश्चात मनुष्य के व्यवहार की ओर ध्यान गया, जिसमें मनोवैज्ञानिकों ने मनुष्य के व्यवहार को वैज्ञानिक ढंग से अध्ययन करने की प्रणाली विकसित की।

मनोविज्ञान विषय के संदर्भ में वियेना के निवासी 'सिग्मण्ड फ्रायड' का नाम लेना उचित होगा, जिन्होंने मनोविज्ञान के नए आयाम को प्रस्तुत कर मनुष्य के आंतरिक रूप की बड़े ही सूक्ष्म एवं वैज्ञानिक ढंग से विवेचना की है। उनके अनुसार मानव मन की तीन दशाएँ हैं - (1) चेतन (conscious), (2) अर्द्ध चेतन (subconscious), तथा (3) अचेतन (unconscious)। चेतन मन से तात्पर्य उस मन से है, जिसका संबंध बाहरी वास्तविकताओं के साथ होता है। जब हम वर्तमान समय में रहकर विभिन्न क्रिया-कलापों से विचार अनुभव ग्रहण करते हैं तथा किसी से बातचीत करने के दौरान विचारों की अनुभूति होती है, वह चेतन होता है। जैसे उदाहरण के तौर पर देख सकते हैं कि **''अभी आप यह किताब पढ़ रहे हैं। अतः इससे जो अनुभूति आपके मन में हो रहा है वह चेतन (conscious) है।''**[1] अर्द्ध चेतन या अवचेतन मन से तात्पर्य उन अनुभवों, विचारों आदि से है, जिन्हें व्यक्ति वर्तमान समय में रहकर अर्जित करता तो है, लेकिन थोड़ी देर के लिए वह उन विचारों को भूल जाता है। लेकिन स्मरण की प्रक्रिया से भूले हुए विचारों को फिर से याद

किया जा सकता है । जैसे- **''आलमारी में आप अमुक किताब को नहीं पाते हैं और आप थोड़ी देर के लिए परेशान हो जाते हैं। फिर कुछ सोचने पर याद आता है कि अरे वह किताब तो हम अपने मित्र को दे दिया था।''** [2] अचेतन मन से तात्पर्य उन अनुभवों से है, जो न ही हमारी चेतना में होते हैं और न ही हमारी अर्द्ध चेतना में। ऐसे अनुभव हमारे अचेतन मन में होते हैं। इसमें ऐसी दबी हुई इच्छाएँ विद्यमान रहती हैं , जिसका स्वरूप कामुक, असामाजिक, अनैतिक तथा घृणित होता है। इस तरह के अनुभव, विचार, इच्छा आदि अचेतन में रहकर समाप्त नहीं होते हैं बल्कि स्वप्न, दैनिक जीवन की मनोविकृतियाँ, सम्मोहन आदि अवसरों पर अचेतन की अनुभूतियाँ चेतन में अभिव्यक्त होती हैं। **''जैसे किसी मित्र के घर पर यदि रूमाल या कलम या किताब छोड़कर हम चले आते हैं तो फ्रायड के अनुसार आप में उस मित्र से पुनः मिलने की एक इच्छा रहती है, जो अचेतन में होती है। वही इच्छा वेश बदलकर चेतन में (अर्थात रूमाल या कलम या किताब मित्र के घर पर छोड़ देने के रूप में) व्यक्त हो रही है।''** [3]

आज के जमाने में व्यक्ति अपनी जिंदगी का निर्वाह करने के किए परिवेश के साथ सामंजस्य बैठाने की कोशिश करता है। जब परिवेश में चल रही सामाजिक व्यवस्था में असंतुलन पैदा होता है तो सामंजस्य न कर पाने के कारण व्यक्ति हताश होकर मानसिक पीड़ाओं से गुजरता है। प्रत्येक व्यक्ति अपनी इच्छा के अनुसार जीवन यापन करना चाहता है, लेकिन समाज में प्रचलित कुरीतियों के कारण उसकी इच्छा के अनुरूप नहीं हो पाता है तथा व्यक्ति की दबी हुई इच्छाएँ अचेतन मन में रह जाती हैं। **''आधुनिक युग मानव-मन की उलझनों का युग है। कहीं व्यक्ति अपने परिवेश से सामंजस्य नहीं बैठा पा रहा है तो कहीं किसी कारण से अपराधबोध या हीनभाव से ग्रस्त है। कहीं व्यक्ति किसी घटना या कारण से मानसिक पीड़ा से संत्रस्त है ।''** [4] इस तरह की समस्या मैत्रेयी पुष्पा के उपन्यास 'चाक' में भी पाई जाती है। उपन्यास की नायिका 'सारंग' समाज में प्रचलित स्त्रियों के ऊपर हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती है तो कुछ लोग उसके द्वारा किए गए कार्यों को गलत साबित कर दबाने की कोशिश में रहते हैं। परिणामस्वरूप उसे कई तरह की मानसिक पीड़ाओं से गुजरना पड़ता है, जिनके अनुभव उसके अचेतन मन में जमा होते रहते हैं, जो समय-समय पर प्रस्फुटित होते हैं।

उपन्यास की शुरुआत सारंग की फुफेरी बहन रेशम की मौत के खिलाफ प्रतिक्रिया से होती है। रेशम खुले स्वभाव की स्त्री है तथा अपनी इच्छा के अनुसार जीवन यापन करना पसंद करती है। वह विधवा होकर भी दूसरे पुरूष के साथ देह संबंध बनाती है तथा समाज की मान-मर्यादाओं को पीछे लांघकर अपनी स्वतंत्र चाह के अनुरूप बच्चे को जन्म देने के लिए प्रण लेती है। **''पेड़ हरा-भरा रहे तो फल-फूल क्यों नहीं लगेंगे ? क्या ऐसा हो सकता है कि ऋतु आए और वल्लरी न फूले।''** [5] ससुराल वाले उसकी इच्छा के खिलाफ हो जाते हैं। उसकी परंपरावादी सास बच्चे को गिराने के लिए रेशम पर दबाव डालती है, लेकिन रेशम साफ मना करती हुई सामाजिक व्यवस्था के खिलाफ अपने विचार प्रदर्शित करती है - **''मैंने कह तो दिया पंचायत जोड़ लो, मैं कह दूँगी मुझे छोड़ दो। बच्चा मेरे पेट से पैदा होगा, घर वाले इसमें शामिल ही कहाँ है ?''** [6] रेशम और उसकी सास दोनों अपने-अपने विचार प्रदर्शित करती हैं तो उनकी बातों ही बातों में बहस छिड़ जाती

है। पर बाद में सास को यह मालूम हो जाता है कि इस बकझक से कुछ हासिल नहीं होने वाला है, रेशम से विनती करना ही ठीक रहेगा। इसी तरह सास रेशम को डोरिया (जेठ) का हाथ थामने के लिए कहती है - **''बेटी, मेरी पत राख । रेसम, मेरी बछिया, इस घर की लाज राख ले । जो कर बैठी, सो कर बैठी । भूल ठहरी। अब तू ऐसा कर कि डोरिया की बाँह थाम ले । सब परदा ढक जाएँगे मेरी बेटी, सब परदा...घर की बात घर में रहेगी।''** [7] समाज के सामने घर की इज्जत बनाए रखने के लिए सास रेशम को उसके जेठ के साथ बछिया करने के लिए कहती है। सास की इसी बात को रेशम ठुकरा देती है तथा अपने मन की बात को इस प्रकार प्रकट करती है -**''अम्मा, तुम बूढ़ी होकर ऐसी बातें करती हो ? पिता समान जेठ का हाथ पकड़ लूँ ? फिर जो बच्चे का बाप है ही नहीं, उसको बाप का दर्जा क्यों दूँ ? ऐसा ही करना होता तो तुम्हारे बड़े पूत का ही बालक करती।''** [8] रेशम की सास उसे मार डालने के लिए हर प्रकार से इंतजाम करती है, मगर हर प्रयास में वह असफल सिद्ध होती है। एक दिन वह गर्भ गिराने की दवा माँगकर लाती है तथा दूध में मिलाकर रेशम को पीने के लिए कहती है। लेकिन रेशम सच्चाई से वाकिफ हो जाती है और दूध को बिना पीए ही फेंक देती है। ससुराल वालों के बार-बार समझाने पर भी रेशम मानने को तैयार नहीं होती है, नतीजा उसे मौत के घाट उतारा जाता है। इस संदर्भ में 'आदमी की निगाह में औरत' से लिया गया कथन द्रष्टव्य है - **''साहित्य और समाज की सबसे बदनाम, बहिष्कृत और गुमराह औरतें वे हैं, जो अपने शरीर और मन को अपने पतियों, स्वामियों या अभिभावकों तक ही सीमित नहीं रख पाईं। यानी शरीर की माँग ने जिनके भीतर एक स्वतंत्र इच्छाशक्ति जगा दी। वे पुंश्चली, कुलटा, छिनाल, रंडी, पतिता इत्यादि के नाम से सजा की अधिकारिणी हुईं । इस स्वतंत्रता की सजा मौत ही थी। उन्हें गुपचुप या सार्वजनिक रूप से सजा देने को हर समाज ने जायज समझा।''** [9]

''मैं ही नहीं जान पा रही कि जो कुछ उसके साथ हुआ, वह उसकी भरपाई थी या मेरी अपनी अधूरी-पूरी इच्छा ? दबी-घुटी लालसा या वर्जित फल को चखने-जाँचने की जिद ? मेरा ही फैसला था कहीं। आजाद होकर सोच रही थी अपने बारे में। ...चंदन के कारण श्रीधर को बाँधना चाह रही हूँ मैं ? या अकेली ही चलकर ताकत इकट्ठा कर रही हूँ ? देखना चाहती हूँ कि कहाँ-कहाँ से गुजर जाऊँगी ? मालूम नहीं श्रीधर के संग एक हो जाने का कौन-सा कारण था ?''

अब सारंग अपनी बहन के हत्यारे से बदला लेने के लिए दृढ़ निश्चय लेती है। वह बिना किसी भय के डोरिया (रेशम के हत्यारे) को सजा दिलाने के लिए हर परिस्थितियों का सामना करती है। शुरू में तो पति रंजीत उसका साथ देता है, पर बाद में गाँव वालों के डर से अपने मुकदमे को वापस ले लेता है। पुख्ता सबूत न मिलने के कारण डोरिया जेल से रिहा हो जाता है। इसके बाद सारंग की जिंदगी में परेशानियाँ शुरू हो जाती हैं। डोरिया उसके इकलौते बेटे चंदर को मार डालने की धमकी देता है। इसमें सारंग चुप न रहकर प्रतिक्रियास्वरूप डोरिया की छाती पर जूतों से वार करती है । सारंग अपने बेटे के लिए चिंतित होती है तथा कुछ उपाय नहीं होने के कारण न चाहते हुए भी वह अपने बेटे चंदर को जेठ-जेठानी के पास रहने के लिए आगरा भेज देती है । दूसरी तरफ सारंग फिर से बदला लेने के लिए रिश्ते में बहनोई कैलाशसिंह को बुलाकर डोरिया को अखाड़े में परास्त भी करवाती है । इन सबके बीच पति का साथ न देना और अपने बेटे के चले जाने से सारंग अपने आपको बहुत कमजोर महसूस करती है। सिर्फ इतना ही नहीं, सारंग समाज की मान-मर्यादाओं को मानकर चलना चाहती तो है, लेकिन समाज में पनप

रहे असंतुलन की स्थिति से सारंग तनाव से मुक्त नहीं हो पाती है तथा वह दिन-ब-दिन मानसिक परेशानियों का सामना करती है ।''**सामान्यतः स्त्री समाज के विभिन्न पहलुओं से सामंजस्य स्थापित करते हुए शांतिपूर्वक जीने का प्रयास करती है, परंतु जब इस सामंजस्य में असंतुलन पनपता है तो उसका व्यक्तित्व बिखरने लगता है। वह अपने को बहुत कमजोर समझने लगती है।**''[10]

धीरे-धीरे सारंग का अपने पति से विश्वास टूटने लगता है, जिससे आगे की घटनाएँ जन्म लेती हैं। गाँव में आए स्कूल मास्टर श्रीधर के व्यक्तित्व से सारंग प्रभावित हो जाती है तथा उसका मन नए मास्टर की ओर आकर्षित होने लगता है । वह उसे देवता के रूप में देखती है, जो बाद में सारंग की जिंदगी में आई कठिनाइयों में साथ देता है । श्रीधर जाति से कुम्हार है, जो पढ़ा - लिखा व्यक्ति है। गाँव में आए लगभग सभी मास्टर ज्यादा समय तक नहीं टिक पाते हैं, जिसकी वजह से गाँव के बच्चे पढ़ने के लिए शहर में पलायन कर जाते हैं। सारंग नहीं चाहती है कि अन्य मास्टरों की भाँति श्रीधर मास्टर भी गाँव से चला जाय। स्कूल में पढ़ाने वाले मास्टर रहेंगे तो बच्चे भी सीखेंगे तथा जीवन में आगे बढ़कर कुछ कर गुजर पाएँगे। इसी विचार को ज्यादा अहमियत देते हुए सारंग श्रीधर मास्टर से नजदीकियाँ बढ़ाती रहती है।

जिस तरह एक हाथ से ताली नहीं बजती, उसी तरह नारी का साथ जब पुरुष देता है तो वह कुछ भी कर सकती है । इसी तरह श्रीधर मास्टर की संगति से सारंग की बौद्धिकता को अधिक गति मिलती है तथा उसके दिलों - दिमाग में दबी हुईं इच्छाएँ हकीकत में बदलने का मौका भी पाती हैं । वह अपने स्वतंत्र अस्तित्व की पहचान कर केवल घर पर ही नहीं, बल्कि बाहर भी निकलकर अपने कर्तव्यों का निर्वाह करती है। श्रीधर की प्रेरणा से सारंग पूरे आत्मविश्वास के साथ घर की दहलीज पार करती हुई चुनाव तक लड़ने के लिए तैयार हो जाती है और लोगों के लिए चर्चा के केंद्र में होती है। पति रंजीत साथ में रहकर भी सारंग के कार्यों में साथ देने के बजाय हस्तक्षेप करता है। परिणामस्वरूप पति-पत्नी के बीच जंग छिड़ जाती है। दोनों पति-पत्नी के मध्य एक-दूसरे पर विश्वास न होने के कारण दोनों एक-दूसरे के आचरण को गलत ढंग से देखने लगते हैं। रंजीत को लगता है कि सारंग दिन-ब-दिन चरित्रहीन बनती जा रही है और सारंग को लगता है कि उसका पति प्रधान फत्तेसिंह के कुचक्र में घुसता जा रहा है। दूसरी तरफ श्रीधर मास्टर और सारंग की समीपता को देखकर पति रंजीत के दिलों - दिमाग में खून खौल उठता है। रंजीत इसे बर्दाश्त नहीं कर पाता है और सारंग के ऊपर ललकारता हुआ कहता है -''**साली इधर आ । बाहर निकल बदकार । तेरी माँ को...बहन चो...निकल! आ! बंदूक का बट उछालते हुए झपटे ।**''[11] वह चुप न रहकर श्रीधर पर सीधा हमला करने लग जाता है। इसके बाद श्रीधर किसी भी तरह उस हमले से बच जाता है। सारंग और श्रीधर की नजदीकियाँ बाद में शारीरिक संबंध में बदल जाती हैं। सारंग श्रीधर के साथ देह संबंध बनाकर भी अपराध बोध महसूस नहीं करती है।''**मुझे तो पाप नहीं लगा अपना किया। कतई नहीं हुआ पाप-बोध। जो किया, सोच-समझकर किया। मैं अबोध थी, न विधवा राँड और न कुँआरी अल्हड़ जवानी की मारी। श्रीधर के ऊपर अहसान भी नहीं किया मैंने। नहीं किया! वे घायल, टूटे बिखरे से...ऐसे ही, जैसे चंदन था नया जन्मा। छोटा-सा अवश अबोध। दूध भी नहीं चकोर पाता था निर्बल। अपनी छातियाँ मसलकर दूध की बूँदें जुटाई थीं, उसके होंठों पर चुआ दी, कि तालू चटके नहीं। श्रीधर ऐसे ही तो लगे थे। नहीं तो उस घड़ी यह बरसों पुरानी बात क्यों याद आई ?**''[12]

सारंग अपनी शारीरिक इच्छा को भी स्वीकार करती हुई कहती है- ''**मैं ही नहीं जान पा रही कि जो कुछ उसके साथ हुआ, वह उसकी भरपाई थी या मेरी अपनी अधूरी-पूरी इच्छा ? दबी-घुटी लालसा या वर्जित फल को चखने-जाँचने की जिद ? मेरा ही फैसला था कहीं। आजाद होकर सोच रही थी अपने बारे में। ...चंदन के कारण श्रीधर को बाँधना चाह रही हूँ मैं ?**

या अकेली ही चलकर ताकत इकट्ठा कर रही हूँ? देखना चाहती हूँ कि कहाँ-कहाँ से गुजर जाऊँगी? मालूम नहीं श्रीधर के संग एक हो जाने का कौन-सा कारण था?'' [13]

कथा के अंतिम भाग में सारंग गाँव में प्रधानी का चुनाव लड़ती है, लेकिन इस कार्य के लिए गाँव वालों की तरफ से समर्थन मिलना तो क्या? औरत होने के कारण उसे सिर्फ मजाक बना दिया जाता है। इस पर फत्तेसिंह सारंग की तरफ व्यंग्य करते हुए कहता है - **''तुम तो प्रधान का पर्चा भरो, नहीं तो इस गाँव में गधाराज होगा या लुगाईराज। रंजीता के लक्षण देख लिए? साला काबिल की पूँछ बना फिरता है। लुगाई यहाँ चाखी-सी चलाने आ गई। तुम उस कुँवरपाल को ब्याही लुगाई की तरह कब तक चिपकाए फिरोगे? रहेगा तो साला ढेड़ ही। दोनों का किस्सा खतम। भरो तुम तो पर्चा।''** [14] लेकिन सारंग पर इस व्यंग्य का कोई असर नहीं पड़ता है और वह अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती जाती है। गाँव की स्त्रियों को संगठित करती हुई राजनीति के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर आगे आती है। औरतों को उनका हक दिलाने तथा गाँव की उन्नति के लिए वह संघर्ष के मार्ग की ओर चलती है। साथ ही सारंग अपने पति के बदले हुए स्वभाव को सही रास्ते पर लाने में भी सक्षम होती है, **''बंद किवारों तक मुँह ले गए रंजीत। परिचित गंध अपनेपन का एहसास जगा रही है। सिर टेक दिया किवाड़ पर आँखें मूँद लीं। लगा कि चलते चाक पर बैठे हैं।''** [15]

इस तरह 'चाक' उपन्यास में चित्रित सारंग एवं रेशम के स्त्री चरित्रों के माध्यम से लेखिका ने नारी मनोविज्ञान की जीवंत अभिव्यक्ति प्रस्तुत की है, जो स्त्रियों के सशक्त व जुझारू चरित्रों को रेखांकित करता है। ❑

संदर्भ सूची :

(1) आधुनिक असामान्य मनोविज्ञान (Modern Abnormal Psychology), अरूण कुमार सिंह, Creative Publication दिल्ली, प्रथम संस्करण - 2001 ई., पृष्ठ संख्या - 125

(2) वही, पृष्ठ संख्या - 126

(3) वही, पृष्ठ संख्या - 127

(4) सम्मेलन पत्रिका, अधिवेशन अंक-16 भाग-93, संख्या - 4, पृष्ठ संख्या - 162

(5) चाक, मैत्रेयी पुष्पा, राजकमल प्रकाशन नयी दिल्ली, प्रथम संस्करण -1997 ई., पृष्ठ संख्या - 8

(6) वही, पृष्ठ संख्या - 21

(7) मैत्रेयी पुष्पा रचना संचयन, सं. सुशील सिद्धार्थ, किताबघर प्रकाशन नयी दिल्ली, प्रथम संसकरण - 2016 ई., पृष्ठ संख्या - 81

(8) चाक, मैत्रेयी पुष्पा, राजकमल प्रकाशन नयी दिल्ली, प्रथम संस्करण -1997 ई., पृष्ठ संख्या - 19

(9) आदमी की निगाह में औरत, राजेंद्र यादव, राजकमल नयी दिल्ली, पहला संस्करण - 2006 ई., पृष्ठ संख्या - 16

(10) समकालीन हिंदी उपन्यास समय से साक्षात्कार, डॉ. एलाड.बम विजयलक्ष्मी, राधाकृष्ण नयी दिल्ली, पहला संस्करण - 2006 ई., पृष्ठ संख्या-84

(11) मैत्रेयी पुष्पा, चाक, राजकमल प्रकाशन नयी दिल्ली, प्रथम संस्करण - 1997 ई. , पृष्ठ संख्या - 325-326

(12) वही, पृष्ठ संख्या - 328

(13) वही, पृष्ठ संख्या - 328

(14) वही, पृष्ठ संख्या - 407

(15) वही, पृष्ठ संख्या - 435

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

कार्बी लोकसाहित्य में प्रकृति

नफीसा अहमद

सहायक प्राध्यापिका
रूपही महाविद्यालय, नगांव, असम
संपर्क : मोहखुली, नगांव
असम-782003
मो. 8099159632
ई-मेल : na635937@gmail.com

शोध सार :

'कार्बी' असम की एक उल्लेखनीय पहाड़ी जनजाति है। कार्बी लोक साहित्य पहाड़ी जीवन और परिवेश की मनोरम झाँकी प्रस्तुत करता है। इनका श्रवन-पठन श्रोता व पाठकों को देशकाल का अतिक्रमण कर नैसर्गिक पहाड़ी वातावरण और जीवन से रूबरू कराने में सक्षम है। इनके गीत, गाथा, कथा व मुहावरे-लोकोक्तियों में अभिव्यक्त जीवनशैली प्राकृतिक सौंदर्य से ओतप्रोत है। अपने सुख-दुख, आह-कराह, हर्ष-विषाद, प्रेम-ममता, उत्थान-पतन सर्वस्व प्रकृति को साथ लिए गतिमान हैं। प्रकृति केवल इनकी आश्रयदाता और पालनकर्ता ही नहीं है, इनके सृजनात्मकता का भी प्रेरणास्रोत है।

बीज शब्द :

असम, जनजाति, प्रकृति, पारिपार्श्विकता, भौगोलिक स्थिति, जीव-जंतु, पहाड़ी, प्रेम, जंगल।

मूल आलेख :

विश्व के प्राय: सभी जनजातीय समुदाय प्रकृति के निश्च्छल गोद में ही पलते-बढ़ते आए हैं। इनका निवास स्थान अपने में ही जैव-विविधता, प्राकृतिक संपदाओं का अकूत भंडार स्वरूप है। तुलनात्मक रूप से अविकसित तथा पारंपरिक दृष्टि से जीवन निर्वाह करने वाली जनजातियों का जीवनबोध और विचार खासतौर पर अपने पारिपार्श्विक भौगोलिक परिवेश एवं उसके विविध उपादानों से ही संबद्ध रहता है। पूर्व मानव की तरह जंगल-पहाड़ के नैसर्गिक गह्वर में जीवन यापन तथा प्रकृति के विविध उपादानों से लगातार संस्पर्श का ही परिणाम है कि जनजातीय समूह के साहित्य, कला और संस्कृति में प्रकृति का सहज उद्वेलन देखने को मिलता है। जनजातीय समुदाय में प्रकृति के इसी प्रभाव को ध्यान में रखकर पूर्वोत्तर की मंगोलीय जनजाति कार्बी के लोक साहित्य को परखने का प्रयास इस आलेख में किया जा रहा है। भाषातात्विक दृष्टि से 'तिब्बत बर्मीय' भाषागोष्ठी के कुकि-चीन

शाखा से संबद्ध 'कार्बी' समुदाय मेघालय, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश और बांग्लादेश के कुछ इलाकों के अतिरिक्त असम के कार्बी आंग्लोंग, गोलाघाट, दरंग, नगांव, कामरूप आदि जिलों में रहता है। कार्बी जनजाति की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के संदर्भ में खोज करते हुए विद्वानों ने इन्हें तिब्बत, तत्कालीन पूंजा और नङकुलार के पहाड़ी इलाके, चीन के चालविन उपत्यका ,चीन आराकान पार्वत्यमाला आदि से जोड़कर देखा है। विविध पहाड़-पर्वतों के बीच पल-बढ़कर असम की ओर आने वाली कार्बी मूलत: एक पहाड़ी जनजाति के रूप में ही जानी जाती है। विविध पर्वत-पहाड़ों तथा कलंग, कपिली, डिमुंग, आमरेंग, बरापानी, लंगनित जैसे नदी-झरनों तथा इन स्थलों में उपलब्ध स्थानीय जीव-जंतु , पेड़-पादपों के सान्निध्य में ही इनके साहित्य का अंकुरण-पल्लवन होता आया है। पारिपार्श्विक भौगोलिकता के प्रभावस्वरूप इस जनजाति का हृद स्वरूप मौखिक साहित्य 'पहाड़ी प्रकृति' रूपी रज से स्पंदित मालूम पड़ता है। इस संदर्भ में जयंत दास अपने शोधालेख में कहते हैं - The tribe has lived geographically an insular life amidst nature. Various phenomena of nature ,various forms ,colours and contours of countryside, it's flora and founa, tranquility of nature ..are the basis of the folk literature of the tribe.[1] कार्बियों में प्रचलित 'रङकेकिम' अर्थात गाँव सजाने के गीत में कहा गया है-

''चिफङनाङकिम पारेननि
चिफङपालाङहे कप्लिङ
लाङहे ल'आलि थकक्रि
इरू आलाङहे आबि
नुतुन नूने वाङजेङनि'' [2]

भावार्थ : कपिली नदी में घाट बनाकर दो पंक्तियों में गाँव सजाया है, नदी के घाट के लिए पथ सजाया है, घाट में दरिकना (एक छोटी मछली) का सिलसिलेवार झुँड भरा पड़ा है। स्थानीय पर्वत-पहाड़ , झील-झरनों के नैसर्गिक वातावरण को शब्दों में भरकर उसके माध्यम

से हृदयाभिव्यक्ति के अनेकानेक उदाहरण कार्बी लोक साहित्य में देखने को मिलता है। एक कार्बी युवक द्वारा कार्बी युवती को संबोधित कर गाए जाने वाले गीत की कुछ पंक्तियाँ इस प्रकार से हैं–

''निस के रूपजिली राङन
देखा हुमदुम के मानसेरन
कुलेङके आलङप्र द'अ
जिली सुन हाइहे रा ताङद
थारे ने जुदुन आलामम
जिली नाङसुनतन नाङआज
आनपर के दखा लङलेल
आनसि रूपजिली राङन
आबि सुनदून लाङिआज
आरलङके दङप्लुन पाङथाइ अ
क्लएल आसिलि जिस
जिली बाङचजाक आअतद
देखा के रिदुनदे राम द
हुनचत आबारे आज
निस के रूपजिली राङन
पुसि नाङदखा ले लङप
जिली ने नाङइङजिन देतल'' [3]

ओ प्रिय सोणजनी (आदरसूचक संबोधन) जिली, सिर्फ 'मानसेरन' (एक स्थानीय छोटी-सी मछली) ही पकड़ पा रही हो क्या! कुलेङ नदी में छोटे-बड़े बहुत पत्थर हैं। सावधानी से उतरना। नहीं तो तुम्हें एक मछली भी नहीं मिलेगी। अरे! ये क्या! मेरी बातें सुनते ही तुम तो पानी में ही उतर गई ..अब देखो पत्थर पर फिसलकर गिर गई न। तुम्हारे मेखेला-मेथनि (वस्त्र) भी खिसक गए। अरे सोणजनी, तुम तो मछली पकड़ना छोड़कर वापस जा रही हो! शरमा गई क्या? नदी के किनारे से इस तरह तुम्हें वापस जाते देख मेरे मन में दया उमड़ रही है...।)

'अककिप्रु' (मछली पकड़ने का उत्सव) के दौरान गाए जाने वाले एक गीत की कुछ पंक्तियों पर ध्यान दीजिए –

''लङजुन अककिप्रु
दुङनाडने अम्फु
नाङचन उन ए लङप्र
के चङहङकक मेमु'' [4]

इन पंक्तियों का भावार्थ यह है कि लङजु (एक निर्दिष्ट स्थानीय घाट) में 'अककिप्रु' का आयोजन हुआ है। पर हे स्वर्णिम कपोलों वाली मेरी प्रिया, तुम्हें जाने की जरूरत नहीं। तीव्र प्रवाह वाली नदी के पत्थरों को लाँघकर तुम नहीं जा पाओगी। इन गीत पंक्तियों में हम कार्बियों से संबंध रखने वाले स्थानीय नदी, मछली आदि का नाम ही केवल नहीं सुनते, बल्कि इनसे ओत-प्रोत कार्बी लोक जीवन के सहज स्वरूप से भी अवगत होते हैं। कैसे पत्थर भरे निश्च्छल नदियों के जल में भीगना, तैरना, कलकलाहट भरे जलप्रवाह से चंचल मछली पकड़ना आदि उनके जीवन का एक अविच्छिन्न अंग है। प्रेमी द्वारा प्रेमिका को 'इन परिस्थितियों का सामना नहीं कर पाओगी या नहीं कर पा रही हो' इस प्रकार का उद्बोधन इन गीतों को और अधिक प्रभावी बनाने का काम करता है। कार्बी लोकगाथा 'हाई -लङ' के प्रेमकाव्य के संदर्भ में एक विद्वान ने कहा है- ''हाइ काव्यत उमरासि जुरित जिमान विषाद भरा अनुभूतिरे काव्यर आत्माक उपलब्धि करिब पारि सिमानेइ आमतारपेङ नइ खनर माजेरे हाई लङर शैशवर मधुरता उपलब्धि करिब पारि'' [5] (उमरासि झील के माध्यम से एक ओर जहाँ हाई काव्य की आत्मा और उसके विषाद भरे अनुभूति को महसूस किया जा सकता है, वहीं आमतारपेङ नदी के माध्यम से हाइ-लङ के शैशवावस्था की मधुरता को अनुभव किया जा सकता है।) इस प्रेमकाव्य की कुछ पंक्तियाँ इस प्रकार से हैं, जहाँ बालक लङटेरण बालिका हाई से कहता है–

''आमतारपेङआपाम
मिलि इंथु फ्लान
वाले जुइदाम नाङ'' [6]

(चलो आमतारपेङ के रेत में हम खेलने चले..)

इसके अतिरिक्त जंगली कपोतक जैसे कई पक्षियों

तथा शिमलु, मदार आदि पुष्पवान पेड़ों का कार्बी लोक संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। जंगली कपौतक इनके लिए एक ओर जहाँ प्रेमी और परलोकगामी आत्मीयजन का संदेशवाहक है, वहीं इसका कलपता हुआ मद्धम स्वर जीवन की वेदना का प्रतीक है। प्रकृति से जुड़े इन विश्वासों का भावविह्वल कलात्मक प्रस्फुटन हम इनके गीतों में देख सकते हैं। एक गीत की कुछ पंक्तियाँ देखिए, जिसमें प्रिया के वियोग में पहले से ही आकुल कार्बी हृदय, मुरली बाँस की अगियारे बैठे जंगली कपोतक को कलपता सुन सवाल करता है–

''माहिन फराजाङ
सिमलीर थुङलाङबाङ
नांजु कातेराम
ने जु पाताल नाडफान
सामि बङआफान तङ
स रूनए किबान
मारि थुङलाडबाङ'' [7]

ओ कपोतक, तुम क्यों इतना कलप रही हो? क्या तुम इससे मेरी प्रियतमा की अस्वस्थता का संदेश मुझे देना चाहती हो। बसंत ऋतु के आगमनोपरांत विविध पुष्पित पेड़ों का या अन्य जीव-जंतुओं को आलंबन, उद्दीपन सजाकर मनोरम भावाभिव्यक्ति की अनेक उदाहरण भी इनमें सुलभ है-कुछ पंक्तियाँ इस प्रकार से हैं–

''मडवेपि नाङले
फारकङपेन फारसे
काङथु चिबाते
लासि ने सेडवे
इंजारजि मन ए
सेङसिबेर उन ए'' [8]

(बसंत ऋतु का आगमन हो रहा है। शिमलु के साथ मदार भी फूलने लगा। इन रक्तरंजित पुष्पों से लदे पेड़ों को देख मेरा मन भी उड़ान भरने लगा है। हे प्रिया मन को मैं बाँध नहीं पा रहा हूँ)। झूम खेत में अकेला बैठा प्रेमी मन मधुमक्खी को अपने पास गुनगुनाता देख भी गा उठता है–

''ने साम्पुङवेत जा
नाङकाडवाई जेवे
नाङतिनकोक नाङसे
कारजूटोन नेके
चारसाकलोक कुबे'' [9]

(हे प्रिया! झूम खेती के खलिहान में अकेले बैठे हुए क्षण में एक मधुमक्खी पास गुनगुनाने लगी। प्रिया उसकी गुनगुनाहट मुझे तुम्हारी ही मधुर स्वर प्रतीत हो रहा था। उसका स्वर मुझे तुम्हारी स्वर का ही स्मरण करा रहा था। कोर के डंडे में हाथ टिकाकर आत्मा हारा हुए मैं उसी के गीत को सुने जा रहा था। मगन हुए जा रहा था।)

'रोमीर' प्रेमकथापरक गीतों की कुछ पंक्तियाँ देखिए–

हुन मेलान केवान
रूप अरे तत फ्लान
रोमीर सेर आथान
नाङमेककृ वेन बान
नेसेङमाथा दाम'' [10]

(चांदी वर्णा ओस बूँदों को कोहरों ने बुला लाया है। हे प्रिया! वे बूँदे मुझे तुम्हारे ही अश्रु बूँद मालूम पड़ रहे है।) इसके अतिरिक्त कई सारे ऐसे गीत हैं, जो कार्बियों के जीवन में प्रकृति के महत्वपूर्ण प्रभाव को दर्शाते हैं। चमांकान के दौरान गाए जाने वाले एक गीत में गायक मृतात्मा को स्वर्ग का राह दिखाने की कोशिश करता हुआ कहता है-हे आत्मा पृथ्वी को भूलकर तुम यमदेवता की ओर प्रस्थान करो। जाते-जाते तुम्हें पिंद पहाड़ मिलेगा। लेकिन उसके पुष्पों को तुम मत तोड़ना। उसके बाद चलिङ और देङकुर नामक दुर्गम पहाड़ों को अतिक्रम कर मकिन्दन पहाड़ मिलेगा ..फिर तुम पाओगे कि तुम्हारे परदादा कपोतक वेश में आकर तुम्हें स्वर्ग पथ पर लिए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त नवदंपति को आशीर्वाद देने के लिए आम तौर पर भारतीय समाज में राधा–

कृष्ण, राम-सीता की उपमा देते हुए आशीर्वचन कहे जाते हैं। वहीं कार्बियों के 'आदाम आचार' के दौरान गाए जाने वाले एक गीत का उल्लेख इस संदर्भ में किया जा सकता है, जिसमें नवदंपति को 'पक्षियों के कलरव से भरे सदाबहार झील' की तरह जीवनाधिकारी बनने का आशीर्वाद दिया जाता है। अन्य समुदाय की तरह कार्बियों के 'असकेबेइ आलुन' (शिशुओं के मनोरंजन संबंधी गीत) में चाँद, तारे, सूरज, जुगनू आदि का सामान्य उल्लेख मात्र नहीं है, बल्कि कार्बियों के जीवन में प्रकृति का जो प्रभाव है उसका मनोरम छाप भी नजर आता है। उदाहरण के तौर पर एक गीत की निम्न पंक्तियाँ उल्लेखनीय हैं, जिसमें एक कार्बी माता कहती है-

''एजाङपो मानदंड
मालोंङआफुलुम
देङदङपाङरेङक्रोम
सुरिर रोइदून'' [11]

अर्थात् मेरा बेटा जंगल साफ करना, पेड़ काटना सीख चुका है, पहाड़-पर्वत में चढ़ जाता है। वह हजार किलो अनाज झूम खेती में उठा सकता है। इसके अतिरिक्त अन्य समुदाय की तरह कार्बी जनजाति के मध्य ऋतु संबंधी गीतों का प्रचलन भी अत्यंत सुलभ है। इस संदर्भ में कार्बी वसंतोत्सव 'बतर किकुर' के दौरान गाए जाने वाले गीतों का उल्लेख विशेष रूप से किया जा सकता है। पुरजोर वर्षा की कामना लिए कार्बी लोग इन

गीतों का राग जोड़ते हैं। हालाँकि ये गीत सामूहिक रूप से या किसी भी सामान्य व्यक्ति द्वारा नहीं गाया जाता है। 'काथार बुरा' रूपी विशेष व्यक्ति को ही इसके गान का अधिकार होता है। गीत इस प्रकार से है–

चि चि माङनेङनेङ

चि चि नाङहाङजेङ

वान बर रूवे हाङजेङ

इन पंक्तियों के माध्यम से 'काथार बुरा' जिलियों (एक विशेष कीट जो खासकर संध्या के बाद मधुर शोर करता है) को संबोधित करते हुए गाता है, हे मौसम की वार्तावाहक जिलियो! तुम लोग अपने गीतों के झंकार से वर्षादेवी को धरा में ले आओ। फिर 'क्रकचूर' पक्षी को संबोधित करते हुए आगे 'काथार बुरा' गाता है–

क्रकचुर मा क्रकचुर

क्रकचुर नाङकेकुर

वाङबतर नाङचिङथुर

बर रूये नाङकुर

अर्थात् हे क्रकचुर पक्षी! तुम अपने मधुमय स्वर से वर्षादेवी को धरती पर ले आओ। फिर मेंढक को संबोधित करते हुए गाया जाता है–

''हाङज वाङबतर सारप

रामनङआपरल

पिनिरानि फ

दान दि पि एतल'' [12]

अर्थात्, हे भोकराज! तुम भी अपने अमृतमय राग जोड़कर वर्षा देवी को पृथ्वी पर ले आओ।

दरअसल जिलि, क्रकचुर पक्षी, मेंढक आदि जीवों को लेकर कार्बियों में यह विश्वास है कि इनका वर्षा ऋतु के साथ खास आत्मीय संबंध है। इनमें वर्षा के गंध और स्पर्श से आप्लुत होने की आतुरता है। इसलिए वे इन्हीं जीवों का हवाला देकर समस्त प्राणीजगत और माँ वसुंधरा को सजल बनाने की कामना लिए गीत गाते हैं।

लोककथा : किस्से-कहानियाँ सदियों से लोक समाज में मनोरंजन और शिक्षा का माध्यम रही है। बाघ, मेंढक, मयूर, बंदर आदि जैसे विविध पशु-पक्षियों का व्यापक प्रयोग अन्य समुदायों की तरह कार्बी लोककथा में भी देखने को मिलता हैं। 'मिस'रङप पेनचङह काल'स' (चींटी और मेंढक), वरामपी (मयूरपक्षी), सेर वकेक (स्वर्णिम तोता), किपिप पेनचितुङप(बंदर और कछुआ) आदि कहानियाँ केवल कार्बी समाज की कल्पना कपोलता, शैशवानुकूल मनोरंजन को ही नहीं दर्शातीं, बल्कि यह भी दिखाती हैं कि ये जीव-जंतु उनके लिए आश्चर्यकर वस्तु कतई नहीं हैं, बल्कि उनके जैसे ही प्राणपूर्ण हैं। उन्हीं के बीच के हैं। उन्हीं के अपने जैसे हैं।

कार्बियों के मध्य प्रचलित किवंदंतिपरक कथा 'बामन किरिप और पुत्र सामबेप' में हम मानव और घड़ियाल जैसे जीव के बीच मधुर संबंध का उद्वेलन देख सकते हैं। हम देखते हैं कि सामबेप, घड़ियाल की निरंतर सहायता से यमपुरी में स्थित अपने माता-पिता से मिल पाता है। घड़ियाल की सहायता के उपहारस्वरूप सामबेप घड़ियाल को आशीर्वाद देता है कि कार्बी लोग ईश्वर की पूजा, स्वर्गगामी माता-पिता के श्राद्धानुष्ठान में पठित मंत्र-श्लोक में घड़ियाल का नाम अवश्य लेंगे। कार्बियों में प्रचलित जीव-जंतु संबंधी कथाएँ कल्पना कपोल होते हुए भी अपने आप में सार्थक भाव लिए हुए हैं। ये कथाएँ हम मनुष्य को अन्य जीवकूलों के साथ सामंजस्यपरक सहानुभूतिपूर्ण जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित करती हैं। उनके दुख या उनके योगदानों को समझने-सराहने के लिए प्रेरित करती हैं।

लोकगाथा : लोकगाथाओं की दृष्टि से कार्बी लोक साहित्य पर्याप्त समृद्ध है। 'साबिन आलुन' (जनजातीय रामकथा) हाई, रोमिर जैसी प्रेमपरक लोकगाथाओं के अतिरिक्त कार्बी के प्लांग (कार्बियों की उत्पत्ति), लखी केप्लांग (धान की उत्पत्ति), बेङकेप्लांग (मछली की उत्पत्ति), लो केप्लांग (केले के पेड़ की उत्पत्ति), थाप केप्लांग (बाखर की उत्पत्ति) जैसी अनेक लोकगाथाओं से इनका लोक साहित्य भरा है, जो मानव और मानवेत्तर जीव-जगत के बीच आलौकिक अपितु रुचिकर संबंधों को उद्भाषित करती हुई नजर आती हैं। 'हाई-लङ' के

प्रेमकाव्य में हम पाते हैं कि लङ के प्रेम में समर्पित हाई अंततः मृत्यु को प्राप्त करते हुए समस्त संसार को शीतल करने वाली वर्षा देवी की मर्यादा को प्राप्त करती है। 'लो केप्लांग' में हम पाते हैं कि सृष्टिकर्ता की बेटी अपनी कई पुत्रियों के साथ धरती पर उतरती है। साथ लाती है ढेर सारे केले और भुट्टे का बीज। तभी धरती के बहुत सारे हिरण, चूहा, पक्षी आदि उनकी पुत्रियों से विवाह करने को लालायित होते हैं। अतंतः शर्तानुसार पक्षी सबसे तेज गति से केले और भुट्टे के बीजों को चारों तरफ फैलाकर उनकी पुत्रियों से विवाह करने में सफल होते हैं। 'बेङ केप्लाङ' के अनुसार कारेङ और काले नामक दो बहनें अचानक आमतारपेङ नदी में डूब कर मछली का रूप पा जाती हैं। 'बङ सिम बङ दाम केप्लांग' और 'थाप केप्लांग' के अनुसार सृष्टिकर्ता ने अपनी पुत्रियों को क्रमशः बीज और पक्षी रूप में कार्बियों के बीच भेजा था। प्राणवान पौधे के बीज रूप में धरती में समा कर विधाता की पुत्रियों ने एक ओर जहाँ चपल लता का आकार लेकर कालक्रम में कद्दू आकार के फल दिए, जिसका उपयोग कार्बी लोग मदिरा रखने के पात्र में करने लगे। वहीं पक्षी आकार में धरती पर आने वाली विधाता की पुत्रियों (कङ और सिङ) की सुगंधमय विष्ठा से 'बाखर' (कार्बी लोग मदिरा बनाने में इसका उपयोग करते हैं) बनाने की कला का विकास कार्बियों में हुआ।

कार्बियों की उत्पत्ति संबंधी कथा 'कार्बी केप्लांग' के अनुसार पृथ्वी के सृजन के बाद ब्रह्मदेव ने महसूस किया कि पृथ्वी बहुत खाली और निर्जीव लग रही है। इस खालीपन को दूर करने के लिए उन्होंने पेड़-पौधों और अन्य छोटे-बड़े जीव जंतुओं का सृजन किया। फिर उन्होंने स्वर्ग से पृथ्वी की ओर देख कर महसूस किया कि पृथ्वी अब सुंदर तो हो गई है, पर अभी भी कुछ कमी है! इस कमी की पूर्ति के लिए उन्होंने वप्लाकपि पक्षी के अंडों से खासीया, असमिया, नगा, कार्बी आदि जनजातियों का सृजन किया।

लोकसुभाषित : कार्बियों ने अपने भौगोलिक पारिपार्श्विक स्थिति में रचा-बसा कर ही लोकसुभाषितों के समृद्ध खजाने को गढ़ा है, जिस वजह से प्रकृति का स्पर्श कार्बी लोकसुभाषितों में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। हम देखते हैं कि अंग्रेजी के "Something is better than nothing" या असमिया के 'नाइ मोमाइतकइ कना मोमाइ भाल' अर्थात मामाविहीन होने से अच्छा है एक अंधे मामा का होना। इस प्रकार के भाव की अभिव्यक्ति के लिए कार्बियों ने मछली, केकड़ा आदि का प्रयोग उचित समझा और "Ave Ong te chehe ta ok" (जब मछली नहीं तो केकड़ा ही सही) जैसा मुहावरा गढ़ा। ठीक इसी प्रकार अंग्रेजी में जिस भाव की अभिव्यक्ति "Might is right" के रूप में की गई है, उसी समान भाव की अभिव्यक्ति कार्बी जनमानस Nanghili ri thokvam ke ati (अर्थात् भालू अगर बोले कि वह अंडा देता है तो यह मान लो, उससे बहस मत करो) रूप में किया है।

इसके अतिरिक्त कार्बियों में प्रचलित पहेलियों के संदर्भ में धरमसिङ तेरण कहते हैं कि "Generally the riddles start with words like pirthe /hem tibinpi le..etc.Which translate to 'in the shadows of earth..forest,river etc."[13] उदाहरण के तौर पर कुछ पहेलियों का उल्लेख किया जा सकता है-

''इंगनाम कि इकपि आजो
वो इकपि पेन वो इकपि
लाङके एर जूनबोम राम दो
ला के कोटि लो आसो'' [14]

अर्थात् घने जंगलों की छाया में काले वर्ण की पक्षी जोड़ा लाल पानी पी रहा है, वह छोटी-सी चीज क्या है? (जुआं)

''इंगनाम टिबिनपि ले
रेंचो आसेर आहारलोङ
केङदो दोकोक कोपिलो'' [15]

अर्थात् घने जंगलों की छाया में राजा का सुनहरा प्याला अपने पैरों पर खड़ा है (मशरूम)।

''लङरोइ टिबिनपि ले
सेर आटारसो आहि आथाक
मिथोङक्राङबिकोक कोपिलो''[16]

अर्थात् एक बड़ी नदी की छाया में बिछे स्वर्ण चादर पर चक्का घूम रहा है (केकड़ा)।

''इंङनाम टिबिनपि ले
रेचो आसो अकेंङअवे अरि अवे
केचोटा अदे पेन केदामता अदे पेन कपिलो'' [17]

अर्थात् घने जंगल की छाया में बिना हाथ पैरों वाला राजकुमार जीभ से खाना खाता है और चलता है (घोंघा)।

निष्कर्ष : निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि कार्बी लोक साहित्य की विविध विधाएँ प्रकृति के मनोरम स्पर्श से भरपूर हैं। लोक गीतों में एक ओर जहाँ प्रकृति का कलात्मक और लयात्मक प्रवाह सुलभ है, वहीं लोककथा और गाथाओं में मानव और मानवेत्तर के मध्य रोमांचक अपितु सरल संबंधों का संगुम्फन। कार्बियों में युग-युगांतर से प्रवाहित लोकोक्तियों, मुहावरे भी प्रकृति का सपाट अपितु पैने स्पर्श से इस जनजाति के प्रकृति के सान्निध्य को ही अभिव्यक्त करती नजर आते हैं। ❑

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. Jayanta, Das, Folk Literature of the Karbis of Assam:A study,Gauhati University, 2015, page no-82
2. देबेन, गोगोई, कार्बि लाङपिर गीत, रङमिलि बुक स्टॉल,1994, पृ. संख्या-70-71
3. बिदर, सिङक्रङ कार्बी संस्कृतिर अन्वेषण, सांस्कृतिक परिक्रमा विभाग,कार्बी आङलङ स्वायत्तशासित परिषद, डिफू, 2015, पृ. संख्या -115
4. मल्लिका, बोला, कार्बि आरू डिमासा लोक उत्सव एटि तुलनामूलक अध्ययन, गुवाहाटी विश्वविद्यालय, 2018, पृ. संख्या-243
5. देबेन, गोगोई, कार्बि लाङपिर गीत, रङमिलि बुक स्टॉल, 1994, पृ. संख्या-178
6. वही पृ,संख्या-178
7. विश्वज्योति, हाजरिका, रङबङतेराङर प्रबन्ध संकलन (प्रथम खण्ड), आंगिक प्रकाशन, 2016, पृ. संख्या-3
8. देबेन, गोगोई, कार्बि लाङपिर गीत,रङमिलि बुक स्टॉल, 1994, पृ संख्या-81
9. वही, पृ. संख्या-80
10. वही, पृ. संख्या-143
11. Jayanta, Das, Folk Literature of the Karbis of Assam:A study, Gauhati University, 2015, page no-157
12. मल्लिका बोला, कार्बि आरू डिमासा लोक उत्सव एटि तुलनामूलक अध्ययन, गुवाहाटी विश्वविद्यालय, 2018, पृ.-240
13. Dharamsing, Teron, Karbi Studies (vol 2)Assam book Hive, panbazaar, Guwahati, 2011, page no-51
14. वही, पृ. संख्या 49
15. वहीं, पृ. संख्या 50
16. वहीं, पृ. संख्या 50
17. वहीं, पृ. संख्या 50

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

हिंदी आलोचना में अभिव्यक्त दलित समाज का प्रतिबिंब

अजीत कुमार

शोध छात्र, हिंदी विभाग
पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय (नेहू),
शिलोंग, मेघालय-793022
मो- 9077078917
ईमेल-ajitk1134@gmail.com

शोध सार :

वर्तमान सदी की हिंदी आलोचना में दलित समाज का सजीव चित्रण दिखाई देता है। आज की आलोचना में भारतीय समाज के साथ दलित समाज का चित्रण किन रूपों में हुआ है उसको भी आप देख पाएँगे। भारतीय समाज में दलित समाज की स्थिति क्या रही है उसे भी आप जान सकेंगे। भारतीय सामाजिक व्यवस्था के प्रारम्भिक दौर को भी समझ सकेंगे। मानव विकास के क्रम को दिखाने का प्रयास किया गया है। वर्तमान सदी की हिन्दी आलोचना के माध्यम से दलित समाज में उत्पन्न समानता और असमानता का दिग्दर्शन भी देख सकेंगे। राजनीति के माध्यम से दलित समाज का उत्थान कैसे हो इसे भी जान सकेंगे। वर्तमान सदी की हिन्दी आलोचना दलित साहित्य की प्रासंगिकता को समझ सकेंगे। इस लेख का उद्देश्य दलित, गैर-दलित आलोचक और आलोचना की पृथकता बताने का नहीं है, अपितु वर्तमान सदी की हिंदी आलोचना में दलित समाज की समस्या और संवेदना प्रलक्षित हो रही है कि नहीं, वह है।

बीज शब्द :

हिंदी आलोचना, दलित समाज, भारतीय सामाजिक व्यवस्था, सभ्यता, समानता-असमानता, कुकृत्य, अलगाव, पार्थक्य, उत्पीड़न, राजनीति।

मूल आलेख :

भारतीय सामाजिक व्यवस्था की जड़ें एक प्राचीन सभ्यता के विकास क्रम का द्योतक हैं। यह बात जब भी उभरती है तो एक की प्रक्रिया हमारे समक्ष उद्धृत होती है। इस विकास क्रम में जो भी व्यवस्था कार्य कर रही थी, उसमें किसी ने किसी को अवरोध नहीं पहुँचाया, बल्कि एक-दूसरे का हाथ थामे एकता की अनुपम मिसाल

प्रस्तुत की। भारतीय सामाजिक संरचना में विभिन प्रकार के पार्थक्य देखने को मिल जाएँगे। इस पार्थक्य के बावजूद यह अपनी सामाजिक व्यवस्था को गतिशीलता प्रदान करती रही है। अनेक बोलियों और संस्कृतियों को अपने आप में समेटे हुए एक सुदृढ़ व्यवस्था को जीवित रखा और यहीं इसकी खासी महत्ता रही। ऐसा माना जाता रहा है कि भारतीय सामाजिक व्यवस्था एक सभ्यता की उपज है। इस सभ्यता का संबंध सिंधु घाटी से माना जाता है। मोहनजोदड़ो और हड़प्पा की खुदाई के पश्चात इसका प्रमाण मिलता है। भारतीय सामाजिक व्यवस्था में सिंधु घाटी की सभ्यता को विकसित सभ्यता माना जाता है। प्रसिद्ध इतिहासकर चाइल्ड का इस संदर्भ में विचार दृष्टव्य है, ''गलियों की सुंदर तरतीब और नालियों की बहुत बढ़िया व्यवस्था और उनकी बराबर सफाई इस बात का संकेत देते हैं कि बाढ़ों की वजह से बार-बार बनीं इमारतों की तैयारी के समय भी नगर निर्माण के और सड़कों की कतारों की रक्षा करने के लिए नियम का पालन होता था।''[1] यह प्राचीन विकसित सभ्यता का उदाहरण है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि उस समय में नगर की बनावट किस प्रकार और कैसी थी।

भारतीय सामाजिक व्यवस्था का एक अभिन्न अंग दलित समाज भी है। वैसे तो भारतीय सामाजिक संरचना में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र को रखा गया है, किंतु इस व्यवस्था के अंतर्गत आदिवासी समाज भी आता है, जिसको शूद्र की श्रेणी में ही माना जाता है। दलित समाज को सामाजिक व्यवस्था के क्रम में चौथे पायदान पर रखा गया और यहीं से इसकी दासता की कहानी प्रारंभ होती है। दलित समाज के लिए यह नियम बना दिया गया कि वो बाकी तीनों समुदाय की सेवा आदि करेगा। यह विडंबना भारतीय समाज को खोखली करती रही फिर भी यह समाप्त नहीं हो पाई। इस रूढ़ी को समाप्त करने के लिए अंबेडकर से पहले कई समाज सुधारकों ने प्रयास किए। राजा राममोहन राय ने भारतीय समाज में रह रहे दलित समाज को न्याय देने के लिए धर्म में व्याप्त दोषपूर्ण विधियों को खत्म करने का प्रयास किया। किंतु अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि यह पूर्णत: समाप्त नहीं हो पाया। इस क्रम में परमहंस सभा का भी नाम जुड़ता है। परमहंस सभा ने मुंबई में 1840 में यह प्रयास किया कि जाति व्यवस्था समाप्त कर दी जाए। किंतु परमहंस सभा के प्रति विरोध इतना बढ़ा की वह चाह कर भी इसे समाप्त न कर सकी। जाति प्रथा उन्मूलन के संदर्भ में केशवचन्द्र और विवेकानंद का भी प्रयास सरहनीय रहा है। ये दोनों भी चाहते थे कि जाति प्रथा समाप्त हो। केशवचन्द्र का तो कहना था कि इसका निवारण अंतर्जातीय विवाह से ही होगा। केशवचन्द्र सेन का इसे कहने के पीछे कारण यह था कि अंतर्जातीय विवाह की संख्या बढ़ती है तो जाति प्रथा खुद-ब-खुद कमजोर होती जाएगी और जब कमजोर होगी तो धीरे-धीरे समाप्त भी हो जाएगी। विवेकानंद तो मानते थे कि अगर हिंदू धर्म को जीवित रखना है तो जाति व्यवस्था को अति शीघ्र समाप्त करना होगा।

महात्मा गांधी भी अस्पृश्यता निवारण के पक्षपाती थे। ''अस्पृश्यता-निवारण आंदोलन को और धारदार एवं व्यापक बनाने के लिए गांधी जी ने उसी वर्ष यानी 1932 में ही जो दूसरा महत्वपूर्ण कार्य किया, वह था अंत्यजों को मंदिर प्रवेश करने का अधिकार दिलाना। वस्तुत: आस्तिकता के अखाड़े में सवर्ण आस्तिकता का होश दुरुस्त करने के लिए गांधीजी ने एक अत्यंत कारगर हथियार के रूप में हिंदू-मंदिर में अछूतों के प्रवेश का आंदोलन चलाया।''[2] भारतीय राजनीति में महात्मा गांधी जी का कद क्या रहा है यह आज भी भली-भाँति सब जानते हैं। भारतीय समाज में गांधी जी ऐसे पुरुष हुए, जिसे सब वर्ग के लोगों ने अपनाया ही नहीं, बल्कि उनकी एक-एक बात को अपने भीतर उतारा भी। महात्मा गांधी जी भारतीय सामाजिक संरचना की बुनावट को बहुत अच्छी तरह पहचानते थे। यही कारण है कि वे हमारे समाज में जड़ जमाई हुई जाति-पाति और छुआ-छूत के भेद-भाव को खत्म करना चाहते थे। उनकी व्यक्तिगत चाह थी कि भारतीय समाज ऊँच-नीच के भाव को मिटाकर एकजुट हो जाए ताकि भारतीय समाज एक ऐसा समाज बने, जिसका अनुकरण विश्व करे। महात्मा गांधी जी का अस्पृश्यता निवारण कितना सफल हुआ, नहीं हुआ, यह तो बाद की बात है। किंतु एक बात तो इससे स्पष्ट हो ही जाती है कि अस्पृश्यता

निवारण को लेकर भारतीय जनमानस में चेतना अवश्य आई हुई दिखाई पड़ती है।

सामाजिक न्याय को लेकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का उल्लेखनीय योगदान रहा है। सामाजिक न्याय की लड़ाई वे आजीवन लड़ते रहे। ''दलित-वर्ग का स्पर्श या दलित-वर्ग के व्यक्ति का स्पर्श भ्रष्ट कर देता है, मुसलमानों का नहीं। व्यापार और उद्योगों में मुसलमानों पर कोई प्रतिबंध नहीं, जबकि दलितों पर है। मुसलमानों पर हीनता का कलंक भी नहीं लगा हुआ है, जैसा दलितों पर लगा है। परिणामस्वरूप मुसलमान इस बात के लिए स्वतंत्र हैं कि जैसे चाहे पहनावा पहनें, जैसे चाहे रहें और जैसे चाहे करें। दलितों को यह छूट नहीं है। कोई दलित आर्थिक सामर्थ्य होने के बावजूद अपना पैसा खर्च करके गाँव वालों से अच्छा वस्त्र नहीं पहन सकता। उन्हें झोपड़ी में ही रहना पड़ेगा। कोई दलित उत्सव आदि पर भी अपने धन और ऐश्वर्य का अधिक प्रदर्शन नहीं कर सकता। उसका दूल्हा बारात में सड़कों पर घुड़सवारी नहीं कर सकता। जो रीति-रिवाज उसके लिए बनाए गए हैं, उन्हें तोड़ने पर उन्हें पूरे गाँव का कोप-भाजन बनना पड़ेगा। जिसके बीच वह रहता है।'' [3] सामाजिक न्याय दलितों को कैसे मिले इसको लेकर अंबेडकर सदैव सचेत और संघर्ष करते रहे। अंबेडकर के प्रयास का ही परिणाम है कि कई जगहों पर दलित समाज को न्याय मिल पा रहा है। एक और विशेष मुद्दे को लेकर बाबा साहब का संघर्ष जारी रहा। अंबेडकर समानता की भावना सभी वर्ग के लिए चाहते थे। ''बाबा साहब बराबर इस बात पर जोर देते रहे कि सभी धंधों में पिछड़े वर्गों, विशेषकर दलित-वर्गों को स्थान मिलना चाहिए। यदि संभव हो तो सभी सरकारी नौकरियों में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए। विधानसभाओं में दलितों, अनुसूचित जातियों, जनजातियों को सही प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। उन्होंने यह सोचकर ही दलित छात्रों के लिए देशी-विदेशी छात्रवृत्तियों के मसले को उठाया और संघर्ष किया। वे साफ कहते थे कि दलित बच्चे जीवन-भर सवर्णों की चिलम भरने का काम ही न करते रहें। वे शिक्षक, वैज्ञानिक, डॉक्टर बनें ताकि उनमें शिक्षा के विकास से आत्मविश्वास पैदा हो। वे सभी क्षेत्रों में अपने पैरों पर खड़े हो सकें। समाज में अस्पृश्यता की हालत यह थी कि शिक्षित विद्वान अंबेडकर से भी सवर्ण समाज भेदभाव करता था। गांधी जी से यह शिकायत उन्होंने की है।'' [4] एक और उद्धरण से दलित समाज कि आर्थिक और सामाजिक असमानता के प्रश्न को समझा जा सकता है, ''दलित आर्थिक और सामाजिक दोनों क्षेत्रों में विषमता के शिकार हैं।'' [5] दलित साहित्य का ध्येय सामाजिक न्याय का भी है, ''नया दलित-विमर्श समतामूलक, शोषण-मुक्त, आत्म-सम्मानपूर्ण, छुआछूत रहित समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई देता है।''[6] आज के दलित साहित्य का मंतव्य यही है। सामाजिक न्याय एवं समानता दलित समुदाय को दिलाने के लिए अंबेडकर जी जैसे महान व्यक्ति आजीवन संघर्ष करते रहे।

दलित साहित्यकार और साहित्य पर सबसे ज्यादा प्रश्न उठे हैं। यह कितना सही है कितना गलत इसका मूल्यांकन तो बाद की बात है। किंतु कोई भी साहित्य अपने आप में अच्छा ही होता है। कभी-कभी किसी खास चीज का विरोध करते-करते हम सही को भी गलत कहने लगते हैं। दलित साहित्य अपने आप में अपने भीतर एक बहुत ही भयंकर पीड़ा को समेटे हुए हैं, जोकि कालांतर से चलता आ रहा है। दलित साहित्य की महत्ता को परिभाषित करते हुये चौथीराम यादव लिखते हैं, ''दलित साहित्य कलावादी सौंदर्यशास्त्र का मोहताज नहीं है। वह कलावादी विरोधी, मनुष्य-केंद्रित और जीवनवादी साहित्य है, जिसके समुचित मूल्यांकन के लिए दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र भी लिखा जा रहा है। इसलिए उस पर कला-सौंदर्य विहीनता और एकरसता का आरोप लगाना व्यर्थ है।'' [7] चौथीरम राम का स्पष्ट मत है कि दलित साहित्य पर किसी भी प्रकार का आरोप लगाना व्यर्थ है और यह सही भी है। दलित साहित्य के प्रति फिजूल विरोध के बहस नकार का दिग्दर्शन प्रतिबद्धता की नई जमीन में देखने को मिलता है, ''दलित व्यक्ति का मन, हृदय, आत्मा, चेतना, बुद्धि और स्वभाव आग में जलते ऐसे अनमोल तत्व हैं, जिनका असली स्वरूप आज तक प्रत्यक्ष हुआ ही नहीं। दलित हृदय के कोने-कोने से घाव की तरह रिसते

आँसुओं की थाह लेने का आज तक कोई पैमाना नहीं बना। दलित मनुष्य वह वृक्ष है, जिसकी शाखाओं को काट डाला गया है, जड़ों को खोखला कर दिया गया है।'' [8] कवि, कहानीकार एवं युवा आलोचक भरत प्रसाद त्रिपाठी की यह स्थापना दलित साहित्य और दलित संवेदना के गहराई को आत्मसात किए हुए है। वर्तमान समय में विरले ऐसे एक दो आलोचक हैं, जो दलित संवेदना और प्रासंगिकता को समझ पाए हैं। उनमें एक भरत प्रसाद भी हैं। भरत प्रसाद एक ऐसे आलोचक हैं, जिनकी लेखनी में तटस्थतता और ईमानदारी दिखाई देती है।

दलित समाज सदियों से कुछ कार्य करते आ रहा है, जो आज भी विद्यमान है। दो कार्यों को लेकर दलित समाज के प्रबुद्ध वर्ग और नेतागण लामबंद हैं। पहला डांगर (मारे हुए मवेशी) उठाने की प्रथा और दूसरा सौर कमाना (अर्थात नार वियान प्रसूति)। मरे मवेशी को उठाना तो कम हो गया है, किंतु गाँव घर में आज भी सौर कमाने की प्रथा प्रचलित है। ''दलित नेता और कार्यकर्ता दो प्रश्नों को लेकर लामबंद थे- डांगर (मरे मवेशी) उठाने की प्रथा पर रोक लगाना और सौरी कमाने (नार वियान-प्रसूति से जुड़े कार्य) की परंपरा बंद करवाना।'' [9] नार वियान प्रसूति की परंपरा को अब हर कोई नर्स के रूप में निभा रहा है। राजनीतिक एकजुटता ने दलित समाज को मजबूत बनाया। अंबेडकर कहा करते थे कि जिस समाज में राजनीतिक चेतना आती जाएगी वह समाज निरंतर आगे बढ़ता जाएगा। यह तथ्य दलित समाज पर भी लागू होता है। डॉ. सूर्यनारायण रणसुभे द्वारा संपादित पुस्तक 'दलित चेतना की पहचान' में दलितों की राजनीतिक चेतना दिखाई देती है। ''बाबा साहब राजनीति को समाज परिवर्तन का एक सशक्त माध्यम मानते थे। दलितों को सत्ता की सीढ़ी पर पहुँचना चाहिए, ऐसी उनकी मान्यता थी। सत्ता के सारे सूत्र दलितों के हाथों में आएँ, वह व्यवस्था को संचालित करने का मुद्दा रखे, ऐसी उनकी धारणा थी।''[10] राजनीतिक सामूहिकता दलितों में बहन कुमारी मायावती और कांशीरम के आने के बाद और भी बढ़ती है। ''लेकिन बसपा की इस जोरदार सफलता का एक दूसरा पहलू भी है, जो पिछले दो-तीन वर्षों से उभर कर सामने आ रहा है। 1996 और 18 के चुनावी आँकड़े बताते हैं कि बसपा ने हरियाणा, पंजाब, उप्र और मप्र में सात साल से लेकर बीस प्रतिशत वोट हासिल किए हैं।'' [11] यह दलित समुदाय की राजनीतिक एकजुटता का सबब है। दलित समाज की एकजुटता का ही परिणाम है कि बसपा जैसी पार्टी आज पूरे देश में जानी जाती है। वर्तमान समय की राजनीतिक पार्टियाँ इनकी सामूहिकता को देखकर ही इनका वोट पाने के लिए नवीन हथकंडे अपना रही हैं। ''देश की राजनीति केवल संसद और विधानसभाओं तक सीमित नहीं है। समाज में घटित होने वाली गुटबंदी, निम्न स्तर की जाति, संप्रदाय, धर्म और भाषा आदि की राजनीति को दलित कथाकारों ने अपने कथा-साहित्य में प्रकारांतर से दर्ज किया है। इनके सारतत्व का अध्ययन करना समीचीन होगा। अस्तु, प्रस्तुत अध्याय में कथा-रचनाओं में समाहित राजनीतिक चेतना से संबद्ध प्रसंगों के माध्यम से इस तरह की रचनात्मकता को रेखांकित कर विवेचन करने का प्रयास किया जाएगा।'' [12] दलित समाज को केवल संसद और विधानसभाओं की राजनीति की समझ नहीं रखनी होगी, अपितु सम्यक रूप से वर्तमान राजनीति को समझना होगा, तब जाकर दलित साहित्य और मजबूत होगा।

दलित साहित्य और दलित समाज दोनों का ध्येय स्वतंत्रता और समता पर टीका हुआ है। समाज की बुनावट का जो प्रमुख तत्व होता है समता, बंधुत्व और स्वतंत्रता - उसी को अपनाकर दलित साहित्य चल रहा है। इसका दिग्दर्शन दलित साहित्य वेदना और विद्रोह में चित्रित हुआ है, ''दलित-साहित्य का स्वतंत्रता और समता के चेतना से निर्माण हुआ है और इसी कारण अनिवार्य रूप से हिंदू धर्म तथा उसके द्वारा मान्यता प्राप्त जाति संस्था के विरोध की प्रतिक्रिया साबित होती है।'' [13] किसी भी कार्य को अगर ईमानदारी और पूरी प्रतिबद्धता से किया जाए तो उसका परिणाम सही ही निकेलगा। दलित साहित्य वास्तव में एक प्रतिबद्ध सर्जना है। इस संदर्भ में बजरंग बिहारी तिवारी का विचार समीचीन है, ''समाजवादी समाज व्यवस्था की स्थापना की चेतना से लैस होकर दलित आंदोलन में ईमानदारी और प्रतिबद्धता से काम किया जाए तो दलित

सभी प्रकार के शोषण से मुक्त हो सकते हैं और उनका उद्धार होने से कोई रोक नहीं सकता है।'' [14] दलित साहित्यकार वर्ग को अपने यथार्थ को पूरे मजबूती के साथ पकड़े रहना है। यही उनके उद्धार का कारक साबित होगा। अपनी निष्ठा को नियमित माजते रहने से एक-न-एक दिन दलित साहित्य संपूर्ण साहित्य को मार्गदर्शन का कारक भी साबित हो सकता है।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि वर्तमान सदी की हिंदी आलोचना में दलित जीवन का सजीव चित्रण देखने को मिलता है। आज की हिंदी आलोचना अपनी संपूर्ण प्रतिबद्धता के साथ दलित समाज का प्रतिनिधित्व करती हुई दिखाई देती है। दलित समाज से जुड़े अनेक प्रश्नों को सिर्फ उठा ही नहीं रही, अपितु उसके समाधान का भी मार्ग प्रशस्त कर रही है। दलित जीवन की समानता और असमानता के मुद्दे को भी रेखांकित करती नजर आ रही है। वर्तमान राजनीतिक मुद्दे की शिनाख्त कर उससे जुड़े जटिल प्रश्नों को भी उजागर कर रही है। दलित साहित्य समता, समानता और बंधुत्व को अपने अंदर समाहित किए हुए है। वर्तमान सदी की हिंदी आलोचना दलित उत्पीड़न जैसे भयावह कुकृत्य को प्रतिबिंबित करने का कार्य कर रही है। वर्तमान सदी के दलित आलोचक के साथ-साथ गैर-दलित आलोचक की आलोचना में भी दलित समाज की समस्याओं का दिग्दर्शन देखने को मिल रहा है। ❑

संदर्भ ग्रंथ सूची :

1. दोषी, एस.एल., जैन, पी.सी. - भारतीय सामाजिक व्यवस्था, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, जयपुर, 2014, पृ. सं. 4
2. सिंह भगवान - गांधी और दलित भारत-जागरण, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2010, पृ. सं. 75
3. पालीवाल कृष्णदत्त - उत्तर आधुनिकता की ओर, प्रकाशन मण्डल, नई दिल्ली, 2016, पृ. सं. 155
4. वही, पृ. सं. 151
5. तिवारी बजरंग बिहारी - जाति और जनतंत्र दलित साहित्य का उत्पीड़न का वर्तमान, साहित्य संस्थान, लोनी गाजियाबाद, उप्र. पृ. सं. 36
6. पालीवाल कृष्णदत्त - उत्तर आधुनिकता की ओर, प्रकाशन मंडल, नई दिल्ली, 2016, पृ. सं. 167
7. यादव चौथीरम - उत्तरशती के विमर्श और हाशिए का समाज, अनामिका पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स प्रा. लि. नई दिल्ली, 2014 पृ. सं. 10-11
8. प्रसाद भरत - प्रतिबद्धता की नई जमीन, प्रतिश्रुति प्रकाशन, कोलकाता, 2018, पृ. सं. 29-30
9. तिवारी बजरंग बिहारी - जाति और जनतंत्र दलित उत्पीड़न का वर्तमान, साहित्य संस्थान, लोनी, गाजियाबाद (उप्र.), पृ. सं. 32
10. रड़सुभे डॉ. सूर्यनारायण - दलित चेतना की पहचान, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 2014, पृ. सं. 174
11. दुबे सं. अभय कुमार - आधुनिकता के आईने में दलित, वाणी प्रकशन, नई दिल्ली, 2008, पृ. सं. 271
12. 'मीनू' रजत रानी - हिन्दी दलित कथा-साहित्य : अवधारणाएँ और विधाएँ,अनामिका पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, प्रा. लि. नई दिल्ली, 2010, पृ. सं. 197
13. लिंबाले सं. शरणकुमार - दलित साहित्य वेदना और विद्रोह, वाणी प्रकाशन, 2010, पृ. सं. 239
14. तिवारी बजरंग बिहारी-जाति और जनतंत्र दलित उत्पी]न का वर्तमान, साहित्य संस्थान, लोनी, गाजियाबाद (उप्र.) पृ. सं. 85

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

आलेख

आदिवासी साहित्यकार पीटर पॉल एक्का के कथा-साहित्य में अभिव्यक्त आदिवासी जीवन-संघर्ष

('पलास के फूल' उपन्यास के विशेष संदर्भ में)

पूजा पॉल

शोधार्थी (पीएच.डी, हिंदी विभाग
राजीव गांधी विश्वविद्यालय
अरुणाचल प्रदेश-
मो : 9101173387
ईमेल-pujapaullanka@gmail.com

शोध सारांश :

आदिवासी साहित्यकार पीटर पॉल एक्का का स्थान कथा-साहित्य में अग्रणी है। हिंदी कथा-साहित्य की उपन्यास विधा के माध्यम से पीटर पॉल एक्का ने पाठकों का ध्यान केन्द्रित किया है। उन्होंने अपने सभी उपन्यासों में आदिवासी को केंद्र में रखा है। उनके उपन्यासों में आदिवासी जीवन से संबंधित प्राय: सभी समस्याओं को विस्तार से चर्चा किया गया है। खासकर देश स्वाधीन होने के बाद विकास की लहर ने आदिवासियों के जीवन पर परिवर्तन लाना शुरू कर दिया। इस प्रकार के परिवर्तन ने आदिवासियों के जीवन में संघर्ष निरंतर बढ़ता ही जा रहा है। पीटर पॉल एक्का द्वारा रचित पलास के फूल उपन्यास में मूलत: आदिवासी जीवन-संघर्ष पर केन्द्रित है। इस उपन्यास में विकास का दुष्प्रभाव, आदिवासियों के प्राण स्वरूप जल, जंगल और जमीन का विनष्टीकरण, मजदूर बनते आदिवासी, विस्थापन की समस्या, बेरोजगारी की समस्या, शोषकों द्वारा शोषित होते आदिवासी, अस्मिता और अस्तित्व का चिह्न मिटते आदिवासियों के जीवन-संघर्ष की गाथा को यथार्थ ढंग से चित्रित किया ग्रया है। पलास के फूल उपन्यास सरकारी योजनाओं के मूल उद्देश्य से बहुत दूर एवं आडंबरपूर्ण विकास का पर्दाफाश करने में सफल माना जाता है।

बीज शब्द :

आदिवासी, उपन्यास, पीटर पॉल एक्का, समस्या, जीवन, संघर्ष, कथा साहित्य, पलास के फूल इत्यादि।

मूल आलेख :

झारखंड के आदिवासी साहित्यकार पीटर पॉल एक्का हिंदी साहित्य में अपना मौलिक योगदान देने के लिए जाने जाते हैं। हिंदी साहित्य में कथा साहित्य के अंतर्गत कहानी और उपन्यास नामक विधा में अपनी

एक अविस्मरणीय छाँप छोड़ी है। इनके कुल चार उपन्यास हैं 'जंगल के गीत', 'पलास के फूल', 'मौन घाटी' और 'सोन पहाड़ी'। पलास के फूल उपन्यास सन् 1982 में प्रकाशित है। 'पलास के फूल' पीटर पॉल एक्का का पहला उपन्यास है। आदिवासी जीवन-संघर्ष पर केन्द्रित पलास के फूल उपन्यास आदिवासी जीवन की आंतरिक-बाह्य समस्याओं को बहुत ही मार्मिक ढंग से चित्रित किया है। आधुनिकता के दौर में हमारा देश भी स्वाधीन होने के बाद भागीदारी लेने लगा। हमारे भारत को उन्नति एवं विकास के पथ पर लाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण सरकारी योजना बननी शुरू हो गयी। आदिवासी समाज की सर्वोपरि भलाई सरकारी योजनाओं का मूल उद्देश्य रहा है। सरकार के द्वारा बनाया गया योजना असफल होता ही अत्याधिक नजर आता है। भू-मंडलीकरण और आधुनिकीकरण के प्रभाव ने आदिवासियों का जीवन अत्यधिक संकट पूर्ण बना दिया है।

आनंद कुमार पटेल जी 'पलास के फूल' उपन्यास के सम्बन्ध में कहते हैं कि **'पलास के फूल' उपन्यास में झारखंड के आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विशिष्टता के साथ-साथ उनकी समस्याओं को भी देखने की कोशिश की गई है। पलायन, विस्थापन, खत्म होते जंगल, अस्तित्व से जूझते आदिवासियों की पीड़ा को दर्शाया गया है'** [i] 'पलास के फूल' उपन्यास आदिवासी जीवन पर केन्द्रित है। उपन्यास की शुरुआत ही गाँव में सड़क, पुल बनाने की सरकारी योजना को सफल बनाने के लिए आदिवासियों से जी तोड़ मेहनत कराते हुए दिखाया जाता है। मजदूरी करने के दौरान जवाबदार उन पर शोषण चलाते हैं। आदिवासियों से अत्याधिक काम लेना, पगार कम देना, मजदूरी करने के दौरान अगर कोई दुर्घटना हो जाए तो सहायता न करना, कोई आदिवासी शारीरिक रूप से दुर्बल भी हो जाए उससे भी क्षमता के बाहर काम निकलवाना चाहते हैं। एक बुजुर्ग मजदूर इंजीनियर आनंद से कहते हैं कि **'हाँ साब। आधा मजूरी देता है, पूरे पगार पर ठप्पा लगवाता है। पूरा काम लेता है, ओभर टेम भी करवाता है। अपने लोगों को काम पे लगाता, हमको छोड़ देता है'** [ii] किसान से मजदुर बनते आदिवासियों के संघर्षमय जीवन की सच्ची घटना को उजागर किया गया है ङ्क

आदिवासी पुरुषों का नशाखोरी करने का स्वभाव ने इन लोगों के जीवन को और अधिक संघर्षपूर्ण बना दिया है। गाँव में दारु की दूकान खुलने के कारण घर के सभी मर्द अपने दिन भर की कमाई को दारु पीने में उरा देते। **'ये आदिवासी घर, खेत, खलिहान सब बेच देंगे पर पीएंगे जरूर'** [iii] दारु पीकर मर्द अपनी पत्नी को पीटते और यह हर घर की कहानी बन गयी थी। घर चलाने की जिम्मेदारी आदिवासी महिलाओं को ही उठाना पड़ता। आदिवासी महिलाओं का घर के

बाहर और घर में भी शोषण करना जारी रहा। इस उपन्यास में परवती का भाई सरजू को किशोर अवस्था में ही दारू पीने की गंदी आदत लग जाती है। अकेली परवती पूरे घर को संभालने के साथ पियक्कड़ भाई का भी भार लेना पड़ता है। दारु पीने की आदत आदिवासियों के जीवन को खोखला कर देता है। उस गाँव के आदिवासी सामाजिक, आर्थिक इत्यादि समस्याओं से उन लोगों का जीवन घिर जाता है। आर्थिक समस्याओं से जूझते आदिवासी जमींदार, ठेकेदारों से कर्ज लेना बहुत घातक साबित होती है। कर्ज देने के बदले उनका भरपूर शोषण कर जमीन छींन ली जाती है। **'ऋण क्या लिया जिनगी बिक गया साब। सौ रूपये लिया था साब, अब तक चुकता नहीं हुआ। अब तीन महीने से अपना जवान लड़का-लड़की साहूजी का काम करता। फिर भी कर्जा नहीं भरता। यह तो जैसे जन्म भर का गुलाम हो गया'**[iv] ऐसे ही गाँव के ठेकेदार, जमींदार लोग गाँववालों को कर्ज के षड्यंत्र में फसाँकर धीरे-धीरे आदिवासियों का खून चूसते रहते हैं। अंत में गाँववासी ऋण से मुक्त होने के लिए अपना सर्वस्व शोषकों को सौंप देते हैं। आदिवासियों के जीवन में विस्थापन की समस्या खड़ा होने का यह भी एक महत्वपूर्ण कारण है।

गाँव में विकास की हवा चलते ही प्राकृतिक संसाधन का अत्यधिक दोहन होने लगता है। उस गाँव में आदिवासियों का जंगल ही रोजगार का माध्यम है। सरकारी कर्मचारी निजी स्वार्थ पूर्ति हेतु एवं विकास की योजनाओं के तहत आदिवासियों से रोजगार छीन लिए। शहरीकरण का प्रभाव भीतरी गाँव में भी पड़ने लगा। विकास की पटरी पर दौड़ने के लिए आदिवासियों से जमीन छीनी जाने लगी। जिस जमीन पर खेती-बारी कर अपनी रोजी-रोटी कमाते थे, वह भी आदिवासियों से छीन लिया गया। सरल शब्दों में कहा जाए तो जल, जंगल और जमीन से आदिवासियों का अधिकार छीन ली गई। इसी असमंजसपूर्ण स्थिति में आदिवासियों के पास केवल मजदूरी द्वारा जीवन-यापन करने का विकल्प रह जाता है। **'थोड़ी-सी मजूरी मिलती भोले-भाले ग्रामीण युवक-युवतियाँ अपना ही घर जंगल उजाड़ने में जोत दिए जाते। मजूरी का सवाल था, पापी पेट क्या नहीं करता है'**[v] आदिवासियों का जीवन मात्र संघर्षों से घिरा हुआ, उपन्यास में दिखाया गया है। फॉरेस्ट गार्ड गाँव में आकर अपनी स्वार्थ के अनुसार प्राकृतिक संपदा का दोहन करते हैं। आदिवासियों से जंगल का अधिकार छीन लिया जाता है। जंगल का विनाश करने के साथ ही आदिवासी महिलाओं को भोग-विलास का वस्तु के रूप में इस्तेमाल करते हैं। चाहकर भी आदिवासी इनका विरोध नहीं कर पाते। सलोमी कहती है कि **'क्या करें आनंद बाबू, हम आदिवासियों का इतना ही भाग्य है। जमींदार, सेठ, साहूकार, शहरी बाबू सभी तो तंग करते हैं हमें। जीने कौन देता है? आज हम यहाँ हैं, कल कहीं और होंगे। जंगल के जंगल, पहाड़-घाटियाँ जाने कहाँ-कहाँ भटकना होता है। सब तो भटकते ही जा रहे हैं। यहाँ से हजारों मील दूर चाय के बगानों, ईंट-भट्टों का स्वप्न कौन देखता है, वहाँ भी दबाए जाएंगे, निचोड़े जाएंगे। पर शायद दो जून की रोटी जुट जाएगी। यही हमारा धर्म हो गया है, भाग्य बन गया है।'** [vi]

विस्थापन की समस्या आदिवासियों के लिए अभिशापस्वरूप माना जाता है। गाँववासियों के सुविधा के लिए सड़क-पुल बनाने की योजना जब पूरी हो गयी तो आदिवासियों को फिर से बेरोजगारी की समस्या ने आ घेरा। यातायात-परिवहन की सुविधा तो मिल गयी, लेकिन सरकार की तरफ से दी गयी सुविधाओं को भोगने के लिए आदिवासियों को भूखे पेट मरना होगा। बेरोजगारी की समस्या के चलते गाँववालों ने अपनी भूमि छोड़ने का फैसला लिया। **'सरकारी योजनाएँ तो ज्यादातर कागजों में ही सिमट कर रह जाती हैं। दिखावे के खर्च होते रहेंगे। इन आदिवासियों का भाग्य वहीं का वहीं रह जाएगा।** [vii] गाँव के जंगल और जमीन को विनष्ट कर किये गये विकास ने आदिवासियों से अपना जंगल और जमीन का अधिकार छीन लिया। आदिवासियों को बेरोजगार करने के साथ-साथ विस्थापित होने के लिए विवश किया गया। उपन्यास के अंत में उस गाँव के आदिवासी अपना जीवन बचाने के लिए अपनी पूरी

दुनिया छोड़ उसी सड़क और पुल से निरुद्देश्य यात्रा की ओर निकल पड़ते हैं।

उपसंहार :

पीटर पॉल एक्का 'पलास के फूल' उपन्यास को यथार्थ के धरातल पर अपनी मौलिकता से रचा-बुना है। आदिवासी आलोचक गंगा सहाय मीणा ने पीटर पॉल एक्का के पलास के फूल उपन्यास के संबंध में कहते हैं कि '**इसमें आदिवासी संस्कृति के प्रामाणिक चित्रण के साथ पलायन की समस्या मार्मिक ढंग से अभिव्यक्त हुई है। उपन्यासकार विकास के नाम पर आदिवासियों को उजाड़ने का विश्लेषण बड़ी सहजता के साथ करने में सफल हुआ है। कोई भी विकास परियोजना आने पर स्थानीय लोगों को रोजगार और सुविधाएँ देने का वादा किया जाता है, लेकिन असलियत में वह सबकुछ बाहरी लोगों द्वारा बाहरी लोगों के लिए ही होता है। उपन्यास में बताया गया है कि आदिवासी जिन जंगलों के सदियों से रखवाले हैं, उन्हें उन्हीं जंगलों से बेदखल किया जा रहा है और फॉरेस्ट गार्ड रातोंरात ट्रकों से लकड़ियाँ बाहर भेज देते हैं। उपन्यास में आदिवासी किसानों के मजदूर बनने की मजबूरी और प्रक्रिया को भी चित्रित किया गया है। आदिवासी की दृष्टि से यह उपन्यास विकास के दावों की पोल खोलता है।**[viii] यह सच माना जाता है कि सरकारी योजनाएँ अधिकतर फाइलों में ही सिमट कर रह जाती हैं। बाकी जिन योजनाओं पर काम होता है, वह भी बस दिखावा मात्र है। आदिवासियों के विकास एवं उन्नति के लिए बनायी गयी योजनाएँ धरी की धरी ही रह जाती हैं। योजनाओं से जुड़े अन्य सरकारी या गैर-सरकारी लोग अपने व्यक्तिगत हितों को प्राथमिकता देकर योजना के कामकाज को निपटा देते हैं। अत: सरकारी योजनाओं का लाभ आदिवासियों तक पहुँच नहीं पाता है। देश के विकास के लिए बनायी गयी योजनाओं ने आदिवासियों का जीवन तहस-नहस कर दिया है। आदिवासियों के पारंपरिक जीवन-प्रणाली, अस्मिता-अस्तित्व पर प्रश्न चिह्न खड़ा होना, आदिवासियों का जीवनस्वरूप जल, जंगल और जमीन से अधिकार छीन जाने का दर्द, प्राकृतिक संपदाओं का अत्यधिक दोहन, बेरोजगारी की समस्या, विस्थापन का दंश झेलना, किसान से मजदूर बनते आदिवासी, आदिवासियों का निरंतर शोषण किया जाना और खासकर आदिवासी महिलाओं का यौन-शोषण जैसी समस्याओं का उल्लेख उपन्यास में बखूबी हुआ है। यह उपन्यास आदिवासियों के जीवन में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक पहलुओं की समस्याओं से घिरा हुआ संघर्षपूर्ण जीवन का दस्तावेज है। आदिवासियों के जीवन-संघर्ष की दर्द भरी गाथा में कोई सुधार परिलक्षित नहीं होता है। अत: पलास के फूल उपन्यास में अभिव्यक्त आदिवासी जीवन-संघर्ष की गाथा आज के समय में भी प्रासंगिक है। ❑

संदर्भ सूची :

i. आनंद कुमार पटेल, आदिवासी संवेदना और पीटर पॉल एक्का के उपन्यास, सत्य भारती प्रकाशन, 2020, पृष्ठ 75
ii. पीटर पॉल एक्का, पलास के फूल उपन्यास, पृष्ठ 3
iii. पीटर पॉल एक्का, पलास के फूल, सत्य भारती प्रकाशन, 2012, पृष्ठ 39
iv. पीटर पॉल एक्का, पलास के फूल, पृष्ठ 30
v. पीटर पॉल एक्का, पलास के फुल उपन्यास, पृष्ठ 32
vi. पीटर पॉल एक्का, पलास के फुल उपन्यास, पृष्ठ 58
vii. पीटर पॉल एक्का, पलास के फूल, पृष्ठ 58
viii. गंगा सहाय मीणा, आदिवासी चिंतन की भूमिका, अनन्य प्रकाशन, 2017, पृष्ठ 75

ISSN 2321-4945
UGC CARE Listed Journal
RNI NO. ASSBIL/2009/31008

প্রবন্ধ

মামণি ৰয়ছম গোস্বামীৰ আত্মকথা ‘আধালেখা দস্তাবেজ’ৰ ভাষিক বিচাৰ

(ভাষা মিশ্রণ আৰু ভাষা সঞ্চৰণৰ তাত্ত্বিক ধাৰণাৰ আধাৰত)

বনশ্রী নাথ

গৱেষক, অসমীয়া বিভাগ
গুৱাহাটী বিশ্ববিদ্যালয
জালুকবাৰী, পিন - ৭৮১০১৪
ম'বাইল ঃ ৬০০৩৫৫৭২৫৬
ই মেইল ঃ banashri654@gmail.com

ড° উপেন ৰাভা হাকাচাম

অধ্যাপক, অসমীয়া বিভাগ
গুৱাহাটী বিশ্ববিদ্যালয
জালুকবাৰী, পিন - ৭৮১০১৪
ম'বাইল ঃ ৮৬৩৮৬৫৯৫৫৬
ই মেইল - urhakacham@gmail.com

সাৰাংশ ঃ

ভাষা মিশ্রণ আৰু ভাষা সঞ্চৰণ বহুভাষিক পৰিবেশৰ এটা সাধাৰণ ভাষিক পৰিঘটনা। নির্দিষ্ট এটা ভাষাৰে মত বিনিময় কৰি থাকোতে মুখামুখী কথনত বিষয় আৰু পৰিস্থিতি সাপেক্ষে ভাৰ প্রকাশ কৰি থকা মূল ভাষাটোৰ লগত অন্য ভিন্ন ভাষা ব্যৱহাৰ কৰাৰ দৰে লিখিতভাৱে প্রকাশ কৰা ভাৱৰ ক্ষেত্রতো বহুসময়ত বিষয় আৰু পৰিস্থিতিয়ে বিচৰা মতে এটা মূল ভাষাৰ লগত অন্য ভাষাৰ ভাষিকসমল ব্যৱহাৰ কৰা হয়। এই ক্ষেত্রত ভাষিক, সামাজিক আৰু ভাষাৰ লগত জড়িত অন্য আনুসংগিক কাৰকে প্রভাৱ পেলায়। সেইবাবে সাহিত্য পাঠতো সধাৰণ কথনৰ দৰে ভাষাৰ ব্যৱহাৰ দেখা যায়। সাহিত্য পাঠত ব্যৱহাৰ হোৱা ভাষাৰ এনে বিশেষত্বৰ এপৰত ভিত্তি কৰি ভাষাৰ গাঠনিক বিশ্লেষণ কৰিব পাৰি। আত্মকথাত সাধাৰণতে লেখকে সাধাৰণ জীৱনৰ অভিজ্ঞতা আৰু ঘটনাপ্রবাহ বর্ণনা কৰে। সেইবাবে সাধাৰণ জীৱনত ব্যৱহাৰ হোৱা ভাষিক শৈলীৰ প্রভাৱ এনে লেখাত পৰাটো স্বভাৱিক। সাধাৰণ কথনত হোৱা ভাষা সঞ্চৰণ আৰু ভাষা মিশ্রণৰ প্রভাৱকো এইধৰণৰ লেখাত নুই কৰিব নোৱাৰি। এই অধ্যয়নত ভাষা মিশ্রণ আৰু ভাষা সঞ্চৰণৰ তাত্ত্বিক ধাৰণাৰ গাঠনিক আৰ্হিৰ আধাৰত মামণি ৰয়ছম গোস্বামীৰ আত্মকথা ‘আধালেখা দস্তাবেজ’ৰ ভাষিক বিশ্লেষণ কৰা হ’ব। এই দিশত প্রভাৱ পেলোৱা সামাজিক আৰু অন্য আনুসংগিক কাৰকসমূহো বিশ্লেষণ কৰা হ’ব।

বীজশব্দ ঃ ভাষা, আত্মকথা, ভাষা সঞ্চৰণ, ভাষা মিশ্রণ ইত্যাদি।

১.০০ অৱতৰণিকা ঃ

কথনত ব্যৱহাৰ হোৱা ভাষা বক্তা আৰু শ্রোতাৰ পাৰস্পৰিক বুজা-বুজি আৰু দক্ষতাৰ ভিত্তিত নির্বাচিত হয়। মানুহে ইজনে-সিজনৰ লগত মত বিনিময় কৰোতে বিষয়ৰ প্রসংগ আৰু শ্রোতাৰ ভাষিক দক্ষতা অনুযায়ী ভাষা সংযোগ কৰে। কথা কবলৈ তথা ভাৱ প্রকাশ কৰিবলৈ বক্তাই বিষয় আৰু পৰিবেশভেদে ভাষা নির্বাচন কৰি লয়। নির্বাচিত মূল ভাষাটোৰে নির্দিষ্ট ভাৱ প্রকাশ কৰিবলৈ অপৰাগ হ’লে তেওঁৰ দক্ষতা থকা অন্য ভাষাৰ পৰা ভাষিক উপাদান সংযোগ কৰি ভাৱক পূর্ণ ৰূপ দিয়ে। নির্বাচিত মূল ভাষাটোৰ লগত সংযোগ কৰা অন্য

